**सुविचार**

मनुष्य इस संसार में अकेला ही जन्मता है और अकेला ही मर जाता है। एक धर्म ही उसके साथ-साथ चलता है, न तो मित्र चलते हैं और न बांधव। कार्यों में सफलता, सौभाग्य और सौंदर्य सब कुछ धर्म से ही प्राप्त होते हैं।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



शादी के अफवाहों से परेशान हुईं तापसी

Ranchi • Friday, 15 March 2024 • Year : 02 • Issue : 58 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 73,097.28 |
| निफ्टी | : | 22,146.65 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,220 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**माह-ए-रमजान**



इफ्तार (शुक्रवार) : 06.03
सेहरी (शनिवार) : 04.44

**BRIEF NEWS**

### रांची के बेड़ो में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**RANCHI :** जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजारटांड सब्जी मंडी में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की देर शाम हुई। यहां अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। सब्जी मंडी में मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए ग्रामीण एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि शंकर उरांव नाम के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चाकुलिया व पोटका में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास आज

**JAMSHEDPUR :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 15 मार्च को पूर्वी सिंहभूम जिला आएंगे, जिसमें वे चाकुलिया व पोटका प्रखंड में डिग्री कॉलेज शिलान्यास करेंगे। दोनों कॉलेज कोल्हान विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे। पोटका प्रखंड मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर 11.40 बजे और चाकुलिया के मारदाबांध स्टेडियम मैदान में दोपहर 1.15 बजे से होगा। इस दौरान मंत्री (ग्रामीण कार्य विभाग व पंचायती राज विभाग) आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावा सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय (जमशेदपुर पूर्वी), रामदास सोरेन (घाटशिला), मंगल कालिंदी (जुगसलाई), समीर महंती (बहरागोड़ा) व संजीव सरदार (पोटका) भी आमंत्रित किए गए हैं।

### मस्क के रॉकेट का तीसरा टेस्ट करीब-करीब सक्सेसफुल

**NEW DELHI :** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का तीसरा टेस्ट करीब-करीब सक्सेसफुल रहा। इसे 14 मार्च को शाम 6:55 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था। स्टारशिप को स्पेस में ले जाने के बाद 7.59 बजे हिंद महासागर में लैंड करना था, लेकिन पृथ्वी के वातावरण में रीएंट्री के बाद जब रॉकेट 65 किलोमीटर ऊपर था तब उसका संपर्क टूट गया। दुनिया के तीसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रॉकेट को बनाया है।

## ईडी रेड में 35 लाख कैश व नकली स्टांप बरामद

# विधायक अंबा, योगेंद्र व अंकित को ईडी का नोटिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** गुरुवार को ईडी ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और अंकित राज को ईडी ने नोटिस भेजा है। जानकारी के मुताबिक ईडी ने पूछताछ के लिए तीनों को दो सप्ताह के बाद रांची स्थित कार्यालय में बुलाया है। बता दें कि बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, इनके रिश्तेदारों समेत 20 ठिकानों पर हुई छापेमारी में ईडी को 35 लाख रुपए कैश मिले थे। इसके अलावा डिजिटल उपकरण, अंचल कार्यालयों एवं बैंकों के नकली स्टांप समेत अन्य सामान बरामद किए गए थे। सोशल मीडिया एक्स पर ईडी ने जानकारी दी है कि ईडी की रांची टीम ने पीएमएलए-2002 के प्रावधानों के तहत झारखंड के पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव, बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, उनके परिवार के अन्य सदस्यों और सहयोगियों के रांची और हजारीबाग में कुल 20 स्थानों पर 12 मार्च 2024 को छापेमारी की गयी थी। ईडी द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर दी गयी जानकारी के मुताबिक आपराधिक गतिविधियों जैसे जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध बालू खनन, जमीन पर कब्जा करना समेत अन्य मामलों की शिकायत पर कार्रवाई की गयी थी। इस दौरान करीब 35 लाख कैश, डिजिटल उपकरण, अंचल कार्यालयों एवं बैंकों के नकली स्टांप, हाथ से लिखी रसीदें/डायरियां समेत विभिन्न अवैध दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इनमें बालू के अवैध खनन से जुड़े दस्तावेज भी शामिल हैं। सभी को बरामद कर जब्त कर लिया गया है।

- ईडी ने तीनों को पूछताछ के लिए दो सप्ताह के बाद रांची स्थित कार्यालय में बुलाया
- विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 20 ठिकानों पर हुई थी छापेमारी
- अंचल कार्यालयों व बैंकों के नकली स्टांप, हाथ से लिखी रसीदें/डायरियां भी बरामद







- वसूली, अवैध बालू खनन व जमीन पर कब्जा को लेकर ईडी ने अंबा प्रसाद से जुड़े लोगों के 20 ठिकानों पर मारा था छापा

### योगेंद्र साव का बेटा अंकित राज बालू के अवैध कारोबार में शामिल

योगेंद्र साव का बेटा अंकित राज बालू के अवैध कारोबार में शामिल है। बताया जाता है कि उसके ठिकानों पर छापेमारी शुरू होने से पहले वह अपने कार्यालय से कुछ दस्तावेज लेकर भाग गया। इसके बावजूद उसके ठिकाने पर हुई छापेमारी के दौरान बालू की अवैध खरीद-बिक्री से संबंधित बहुत से रजिस्टर जब्त किये गये हैं। अंकित राज या योगेंद्र के किसी पारिवारिक सदस्य के पास बालू घाट की बंदोबस्ती या उसके व्यापार के वैध दस्तावेज नहीं हैं। दस्तावेज की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अंकित राज काफी पहले से बालू का अवैध कारोबार करता आ रहा है। बालू के अवैध व्यापार से हुई आमदनी का दूसरे क्षेत्र में निवेश किया गया है। ईडी को जांच-पड़ताल के दौरान यह भी जानकारी मिली है कि बालू के अवैध कारोबार को विधायक अंबा प्रसाद का संरक्षण था। जिला प्रशासन द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों के थाने से भगा देने के आरोप में विधायक के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज है।

### 15 से अधिक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच

ईडी ने योगेंद्र साव, उनके परिवार के सदस्यों और उनके सहयोगियों के खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज 15 से अधिक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि योगेन्द्र साव, अंबा प्रसाद अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न प्रकार की आपराधिक गतिविधियों जैसे जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध बालू खनन, जमीन पर कब्जा आदि में शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।

### हजारीबाग में भी दस्तावेज के साथ हेराफेरी की आशंका

ईडी को संदेह है कि रांची की तरह हजारीबाग में भी दस्तावेज के साथ हेराफेरी हुई है। रांची में ईडी ने जांच के क्रम में पाया कि यहां जालसाजों ने अंचल कार्यालय की मिलीभगत से मूल दस्तावेज निकाला और उसमें ओवरराइटिंग कर रैयत का नाम बदल दिया। मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ के बाद जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान ईडी ने विभिन्न ठिकानों से कुल 35 लाख जब्त किये हैं। इसमें से 15 लाख रुपये गोविंदपुर (धनबाद) के सीओ शशि भूषण के घर से मिले हैं। वहीं, 11 लाख रुपये योगेंद्र साव के साले मुकेश साव के घर से बरामद किये गये हैं। ईडी ने छापेमारी के दायरे में शामिल किये गये लोगों के मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल डिवाइस भी जब्त कर लिये हैं।

## पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार पिंटू, पीके मिश्रा व प्रीति को समन

# पिंटू से 18, पीके मिश्रा से 19 व प्रीति कुमार से 20 को ईडी करेगी पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने पिंटू को 18 मार्च, डीएसपी पीके मिश्रा को 19 मार्च और प्रीति कुमार को 20 मार्च को ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने इन तीनों लोगों से अलग अलग मामले में पूछताछ कर चुकी है। झारखंड के साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में डीएसपी प्रमोद मिश्रा से छह मार्च 2023 को ईडी ने पूछताछ की थी। इससे पहले ईडी डीएसपी मिश्रा को चार बार समन भेज चुकी थी,लेकिन वे एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे। समन के खिलाफ डीएसपी प्रमोद मिश्रा झारखंड हाईकोर्ट गए, लेकिन कोर्ट ने भी उन्हें एजेंसी के सामने हाजिर होने का आदेश दे दिया। डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने बड़हरवा टेंडर विवाद, मारपीट व धमकी मामले के दो मुख्य आरोपित मंत्री आलमगीर आलम व विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को महज 24 घंटे के भीतर बिना ठोस जांच के ही क्लीन चिट दे दी थी। ईडी ने पुलिस की कई खामियों को पकड़ा और इसी मामले में उनका बयान लेना चाहती है। बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में प्रीति कुमार से ईडी पूछताछ करेगी। इससे पहले उनसे बीते 12 जनवरी को ईडी पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान पिछले साल 13 अप्रैल 2023 को बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर रेड किया था। उस दौरान भानु के घर से एक बड़े बक्से में भारी मात्रा में जमीनों के दस्तावेज मिले थे। रांची डीसी के आदेश पर इस मामले में सदर थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। ईडी को जांच के क्रम में यह जानकारी मिली थी कि कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर और कुछ को गायब कर जमीनों की हेराफेरी की गई है।

- तीनों से अलग-अलग मामलों में पूछताछ कर चुकी है जांच एजेंसी
- कोर्ट के आदेश के बाद ईडी के समक्ष हाजिर हुए थे डीएसपी पीके मिश्रा




### इधर, पुलिस का भी बड़ा एक्शन ईडी को भेजा समन, थाना बुलाया

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट की ओर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अफसरों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं लेने के आदेश के एक सप्ताह बाद झारखंड पुलिस एक बार फिर एक्शन में है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। जिन लोगों को समन भेजा गया है उनमें ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा समेत अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने 4 मार्च को इस मामले में ईडी अफसरों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने को कहा था। हेमंत सोरेन की ओर से 31 जनवरी को दर्ज करवाए गए केस को लेकर ईडी ने 5 फरवरी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यह केस उसी दिन दर्ज किया गया था, जिस दिन हेमंत सोरेन से अवैध लैंड डील केस में उनके आवास पर पूछताछ की जा रही थी। इस केस में गिरफ्तारी के बाद जेल भेज जा चुके हेमंत सोरेन ने एफआईआर में आरोप लगाया कि ईडी ने उन्हें प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को बदनाम करने के लिए दिल्ली स्थित उनके आवास पर छापेमारी की। उन्होंने कहा कि ऐसा जानबूझकर किया गया क्योंकि ईडी अधिकारी गैर-आदिवासी समुदाय से थे।



## झारखंड राज्यसभा चुनाव का आया फैसला

# डॉ सरफराज व डॉ प्रदीप वर्मा निर्विरोध निर्वाचित

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची-बीजेपी प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद झारखंड से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गयी है। गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नाम वापसी की आखिरी तारीख थी। सत्ता पक्ष व विपक्ष से दो ही प्रत्याशी थे। इस कारण इनके निर्विरोध निर्वाचित किए जाने की घोषणा कर दी गयी। झारखंड बीजेपी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को पार्टी ने राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया था। वहीं झामुमो के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद इंडिया गठबंधन से साझा उम्मीदवार बनाए गए थे। झारखंड में दो राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल तीन मई 2024 को पूरा हो रहा है। इसमें कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और बीजेपी के समीर उरांव हैं। बता दें कि समीर उरांव को बीजेपी ने लोहरदगा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। वे इससे पहले सिसई विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं। बीजेपी प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा और इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद ने 11 मार्च को राज्यसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल किया था। डॉ प्रदीप वर्मा ने उसी दिन नामांकन पत्र खरीदकर पर्चा भरा था।



### स्वास्थ्य मंत्री ने आरोपी चिकित्सा पदाधिकारी को बना दिया प्रभारी निदेशक : सरयू राय

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें आरोप लगाया है कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री (बन्ना गुप्ता) ने कार्यपालिका नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन कर आरोपी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रकिशोर शाही को प्रभारी निदेशक के पद पर पदस्थापित कर दिया है। विधायक ने मुख्य सचिव से इस दिशा में जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में राय ने कहा है कि जिस डॉ चंद्रकिशोर शाही की नियुक्ति मंत्री ने अवैध तरीके से निदेशक प्रमुख पद पर की है, उन पर गंभीर आरोप हैं। उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। इनके विरूद्ध चल रही जांच की विभागीय कार्यवाही के लिए एक चिकित्सक डॉ आरएन शर्मा को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस आशय की अधिसूचना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक ने 4 जनवरी को जारी किया है और स्वास्थ्य मंत्री ने इन्हें 7 मार्च 2024 को निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं बना दिया है।

# चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा किया जारी, 763 पेज की 2 लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड

## एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी, दूसरी में बॉन्ड की डिटेल

**AGENCY NEW DELHI :** चुनाव आयोग ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट में 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक यह डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है। एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीआई को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बॉन्ड खरीदने वालों की डिटेल्स हैं। इसमें बॉन्ड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है। दूसरी फाइल में बॉन्ड इनकैश करने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। लिफाफे में 2 पीडीएफ फाइल भी हैं। ये पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गई हैं, इन्हें खोलने के लिए जो पासवर्ड है, वो भी लिफाफे में दिया गया है।

> एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 बॉन्ड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बॉन्ड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गई।



### 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को बॉन्ड की जानकारी देने को कहा था

इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआई की याचिका पर 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआई ने कोर्ट से कहा था- बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा- पिछली सुनवाई (15 फरवरी) से अब तक 26 दिनों में आपने क्या किया? सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा- एसबीआई 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे। इलेक्शन कमीशन सारी जानकारी को इकट्ठा कर 15 मार्च शाम 5 बजे तक इसे वेबसाइट पर पब्लिश करे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी थी। साथ ही एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक इलेक्शन कमीशन को देने का निर्देश दिया था। 4 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर इसकी जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा था। इसके अलावा कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की उस याचिका पर भी सुनवाई की, जिसमें 6 मार्च तक जानकारी नहीं देने पर एसबीआई के खिलाफ अवमानना का केस चलाने की मांग की गई थी।

## अब आसमान में जमेगी अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' की लड़ाकू जोड़ी

# अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' दिखाएंगे ताकत

**AGENCY NEW DELHI :** अब अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। भारतीय वायु सेना पहले ही स्वदेशी 'प्रचंड' की पहली स्क्वाड्रन जोधपुर में स्थापित कर चुकी है लेकिन अब भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर भी 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस यूनिट के पहले हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है। भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर हासिल करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय वायु सेना पहले ही अमेरिकी कंपनी बोइंग के अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों पर भरोसा करती है, इसीलिए वायु सेना ने सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितम्बर, 2019 में आठ लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। यह शक्तिशाली और भारी हथियार ले जाने में सक्षम होने के बावजूद वजन में भारी होने की वजह से उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते हैं। इसीलिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना ने पिछले साल जोधपुर में मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' की पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई थी। इसी तरह रक्षा मंत्रालय ने 2017 में 4168 करोड़

- भारतीय सेना 15 मार्च को जोधपुर में बनाएगी अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन
- जोधपुर में पिछले साल ही स्वदेशी 'प्रचंड' की पहली स्क्वाड्रन स्थापित कर चुकी थी वायु सेना



### दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर व उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम

भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर को इस साल मई में अमेरिका से अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने की उम्मीद है लेकिन सेना 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस स्क्वाड्रन के नाम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका से मिलने वाले पहले बैच के हेलिकॉप्टरों को जोधपुर की इसी स्क्वाड्रन में तैनात किया जायेगा। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है। पाकिस्तानी सीमा पर पश्चिमी सेक्टर के जोधपुर में वायु सेना की स्वदेशी प्रचंड की स्क्वाड्रन और यहीं पर भारतीय सेना की अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की स्क्वाड्रन मिलकर काम करेगी। दोनों स्क्वाड्रन एक ही जगह पर होने से लड़ाकू अमेरिकी अपाचे और स्वदेशी प्रचंड की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी।

**पीएम स्वनिधि योजना**

### एक लाख स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम ने दिया लोन

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 14 मार्च को दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने दिल्ली के 5 हजार स्ट्रीट वेंडर्स समेत 1 लाख वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन बांटा। पीएम ने प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर की भी आधारशिला भी रखी। मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कहा कि आप हमारे आसपास ही रहते हैं। कोरोना के दौरान हमने रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत देखी है। आपके बिना रोजमर्रा की जिंदगी की कल्पना मुश्किल है। पीएम स्वनिधि स्कीम को 1 जून, 2020 को लॉन्च किया गया था। देश भर में 62 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को 10,978 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन बांटा जा चुका है। अकेले दिल्ली में लगभग 2 लाख लोन बांटे गए हैं, जिसकी राशि 232 करोड़ रुपए है।

# ममता बनर्जी को माथे पर आई गंभीर चोट, टांके लगे

## शो पीस पर गिरने के कारण हुईं चोटिल

**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी (69) गुरुवार 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गईं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे। ममता बनर्जी के मीडिया कोऑर्डिनेटर के मुताबिक, मुख्यमंत्री अपने घर में चलते हुए फिसल गईं और शो पीस पर गिरने के चलते उन्हें चोट लग गई। पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने भी ममता की चोट को लेकर डॉक्टरों से बात की। हालत स्थिर होने पर डॉक्टरों ने ममता को रात में ही डिस्चार्ज कर दिया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी उन्हें देखने एसएसकेएम अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। टीएमसी ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी है कि पार्टी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चोट लगी है।



# जब मौसम करे उदास!



हमारी दिनचर्या ऋतु आधारित होती है। हम मौसम के अनुसार ही हम अपना खानपान, पहनावा और रोज़मर्रा के काम तय करते हैं। लेकिन मौसम अपने साथ एक खास तरह की बीमारी भी लाता है, क्या यह आप जानती हैं? मौसम के साथ आने वाली इस विशेष बीमारी को सैड यानी सीज़नल इफेक्टिव डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है, जो अवसाद का ही एक रूप है। यह किसी व्यक्ति को खास मौसम में हर बार अवसादग्रस्त बना देता है।

## कारण अनजान है

सीज़नल इफेक्टिव डिस्ऑर्डर क्यों होता है और इसके होने की वजह क्या है, इसे लेकर सेहत के जानकार आज भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाए हैं। लेकिन उनका मानना है कि सूरज की रोशनी की कमी इस डिस्ऑर्डर को बढ़ाती है। यह कमी व्यक्ति के उठने-बैठने और सोने के क्रम को प्रभावित करती है, जिसकी वजह से मस्तिष्क में मौजूद रसायन सेरोटिनन पर असर पड़ता है, जो मूड बदलने का कारण है।

## लक्षण आसान है

इस डिस्ऑर्डर का सीधा सम्बंध क्योंकि मूड से है, इसलिए इसके लक्षण पहचानना भी आसान है। अवसाद की इस स्थिति से कोई भी प्रभावित हो सकता है। इसमें व्यक्ति का मूड थोड़ी-थोड़ी देर में बदलता रहता है, वह ज्यादा उदास रहने लगता है और किसी भी काम में उसका मन नहीं लगता। प्रभावित व्यक्ति यादा खाना खाने लगता है और उसका वज़न भी बढ़ने लगता है। दिन में थका-थका सा महसूस होना और यादा सोना भी इसके लक्षणों में शामिल है।

यह सभी लक्षण हर साल एक विशेष मौसम में दिखाई पड़ते हैं। देखने में आया है कि सैड के लक्षण सितंबर या अक्टूबर अथवा अप्रैल और मई के बीच यादातर प्रभावित करते हैं।

## रोशनी में छुपा उपचार

चिकित्सक सैड के उपचार के लिए अधिकांशतः लाइट थैरेपी का उपयोग करते हैं, जो दो तरह से काम में लाई जाती है। पहली-ब्राइट लाइट थैरेपी, जिसमें रोगी को एक विशेष तरह के 'लाइट बाक्स' के सामने आधे घंटे या इससे यादा के लिए बैठाया जाता है। और दूसरी, हल्की लाइट थैरेपी,



जो सुबह होने से पहले की रोशनी जैसी होती है और धीरे-धीरे बढ़ते हुए रोगी को सुबह का अहसास कराती है। इसके अलावा अवसादरोधी दवाएं और काउंसलिंग भी रास्ते हैं, जो रोग से उबरने में आपकी मदद कर सकते हैं। सैड से रोगमुक्त होने के पश्चात भी नियमित व्यायाम, दिनभर में ज्यादा से ज्यादा सक्रियता (खासकर सुबह के समय) की सलाह चिकित्सकों द्वारा दी जाती है।

## ज्यादा ठंडा दिल के लिए नहीं कूल

अगर आपको भी रोजाना ठंडी-ठंडी सॉफ्ट ड्रिंक गटकने की आदत है, तो आपके लिए वॉर्निंग है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि रोज एक कैन यानी 350 मिलीलीटर सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों में हार्ट अटैक का खतरा 20 पर्सेंट तक बढ़ जाता है। ये ड्रिंक्स ज्यादा लेने से डायबीटीज और मोटापा बढ़ने की भी आशंका रहती है। हालांकि हफ्ते में दो सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों के दिल को खतरे के लक्षण नहीं दिखे हैं। वैज्ञानिकों ने 40 हजार पुरुषों पर सर्वे के बाद यह नतीजा निकाला। रोजाना सॉफ्ट ड्रिंक्स या दूसरी मीठी कोल्ड ड्रिंक्स लेने वालों के शरीर में खतरनाक फैट और प्रोटींस काफी बढ़ जाते हैं और अच्छे कॉलेस्ट्रॉल की मात्रा घट जाती है। यह दिल के लिए अच्छा नहीं होता। अहम बात यह है कि एक्सरसाइज जैसे फैक्टर्स से भी इसमें फर्क नहीं पड़ता। स्टडी करने वाले वैज्ञानिकों के लीडर डॉ. फ्रैंक हू कहते हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक्स के बजाय पानी, चाय और कॉफी लेना बेहतर होता है।



## वजन बढ़ाती हैं सॉफ्ट ड्रिंक्स

भारत में एक्सपर्ट डॉक्टर इस स्टडी से पूरी तरह सहमत नहीं हैं लेकिन ज्यादा कोल्ड ड्रिंक से सेहत को खतरे की बात मानते हैं। ड्रिंक्स लेने का मतलब है ज्यादा कैलोरी लेना, जिससे मोटापा बढ़ सकता है जो तमाम बीमारियों की जड़ होता है। 50 मिलीलीटर मीठी सॉफ्ट ड्रिंक्स से 50 एक्स्ट्रा कैलोरी शरीर में पहुंचती है। रोजाना 300 एमएल ड्रिंक का मतलब 150 कैलरी ज्यादा। इससे एक साल में 8-9 किलो वजन बढ़ सकता है।

## फ्रिज में रखें ये आहार

यह बहुत जरूरी है कि सोते समय ऐसा पौष्टिक आहार ग्रहण करें जिससे हमारा पेट भरा रहे। रात में खाना खाने के बावजूद भी अगर भूख लग जाती है तो घर की फ्रिज बहुत काम आती है। क्योंकि उसमें ऐसा जरूर कुछ न कुछ होता ही है जिससे हम अपनी भूख शांत कर सकते हैं। आज हम बात करेंगे कि फ्रिज में ऐसी कौन सी जरूरी चीजे रखें जो रात-बिरात हमारे खाने के काम आए।

**फल-** सेब, पीपीता, स्ट्रॉबेरी और अंगूर जैसे फल पौष्टिक तो होते ही हैं साथ ही इनको कई दिनों तक फ्रिज में भी स्टोर कर के रखा जा सकता है। इन फलों को खाने से शरीर में वसा भी कम होती है। जब भी आप जल्दी में हो या फिर थके हुए हों तो भी आप इनका सेवन कर सकते हैं।

**सब्जियां-** कुछ सब्जियां जैसे कि टमाटर या फिर गाजर खाने से पेट भी भरा रहता है और स्वाद में भी यह बहुत टेस्टी होते हैं। टमाटर खाने से शरीर का फैट बर्न होता है और गाजर में विटामिन ए होता है जिससे आंखों की रौशनी बढती है। तो इसलिए यह दोनों सब जयां तो आपकी फ्रिज में होनी ही चाहिए।

**दूध-** वसा रहित दूध रात में आपकी भूंख से जा रही जान को बचा सकता है। यह सेहत के हिसाब से भी बहुत अच्छा होता है। किसी भी समय दूध को फल के साथ खाने से सेहत बनती है। दूध में कैल्शियम पाया जाता है और वसा रहित दूध से फैट नहीं होता।

**दही-** यह सेहत से भरपूर दही आप या तो ऐसे ही खा सकते हैं या फिर सलाद में डाल कर इसका प्रयोग कर सकते हैं। जब भी आप कॉलेज या ऑफिस के लिए लेट हों तब दही में नमक या चीनी मिला कर खाने से पेट भर जाता है और पेट भी सही रहता है।

**नींबू-** हर फ्रिज में नींबू होना बहुत जरूरी है। इसको खाने में स्वाद तो बढाता ही है साथ में फैट भी बर्न करता है। सलाद बना कर नींबू की कुछ बूदें डालने से स्वाद आता है और नींबू का शरबत पीने से पेट भर जाता है।

# फ्रूट से फ्रेशनेस रहे कायम



त्वचा की सही तरीके से देखभाल के लिए समय की दरकार होती है, पर टाइट शेड्यूल के चलते वैसा केयर संभव नहीं हो पाता है। लेकिन सौंदर्य विशेषज्ञ मोनिका झावेरी बता रही हैं कुछ फ्रूट मॉस्क के बारे में, जिनकी मदद से आप कम समय में भी खिला चेहरा पा सकते हैं। आइए जानते हैं उन्हें..

## एप्पल मास्क

सामान्य त्वचा के लिए एप्पल मॉस्क मुफीद रहता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले सेब के टुकड़ों को फूड प्रोसेसर में डालें और उनके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब इसमें शहद मिलाएं और इसे फ्रिज में 10 मिनट के लिए रख दें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं। चेहरे पर लगाने के बाद इसे 30 मिनट के लिए वैसा ही छोड़ दें और फिर धो दें। सेब में विटामिन ए, बी और सी की बढ़िया मात्रा होती है, लिहाजा यह एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट भी है।

## ऑरेंज मास्क

मुंहासे एक सामान्य समस्या है और कुछ लोगों को यह अक्सर परेशान करती है। खासतौर से किशोरवय के लोग इससे ज्यादा जूझते रहते हैं। मुंहासों से भरी त्वचा के लिए आरेंज मॉस्क बढ़िया काम करता है। इसे बनाने के लिए संतरे में एक टी-स्पून पुदीना और नीबू का रस मिलाएं और फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इसे चेहरे पर लगाने के बाद 30 मिनट के लिए छोड़ दें और चेहरा धो लें।

जैसा कि हम जानते हैं, संतरे में विटामिन सी भरपूर होता है, इसलिए यह एंटी-ऑक्सीडेंट और जिंक का बेहतरीन स्रोत है। यह न केवल मुंहासे से बचाव करता है, बल्कि त्वचा की भीतरी सफाई कर मृत त्वचा को निकालने में भी मदद करता है। चेहरे से काले धब्बों को भी यह हटाता है। वैसे इन समस्याओं से निजात पाने के लिए संतरे के जैसे और दूसरे खट्टे फल का भी उपयोग किया जा सकता है।



## स्ट्रॉबेरी मॉस्क

इस मॉस्क का उपयोग कमजोर त्वचा को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है। इसे बनाना बहुत आसान है। सबसे पहले, पके हुए स्ट्रॉबेरी का आधा कप जूस लें और इसमें एक चौथाई कप कॉर्न स्टार्च मिलाएं। लीजिए, हो गया तैयार। अब इसे चेहरे पर 30 मिनट तक लगाकर रखें, फिर इसे ठंडे पानी से धो दें। आप अपनी कमजोर त्वचा में कसावट व ताजगी पाएंगे। देखने वालों को इसमें चमक दिखाई पड़ेगी।

# मोटापा बनता गर्भधारण में रुकावट



**मोटापा** महिलाओं के मां बनने के रास्ते में बहुत बड़ी बाधा खड़ी कर रहा है। पहले तो मोटी महिला गर्भ धारण बहुत ही मुश्किल से कर पाती है और यदि गर्भ ठहर भी जाए तो उसे कई जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इस लिए ध्यान रखें कि गर्भधारण करने के पहले चर्बी न बढ़ाएं। मोटापा गर्भवती महिला की जान भी ले सकता है। मोटापा पेट में पल रहे बच्चे को भी हानि पहुंचाता है।

ऐसी स्थिति में पेट में पल रहा बच्चा भी काफि मोटा हो जाता है।

महिलाओं का मोटापा उनको बांझपन की ओर ले जा रहा है। कई शोधों से पता चला है कि मोटापा गर्भधारण करने में बहुत बड़ी अड़चन है। जो महिला मोटापे के बाद गर्भधारण कर के बच्चे को जन्म देती है उसका बच्चा भी 4 चार की उम्र तक आते आते मोटा हो जाता है। जो कि ठीक नहीं है। इस कारण आज की महिला अपने मोटापे को बड़ने नहीं देती जयरत पड़ने पर वह सर्जरी भी करवाती है। सर्जरी के बाद उनको गर्भधारण करने के लिए कम से कम दो साल का इंतजार करना पड़ता है।

# मुलहठी के मीठे उपयोग

**छोटे** बच्चों और बच्चों के लिए आमतौर पर उपयोग में लाई जाने वाली वनौषधियों में एक है- मुलहठी, इसे जेठीमध, मधुक, मधुयस्टि भी कहते हैं। अँग्रेजी में इसे लिकोरिस कहते हैं।विभिन्न प्रकार के रोगों की एक दवा मुलहठी है।यह स्वाद में मधुर, शीतल, पचने में भारी, स्निग्ध और शरीर को बल देने वाली होती है। इन गुणों के कारण यह बढ़े हुए तीनों दोषों को शांत करती है।

'खाँसी-जुकाम से बड़े हुए कफ को कम करने के लिए मुलहठी का ज्यादातर उपयोग किया जाता है। बढ़े हुए कफ से गला, नाक, छाती में जलन हो जाने जैसी अनुभूति होती है, तब मुलहठी को शहद में मिलाकर चाटने से बहुत फायदा होता है।

'बड़ों के लिए मुलहठी के चूर्ण का इस्तेमाल कर सकते हैं। शिशुओं के लिए मुलहठी के जड़ को पत्थर पर पानी के साथ 6-7 बार घिसकर शहद या दूध में मिलाकर दिया जा सकता है। यह स्वाद में मधुर होती है अतः सभी बच्चे बिना झिझक के इसे चाट लेते हैं।

'मुलहठी बुद्धि को भी तेज करती है। अतः छोटे बच्चों के लिए इसका उपयोग नियमित रूप से कर सकते हैं।

'मुलहठी की मधुरता से पित्त का नाश होता है। आमाशय की बढ़ी हुई अम्लता एवं अम्लपित्त जैसी व्याधियों में मुलहठी काफी उपयुक्त सिद्ध होती है। आमाशय के अंदर हुए व्रण (अलसर) को मिटाने के लिए एवं पित्तवृद्धि को शांत करने के लि मुलहठी का उपयोग होता है। मुलहठी को मिलाकर पकाए गए घी का प्रयोग करने से अलसर मिटता है।

'यह हल्की रेचक होती है। अतः पाचन के विकारों में इसके चूर्ण को इस्तेमाल किया जाता है। विशेषतः छोटे बच्चों को जब कब्ज होती है, तब हल्के रेच के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है। छोटे शिशु कई बार शाम को रोते हैं। पेट में गैस के कारण उन्हें शाम के वक्त पेट में दर्द होता है। उस समय मुलहठी को पत्थर पर घिसकर पानी या दूध के साथ पिलाने से पेट दर्द शांत हो जाता है।



अतः खाँसी, दमा, टीबी एवं स्वरभेद (आवाज बदल जाना) आदि फेफड़ों की बीमारियों में बहुत लाभदायक है। कफ के निकल जाने से इन रोगों के साथ बुखार भी कम हो जाता है। इसके लिए मुलहठी का एक छोटा टुकड़ा मुँह में रखकर चबाने से भी फायदा होता है।

# अवैध खनन मामले में भगवान, टिंकल भगत व कृष्णा साहा पर आरोप गठित

## अब चलेगा मुकदमा, ईडी प्रस्तुत करेगा गवाह, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई सुनवाई

- तीनों की डिस्चार्ज पिटिशन पूर्व में खारिज कर चुका है ईडी कोर्ट
- कृष्णा साहा को मिल चुकी है बेल, भगवान व टिंकल भगत जेल में हैं बंद



**CRIME REPORTER RANCHI :** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को आरोप गठित किया गया। अब इनके खिलाफ मुकदमा चलेगा। ईडी की ओर से मामले में गवाह प्रस्तुत किए जाएंगे। आरोप गठन के दौरान आरोपितों ने खुद को बेकसूर बताया। मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई।

कोर्ट ने इनपर लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। आरोपियों ने इसे बेबुनियाद बताया। ईडी कोर्ट इन तीनों की डिस्चार्ज पिटिशन पूर्व में खारिज कर चुका है। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा सहित अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। कृष्णा साहा को इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिल चुकी है। भगवान एवं टिंकल भगत ईडी के न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। आठ जुलाई, 2022 को ईडी की छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 लाख रुपये मिले थे। भगवान भगत और टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना माने जाते हैं। टिंकल और कृष्ण भगत अवैध खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे। पांच जुलाई, 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने अवैध खान मामले में कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी कृष्णा कुमार के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। कृष्णा कुमार साहा साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी हैं। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में कृष्णा साहा के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल और कागजात भी जब्त किए गए थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है।

# राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा की हुई गवाही




**CRIME REPORTER RANCHI :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में 34 वें राष्ट्रीय खेल घोटाला की जांच वाली याचिका के शिकायतकर्ता पंकज कुमार यादव और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा गवाही के लिए गुरुवार को कोर्ट में उपस्थिति हुए। शिकायतकर्ता पंकज यादव ने कोर्ट के समक्ष दिये अपने बयान में कहा है कि मैं सीबीआई की जांच और क्लोजर रिपोर्ट से सहमत नहीं हूं। पंकज ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट और विजिलेंस जांच को नजरअंदाज किया है। इसमें प्रथम द्रष्टया में भ्रष्टाचार और अनियमितता की बात कही गयी है। हम जल्द ही इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन फाइल करेंगे। वहीं पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने भी क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 424 करोड़ का घोटाला है। अदालत ने दोनों को 16 अप्रैल को सारे सबूत और कागजात के साथ उपस्थित होने को कहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इससे पूर्व सेंटर फॉर आरटीआई के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने राष्ट्रीय खेल में हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण और स्पोर्ट्स उपकरण की खरीद में हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए झारखंड हाई कोर्ट में जनहित

### हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का दिया था आदेश

सूर्य सिंह बेसरा और सुशील कुमार ने भी अलग-अलग याचिका दायर करते हुए राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले की जांच की मांग की थी। इसपर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया। खेल घोटाले में ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष आरके आनंद, मधुकांत पाठक, एमएस हाशमी सहित अन्य को आरोपित बनाया गया था। सीबीआई जांच से पहले इस मामले की जांच एसीबी कर रही थी। कोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान जांच में देरी को लेकर एसीबी को भी फटकार लगायी थी।सीबीआई ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

# झारखंड में तेज धूप ने बढ़ाई गर्मी : प्रदेश में आज से मौसम में हो सकता है बदलाव, बारिश के आसार


फाइल फोटो।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में तेज धूप के साथ अब गर्मी का एहसास होने लगा है। दिन के साथ-साथ शाम के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हालांकि, संभावना है कि अगले दो दिन में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल सकता है। 15 मार्च और 16 मार्च को प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान हल्की वज्रपात और बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 मार्च को भी राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में बारिश के साथ गर्जन की संभावना बन रही है। 19 मार्च को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। 20 मार्च के बाद बाद मौसम एक बार फिर साफ होगा। इस दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। राज्य के जिन इलाकों में बारिश के आसार हैं उनमें रामगढ़, बोकारो, रांची, गुमला, खूंटी, सिमगडेगा , सरायकेला खरसांवा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। झारखंड में मौसम में आने वाले इस बदलाव की वजह पश्चिमी विक्षोभ है, जो 12 मार्च को देश में दस्तक दे चुका है। झारखंड में कुछ दिनों बाद देखने को मिलेगा।

## गर्मी से पहले जेबीवीएनएल सतर्क, लोड शेडिंग न हो इसके लिए की जा रही तैयारी

**RANCHI :** गर्मी को लेकर बिजली वितरण निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इस साल लोगों को बिजली में होने वाली तकनीकी कारणों से कम से कम परेशानी हो इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम मुख्यालय की मानें तो सभी आपूर्ति क्षेत्रों को इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसमें अपने-अपने आपूर्ति क्षेत्र में बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का आदेश दिया गया है। गर्मी के दौरान लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने पर निगम की ओर से अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। जिससे क्षेत्रवार बिजली की समस्या का समाधान हो सके। वहीं सभी सब स्टेशन में क्यूआरटी टीम के साथ जांच करने और ट्रांसफॉर्मर फिलिंग करने जैसी तकनीकी चीजों पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर कुछ विशेष बिंदुओं पर ओदश जारी किया गया है। जिसमें सभी लाइनों की समय-समय पर पेट्रोलिंग करने, ट्रांसफॉर्मर की जांच, बिजली तार सटने वाले इलाकों में पेड़ों टहनियों की कटाई, ट्रांसफॉर्मर चिन्हित कर लोड बढ़ाने समेत अन्य तैयारियां की गयी

# बस स्टैंड से सात किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** खादगढ़ा बस स्टैंड में पुलिस ने गुरुवार की सुबह विशेष अभियान चलाया। कई लोगों को पकड़ा गया और उनके वाहनों की तलाशी ली गई। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा को देखते हुए पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हर दिन अलग अलग इलाके में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वहीं शाम में बस स्टैंड से पुलिस ने सात किलो गांजा के साथ एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों से लोअर बाजार थाना में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि दोनों आरोपित बस में सवार होकर दूसरी जगह पर गांजा डिलिवरी करने जा रहे हैं।

### घर के बाहर से चोरी हुई तीन गाड़ी बरामद

**RANCHI :** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित बड़ा घाघरा सरना टोली से चोरी हुआ दो स्कूटी और एक बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। तीनों वाहनों को स्वर्णरेखा नदी किनारे से बरामद किया गया। तीनों वाहनों का 10 मार्च की रात में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किया गया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित वाहनों को बेचने की तैयारी कर रहे हैं और स्वर्णरेखा नदी की ओर घूम रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपित नदी में कूदकर भाग निकले।

# जेवरात दुकान से सोने का चेन चोरी करने के आरोप में दो महिलाओं को पुलिस ने दबोचा



**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर थाना की पुलिस ने जेवरात दुकान से सोने का चेन चोरी करने के आरोप में दो महिला रूपा देवी और डालो देवी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में दुकान के मालिक दीपक कुमार ने केस किया है। दीपक ने पुलिस को बताया कि बूटी मोड में उनका दुकान है। दोनों महिला ग्राहक बनकर दुकान में आई थी और सोने का चेन लेने की बात बोलकर चेन देखने लगी। चेन देखने के दौरान दोनों महिलाओं ने एक चेन नीचे गिरा दिया फिर उसे अपने पास रख लिया। दुकानदार चेन वापस रखने लगा तो एक चेन कम था। दुकानदार ने सीसीटीवी का फुटेज खंगाला तो उसमें दिखा कि एक महिला ने चेन उठाकर अपने पास रखा है। इसके बाद दुकानदार ने दोनों महिलाओं को पुलिस को हवाले कर दिया।

### दुकान से 20 मोबाइल उड़ा ले गए चोर

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित गाड़ी खाना चौक के समीप हैदर अली के दुकान से चोरों ने बीस मोबाइल उड़ा लिया। हैदर ने सुखदेव नगर थाना में केस किया है। हैदर ने पुलिस को बताया कि वह रात में दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। सुबह आया तो देखा कि दुकान में चोरी हो गई है। पुलिस घटना स्थल के समीप लगे हुए सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान हो सके।

# बेटे को बचाने गई महिला से मारपीट, सोने की चेन-आइफोन लूटने का आरोप, FIR

**CRIME REPORTER RANCHI :** सुखदेव नगर इलाके में रहने वाली महिला किरण श्रीवास्तव ने रघुवेंद्र और अन्य लोगों के मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सुखदेव नगर थाना में केस किया है। किरण ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा यथार्थ घर से बाहर निकला तो रघुवेंद्र कुछ लोगों के साथ और बेटे के साथ मारपीट करने लगा। किरण ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने बेटा का आइफोन और सोने का चेन लूट लिया। महिला का कहा है कि रघुवेंद्र ने बेटे पर आरोप लगाया है कि उसने तीन लाख रुपये लिया है। यह आरोप पूरी तरह से गलत है। पुलिस का कहना है कि केस कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के साथ मारपीट कर गाड़ी लूटा

**RANCHI :** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित पीपी कम्पाउंड में रहने वाले सुनील पासवान ने आरोपी जस्सी और अन्य युवकों के खिलाफ चुटिया थाना में मारपीट करने और गाड़ी लूट लेने का आरोप लगाते हुए केस किया है। सुनील पासवान ने पुलिस को बताया कि वह सुजाता चौक के पास वह अपने दोस्त गोडवीन तिर्की से बातचीत कर रहा था। तभी आरोपी जस्सी वहां पहुंचा और गोडवीन पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। इसके बाद उसकी गाड़ी लेकर भाग निकला। कुछ देर के बाद सुनील ने जस्सी से गाड़ी देने के बात कही तो जस्सी ने सुनील को अपने घर पास बुलाया और अपने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। पुलिस का कहना है कि केस हो गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में तालाबंदी

# मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की करें नियुक्ति : आजसू


तालाबंदी कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते छात्र।

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने ज्योति सोनी और सुधांशु सिंह के नेतृत्व मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विभिन मांगों को लेकर ताला जर दिया। करीब 2 घंटे की तालाबंदी के दौरान छात्र आजसू के सदस्यों ने जम कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आजसू ने मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति की मांग की है। तालाबंदी के 15 मिनट बाद विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने छात्र आजसू से वार्ता का प्रयास किया लेकिन छात्र आजसू के सदस्य जी के बासुकी पर करवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। नीरज वर्मा ने कहा कि विवि का प्रशासनिक एवं शैक्षणिक माहौल बहुत खराब हो गया है, आए दिन यहा के छात्र छात्राओं का मानसिक शोषण किया जाता है, उन्हें धमकी दी जाती है, डराया जाता है। कहा कि अभी गेस्ट फैकल्टी का लड़की के साथ शिक्षक द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला शांत भी नहीं हुआ और दूसरी तरफ एमबीए विभाग के डॉ एस के बासुकी द्वारा छात्र छात्राओं को डराया धमकाया जा रहा है। ज्योति सोनी ने कहा की विश्वविद्यालय परिसर में पानी की किल्लत है जिसके चलते यहां के छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना परता है। सुधांशु सिंह ने कहा की छात्र छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में बिना आईडी कार्ड के किसी को प्रवेश नहीं दिया जाए।

### दुर्व्यवहार करने वाले शिक्षक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग

छात्रा के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शिक्षक पर छात्र आजसू ने एफआईआर की मांग की है। साथ ही एमबीए विभाग के डायरेक्टर एसके बासुकी को एमबीए विभाग के निदेशक पद से मुक्त करने की मांग भी की है। विवि के रजिस्टर डॉक्टर नमिता सिंह ने कहा कि अभी कुलपति रांची से बाहर हैं कुलपति के लौटते ही शनिवार को इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से कैलाश महतो, मुकेश, किशोर,सचिन, असफाख, कुलदीप,सुमीत, अंकित, सौरभ, महादेव, हर्ष आदि छात्र उपस्थित थे।

# लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव बने दिलीप साह




**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकहित अधिकार पार्टी का गोड्डा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन अग्रसेन भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुशील साह ने किया। सर्वसम्मति से दिलीप साह को पार्टी का प्रदेश संगठन सचिव, अभिमन्यु कुमार दास को जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष मो. तहरीम अंसारी को पोड़ैयाहाट विधानसभा प्रभारी तथा निरंजन कुमार दास को मेहरमा प्रखंड का अध्यक्ष घोषित किया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता के लिए एक आंदोलन है। सामाजिक न्याय देश-प्रदेश की पहली आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर कह सकता हूं कि उम्मीदवार टीपलाल साह की सक्रियता अति सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता को शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह निःशुल्क दिलाने के लिए तथा जाति आधारित जनगणना कराने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करती रहेगी।

## BRIEF NEWS

### गर्जन पहाड़ में दिखा काला बाघ, वन विभाग ने कहा- 6 साल बाद दिखाई दिया ब्लैक पैंथर



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के गर्जन पहाड़ में 6 साल बाद फिर से एक दुर्लभ काला बाघ दिखाई दिया है। इस बाघ को ब्लैक पैंथर भी कहा जाता है। कुछ दिनों से हेमगिरी जंगल की गर्जन पहाड़ियों में घूम रहे काले बाघ को वन विभाग द्वारा मांस खाने के लिए भी दिया है। ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने पहले भी बाघ देखा थे। अब यह दुर्लभ काला बाघ वन विभाग के ट्रैप कैमरे में कैद हुआ है। यह पर्यावरण के लिए एक अच्छा संकेत है और सभी के लिए अच्छी खबर है। सुंदरगढ़ डीएफओ ने कहा कि हेमगिरि क्षेत्र में पहाड़ ब्लास्टिंग के बावजूद ऐसे दुर्लभ बाघ का दिखना जिले और राज्य के वन पर्यावरण के लिए एक अच्छा संकेत है। आखिरी बार 2018 में इस गर्जन पहाड़ी पर एक काला बाघ कैमरे में कैद हुआ था। कुछ दिनों के बाद बाघ की कोई खबर नहीं मिली। 5 साल बाद फिर से काला बाघ दिखने पर वन विभाग ने खुशी जताई है। इसके अलावा बाघ की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

### व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष की सड़क दुर्घटना में मौत, मृत्यु के बाद आंखें की गई दान



**ROURKELA :** शहर के दीन दयाल अग्रवाल की आज सुंदरगढ़ टाउन थाना रानी बगीचा बाइपास के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मरने के बाद दो अजनबी उनके दान किए गए आंखों से दुनिया देख सकेंगे। दीन दयाल की आंखें उनके दो बेटों की सहमति से दान कर दी गई हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार बर्ग अपने दोनों बेटों के साथ सुंदरगढ़ जनरल अस्पताल गए थे, वहां डॉक्टर ने उन्हें नेत्रदान के महत्व के बारे में समझाया। बाद में दोनों बेटे ने मानवता की निशानी के तौर पर अपने पिता की आंख दान देने की सहमति दिए। कल दिन दयाल अपनी पत्नी को लाने झारसुगुड़ा जा रहा थे, तभी उसकी कार को एक ट्रक के साथ टक्कर हो गई । वहां मौके पर ही उनके मौत हो गया। ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। राउरकेला मर्चेंट्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुब्रत पटनायक समेत शहर के कई गणमान्य लोगों ने दिन दयाल अग्रवाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### गैस कटर से एटीएम काटकर रुपये लूटने का प्रयास



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ में एक बार फिर एटीएम लुटेरे सक्रिय हो गये हैं। सुंदरगढ़ सदर थाना पुलिस ने बुधवार की रात महुलपल्ली में हिटाची एटीएम से पैसे लूटने की सुनियोजित कोशिश की गई थी। देर रात बदमाशों ने एटीएम कक्ष की पिछली दीवार तोड़कर अंदर घुस गये। उन्होंने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर पैसे निकालने की कोशिश की। उसने सीसीटीवी कैमरे पर काला स्प्रे कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कितने पैसे की चोरी हुई है। सुबह एटीएम वाले घर के मालिक ने यह देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस और वैज्ञानिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है ।पुलिस ने खोजी कुत्ते की भी मदद ली है। पुलिस ने मौके से एक बड़ा गैस सिलेंडर भी बरामद किया है। हालांकि, एसडीपीओ हिमांशु बेहरा ने कहा कि एटीएम संस्था पुष्टि की पैसे नहीं लूटे जा सके है।

### बणई वनक्षेत्र से लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त



**BANAI :** फॉरेस्ट डिवीजन के रेंज सुलुगुड़ा रिजर्व फॉरेस्ट से एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। वहीं इसमे लदा लकड़ी काट कर ले जाते समय वन विभाग के कर्मचारियों ने छापेमारी की। इस दौरान ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गए। वनकर्मियों ने ट्रैक्टर व लकड़ी जब्त कर ली।

### लहुणीपाड़ा ब्लॉक बरसुआं राईकला पोल के पास मिला शव


**SUNDARGARH :** लहुणीपाड़ा ब्लॉक बरसुआं राईकला पोल के पास पुलिस ने एक शव बरामद किया है। पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि केबालंग पुलिस ने शव को बरामद कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का नाम यतिन टोप्न (25) है, जो बरसुआं निवासी एस्टेफन टोप्न का पुत्र था। स्थानीय निवासियों को संदेह है कि यह कोई दुर्घटना नहीं है बल्कि किसी ने इसे मार कर फेंक दिया है। जांच के बाद असली सच्चाई सामने आ जाएगी।

### कार ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर, घायल



**ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम चौक पर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे हनुमान वाटिका की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग महिला को ठोंकर मार दी। महिला उछल कर कार की बोनट पर गिरने से उनकी जान बच गई। कार महिला को टक्कर मारने के बाद एक पोल खंबे से जा टकराई। दुघटना के पश्चात घटनास्थल पर भीड़ ने बुजुर्ग महिला को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। दुर्घटना में शिकार हुए बुजुर्ग महिला शीतल पाड़ा निवासी है।

### रामनवमी की तैयारी शुरू, चेन्नई से 12 फीट के हनुमान सहित सभी देवी-देवताओं की आ रही झांकी



**JAMSHEDPUR :** इस बार रामनवमी 17 अप्रैल को है, जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। मानगो के स्वर्णरेखा नदी तट स्थित विजय बजरंग बबुआ अखाड़ा चेन्नई से झांकी मंगा रहा है, जिसमें 12 फीट ऊंचे हनुमान व उनकी वानर सेना सहित सभी देवी-देवता होंगे। अखाड़ा की बैठक गुरुवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता लाइसेंसी अशोक सिंह ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण होने की खुशी में बंगाल के चंदन नगर से आए कारीगरों द्वारा पूरे डिमना रोड में विद्युत सज्जा की जाएगी । अखाड़ा के संरक्षक भाजपा नेता विकास सिंह ने बताया चेन्नई की झांकी के अलावा मेदिनीपुर से आए कलाकारों द्वारा कुई नाच एवं शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी । झारखंड के रामगढ़ से ताशा और डंका बजाने वाले 51 कलाकारों की टोली को बुलाया जा रहा है। ध्वजारोहण के दिन से ही मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिदिन संध्या में हैरतअंगेज कारनामे दिखाए जाएंगे । बैठक में अध्यक्ष पिंटू सिंह, आलोक कुमार, संजय सिंह गुड्डू, सुकलु सिंह सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सच्चाई पर चलने वाला कभी हार का सामना नहीं करता : सर्वज्ञानंद महाराज



**JAMSHEDPUR :** साकची स्थित रामलीला मैदान में चल रही भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने सुदामा चरित्र, श्रीमदभागवत, व्यास पूजन, श्रीशुक्रदेव विदाई एवं होली उत्सव का प्रसंग सुनाया। महाराज ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। हमेशा धर्म की मार्ग पर चले। कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। कर्म करने वालों को उचित फल अवश्य मिलता हैं। भगवान के बताए सच्चाई के रास्ते पर चलने वाला भक्त जीवन में कभी भी हार का सामना नहीं करता है। कथावाचक ने आगे भागवत की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि भागवत कथा मनोरंजन का साधन नहीं, जन जागरण का रूप है। नकारात्मक मानसिक विचारों से ही मनुष्य का पतन होता है। श्रीमद्भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। शास्त्री जी ने कहा कि जितने भी सद्गुण होते हैं वे सभी परमात्मा के द्वारा ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य के सद्गुणों पर नहीं भगवान के प्रति ही कृतज्ञ होना चाहिए। कथावाचक ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला के आग्रह पर श्रीकृष्ण से मिले। उनकी दशा देखकर कृष्ण की आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगी। कथा सुनकर श्रोता भक्तिरस में झूमने लगे। भागवत कथा की पूणार्हुति शुक्रवार को होगी।

# राबड़ी देवी खेत से मूली निकालती दिखीं

**बिहार।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। गुरुवार को पोस्ट वीडियो में वे खेती -किसानी करती हुई दिख रही हैं। खेत से मूली उखाड़ रही हैं। वीडिया वहीं रुक जाता है जब मूली ठीक से उखड़ नहीं पाता और टूट जाता है। राबड़ी देवी कहती हैं- जा मुरइया टू गईल। बता दें बुधवार को चिराग पासवान के प्रति आरजेडी की उम्मीद टूट गई कि वे महागठबंधन की तरफ आ जाएंगे। ऑफर भी छह सीट से ज्यादा का था लेकिन चिराग ने एनडीए में बीजेपी के साथ रहना कबूल किया। बीजेपी सफल रही। महागठबंधन से चिराग छूट गईल और खेत के मूली टूट गईल। लालू प्रसाद इशारों में बात करने के लिए जाने जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी शायद इशारों में बात की है। चिराग पासवान का साथ नहीं



मिल पाने के बाद हो सकता है राबड़ी देवी, उपेन्द्र कुशवाहा को मैसेज देने की कोशिश कर रही हों कि अभी भी कुछ नहीं बिगडा है साथ आ जाइए! राबड़ी देवी ने कोई राजनीतिक बातें नहीं करते हुए वीडियो के साथ लिखा है- 'जड़ों से जुड़ाव ही जीवन की सच्चाई और गहराई से बोध करातता है। जडों से जुड़े रहना बंधन नहीं जिंदगी है, मुक्ति व युक्ति है। जड़ से जुड़े पेड़ हमेशा पल्लवित, पुष्पित, छायादार, फलदार और गुलजार तथा जड़ से जुड़े इंसान जानकार, जानदार, दिलदार, हकदार और वजनदार होते हैं।' बता दें उपेन्द्र कुशवाहा कोयरी जाति से आते हैं। बिहार में कोयरी जाति खेती-किसानी, सब्जी उपजाने लिए खौस तौर से जानी जाती है। राबड़ी देवी ने यह भी बताने-दिखाने की कोशिश की कि वे खेती किसानी खुद से करती हैं। मुरई उपजाती हैं, उसको उखाड़ती हैं। मुरई भी अच्छी हुई है। राबड़ी खुद को इस जाति से जोड़ने का प्रयास करती दिख रही हैं। एक दिन पहले तेजस्वी यादव गौ सेवा करते हुए नजर आए थे। विधान सभा चुनाव के समय जब सन ऑफ मल्लाह ने तेजस्वी का साथ खुले मंच से यह कहते हुए छोड़ा था कि उनकी पीठ में खंजर भोंका गया तो उसके बाद तेजस्वी चुनाव अभियान के दरम्यान एक खेत में जमे पानी के बीच मछली मारते हुए दिखे थे। तब तेजस्वी का इससे जुड़ा रील खूब वायरल हुआ था। राबड़ी देवी बताना चाहती हैं कि उनकी पार्टी सिर्फ यादव की पार्टी नहीं बल्कि एटूजेड की पार्टी है। बिहार जाति सर्वे में कोयरी और कुर्मी मिलाकर 7 फीसदी हैं। राबड़ी देवी ने यह भी बताने-दिखाने की कोशिश की कि वे खेती किसानी खुद से करती हैं। मुरई उपजाती हैं, उसको उखाड़ती हैं। मुरई भी अच्छी हुई है। राबड़ी खुद को इस जाति से जोड़ने का प्रयास करती दिख रही हैं। एक दिन पहले तेजस्वी यादव गौ सेवा करते हुए नजर आए थे। विधान सभा चुनाव के समय जब सन ऑफ मल्लाह ने तेजस्वी का साथ खुले मंच से यह कहते हुए छोड़ा था कि उनकी पीठ में खंजर भोंका गया तो उसके बाद तेजस्वी चुनाव अभियान के दरम्यान एक खेत में जमे पानी के बीच मछली मारते हुए दिखे थे। तब तेजस्वी का इससे जुड़ा रील खूब वायरल हुआ था। राबड़ी देवी बताना चाहती हैं कि उनकी पार्टी सिर्फ यादव की पार्टी नहीं बल्कि एटूजेड की पार्टी है। बिहार जाति सर्वे में कोयरी और कुर्मी मिलाकर 7 फीसदी हैं। कोयरी- कुशवाहा की उत्पत्ति राम-सीता के बेटे कुश से मानी जाती है। इसलिए इस जाति के लोग खुद को राम का वंशज भी मानते हैं। ब्राह्मण, भूमिहार और राजपूत भी खुद को किसान कहते हैं, लेकिन उनकी किसानी और कोईरी/कुशवाहों की किसानी में फर्क है। अगड़ी जातियों के पास जमीनें ज्यादा हैं लेकिन असली खेती कोईरी- कुर्मी और अन्य जातियां करती हैं। भूमि सुधार आयोग की रिपोर्ट में भी इसका जिक्र है बिहार में बटाई पर खेती करने वाले किसान ही ज्यादा हैं। इसलिए बटाईदारों को हक दिलाने की सिफारिश भी डी बंधोपाध्याय ने अपनी रिपोर्ट में की थी। कोयरी जाति से सतीश प्रसाद सिंह मुख्यमंत्री हुए। लेकिन इस जाति में जो सबसे बड़े नेता बिहार में हुए वे जगदेव प्रसाद थे। अभी इस जाति से उपेन्द्र कुशवाहा,आलोक मेहता, उमेश कुशवाहा ऐसे नेता हैं जिनका बिहार की राजनीति में नाम है। सबसे ताकतवर नाम तो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का है।

वे बिहार सरकार में डिप्टी सीएम भी हैं।यह क्यों नहीं हो सकता कि राबड़ी देवी की नजर सम्राट चौधरी के उस वोट बैंक पर है जिसका मोल बीजेपी भी खूब समझ रही है।

## शिवहर से लवली आनंद के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा सीएम नीतीश कुमार की पार्टी देगी टिकट



**बिहार।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट शेयरिंग पर बात लगभग फाइनल हो चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सांसद चिराग पासवान की पार्टी जितनी सीटें चाह रही थी, उतनी सीटें मिल गई। जैसा सांसद चिराग पासवान ने बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान बताया और जिस तरह की बातें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार या पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा या भूतपूर्व सीएम जीतन राम मांझी कह रहे थे... बात वही रही। अब खबर यह सामने आ रही है कि शिवहर से जनता दल यूनाईटेड लवली आनंद को लोकसभा टिकट दे सकती है। इससे को लेकर बुधवार को पूर्व सांसद आनंद मोहन और उनकी पत्नी लवली आनंद की सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात भी हुई थी। सूत्रों की मानें तो सीएम नीतीश कुमार द्वारा पूर्व सांसद आनंद मोहन को यह आश्वासन दिया गया है कि लवली आनंद को शिवहर से टिकट मिलेगा। चर्चा यह भी है कि भाजपा ने शिवहर सीट जदयू को दे दी है। इस सीट पर फिलहाल रमा देवीं सांसद हैं। वह भाजपा की वरीय नेत्री हैं। हालांकि अब तक इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। भाजपा या जदयू की ओर से इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के साथ या आगे-पीछे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की दूसरी सूची आने की संभावना है। भाजपा बिहार की 2019 में जीती अपनी सीटों में से पटना साहिब समेत चार सीटों को छोड़ बाकी 13 पर प्रत्याशियों की घोषणा पहले करे, यह भी संभव है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड अपनी 16 जीती हुई सीटों में से 13 पर प्रत्याशियों को हरी झंडी दे चुकी है। जदयू तीन सीटों को लेकर कुछ मंथन जारी है।

## इलेक्टोरल बॉन्ड पर लोक गायिका नेहा राठौर का नया गाना

**पटना।** लोक गायिका गायिका नेहा सिंह राठौर ने नया गाना गाया है। नए गीत में इलेक्टोरल बॉन्ड, मणिपुर, किसान और बेरोजगारी की चर्चा है। नए गाने के बोल हैं किस-किस से लिया चंदा, तुम कब दिखलाओगे, बदले में दिया क्या-क्या, तुम कब बतलाओगे? ईश्वर से डरो साहेब वरना पछताओगे। ये तो बता देना मणिपुर कब जाओगे? बम भी बरसाया है, गोली भी चला दी है, भारत के किसानों को किस बात की सजा दी है? नौकरी की आस में जो सड़कों पर बैठे हैं, कब तक बेचारों पर लाठी बरसाओगे?



संसद तो बदल दी है संविधान बदल देंगे, ये लोकतंत्र में लोग पहचान बदल देंगे। दिल्ली में जो बैठे हैं, जनता को फुसलाकर धर्म के व्यापारी, जो सब को लाए हैं, तुम उनको लाओगे, ईश्वर से डरो साहिब....। नेहा के नए गीत में गांधी की हत्या और गोडसे की भी चर्चा है। अपने गीतों की वजह से कई बार नेहा सिंह राठौर कानूनी अड़चन में भी फंस चुकी हैं। यूपी विधानसभा चुनाव के पहले उनका 'यूपी में का बा' गीत काफी पॉपुलर हुआ था। उन्होंने 'बिहार में का बा' गीत भी गाया था। नेहा ने एक दिन पहले उत्तर पूर्व दिल्ली से बीजेपी सांसद मनोज तिवारी पर भी व्यंग्य किया था। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नसीहत देते हुए लिखा था 'जेपी नड्डा जी, आपने इस गीत को सुना या नहीं? क्या सोचकर आपने इनको तीसरी बार टिकट दे दिया? बाकी सबका ना सही, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का ही लिहाज कर लिया होता।' नेहा राठौर ने मनोज तिवारी द्वारा गाया गाना होली गीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला है। बता दें, नेहा सिंह राठौर ने हाल में यह बयान दिया है कि उन्हें टिकट दिया जाएगा तो वे चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगी। यह साफ है कि नेहा सिंह राठौर को राजनीति से परहेज नहीं है। बीजेपी के खिलाफ वे ज्यादा मुखर दिखती हैं। इससे पता चलता है कि वे किससे टिकट की आस लगा रही हैं।

## पूर्णिया में बाइक से श्राद्धकर्म से लौट रहा था परिवार पति की हालत गंभीर

**पूर्णिया।** में सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। पति (शिक्षक) की हालत गंभीर है। एक बच्ची भी गाड़ी पर थी उसकी हालत ठीक है। पूरा परिवार श्राद्ध का भोज खाकर बाइक से लौट रहा था। बनमनखी थाना क्षेत्र के रामनगर फरसाही मिलीक के पास 70 की स्पीड में ट्रैक्टर ने बाइक को उड़ा दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ओवरलोड भी था। बुधवार रात करीब 8 बजे ये हादसा हुआ। 2 लोगों की मौत की खबर जैसे ही



पहुंची, चीख -पुकार मच गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ऋटउल्ठ पूर्णिया भेज दिया है। मृतक की पहचान जानकीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी प्रतिभा कुमारी (35), डायमंड कुमार (4) के रूप में हुई है। वहीं, मृतका के पति अरुण कुमार (45) की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। अरुण पेशे से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। इस हादसे के बाद मां बेटे की अर्थी एक साथ उठेगी। मगर अफसोस पति इसमें शामिल नहीं होंगे। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के जीजा मनसफ कुमार ने बताया कि देर शाम पूरे परिवार के साथ शिक्षक अरुण कुमार जानकीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित घर से अपने मित्र के घर रामनगर फरसाही मिलीक गांव श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। पूरा परिवार श्राद्ध का भोज खाकर वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी बनमनखी थाना क्षेत्र के रामनगर फरसाही मिलीक गांव के समीप तेज रफ्तार ओवरलोडेड ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिस वक्त ये हादसा हुआ ट्रैक्टर की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। छोड़कर फरार हो गया।

## नीतीश कुमार सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार संभव

**बिहार।** में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मंत्रिमंडल विस्तार कर सकते हैं। शाम पांच बजे का समय बताया जा रहा है, लेकिन दोपहर बाद 2:37 बजे से खरमास को देखते हुए यह समय पहले भी किया जा सकता है। अभी समय पूरे तौर पर पक्का नहीं हो सका है। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदला था और 28 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार के सीएम के तौर पर इस्तीफा देने के करीब छह घंटे बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली थी। उनके



साथ भारतीय जनता पार्टी के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली थी। इसके अलावा, भाजपा कोटे से एक और जनता दल यूनाईटेड के तीन, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा-सेक्युलर के एक मंत्री ने शपथ ली थी। इकलौते निर्दलीय को भी उसी दिन शपथ दिलाई गई थी। उसके बाद से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा कई बार उठकर रह गई थी। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के पहले राज्यसभा और विधान परिषद् के लिए नेताओं का नाम तय करने में भी लोकसभा चुनाव का सीट बंटवारा मुद्दा था। अब एनडीए के अंदर सीट बंटवारे का प्रारूप बुधवार को फाइनल हो जाने के बाद बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम मंत्रिमंडल विस्तार होगा। औपचारिक सूचना नहीं जारी की गई है, क्योंकि खरमास में अमूमन भाजपा नेताओं के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नए काम से बचते हैं। इस बार खरमास में वैसे भी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की उम्मीद है, जिसके आधार पर इसे मानने और नहीं मानने पर बहस चल रही है। बिहार मंत्रिमंडल में 36 सदस्य हो सकते हैं। इनमें से सीएम समेत नौ पहले से हैं, इसलिए 27 की वैकेंसी है। आज मंत्रिमंडल विस्तार हुआ भी तो सभी 27 मंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की संभावना नहीं है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ घटक दलों की बुधवार शाम हुई बैठक में भाजपा के अधिकतम 12 और जदयू के अधिकतम आठ विधायकों-विधान पार्षदों को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की बात हुई थी। इसी आधार पद पार्टियों में तैयारी चल रही है। विस्तार आज ही हो जाएगा।

## कल से सुबह और शाम वाली ठंडी हवा होगी खत्म

**बिहार।** के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। आज एक बार फिर से पूरे प्रदेश में पछुआ हवा चलेगी। वहीं, 15 मार्च से पूर्वा हवा चलेगी। जिसके चलते धूल से लोगों को परेशानी होगी। वहीं बुधवार को मधुबनी सबसे गर्म रहा। जहां का अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रहा। 12.1 डिग्री के साथ सीतामढ़ी का न्यूनतम तापमान सबसे कम दर्ज किया गया है। पूरे प्रदेश में 15 मार्च से सुबह और शाम वाली ठंडी हवा खत्म हो जाएगी। पुरवा हवा फिर से चलने लगेगी। वहीं किसानों को फसल पर



खास ध्यान रखने के लिए कहा गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 15 मार्च के बाद यदि तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी होती है तो, ऐसी स्थिति में हल्की सिंचाई करते रहें। इससे तापमान का असर गेहूं की फसल पर नहीं पड़ेगा। राजधानी पटना में आज पूरे दिन मौसम सामान्य बना रहेगा। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास होगा।

## दो दोस्तों के साथ घर से निकला था सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने शव देखा

**मुंगेर।** में 18 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी संजय यादव का 18 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। थाना अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप है। परिजनों बताया कि मृतक युवक चंदन कुमार बुधवार की देर शाम अपने गांव के दो दोस्त शंकरपुर गांव निवासी धनंजय यादव का पुत्र सुधांशु कुमार और दूसरा संजय यादव का पुत्र शुभम कुमार के साथ गया था। आज गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के समीप एक बगीचा में पड़ा हुआ था। सुबह जब ग्रामीण मॉर्निंग वॉक के लिए निकले हुए थे तभी उनकी नजर पड़ी। ग्रमीणों ने युवक की पहचान की। इसके बाद परिजनों को



जानकारी दी गई।शंकरपुर नवादा निवासी पप्पू झा के बगीचे से शव मिला है। मृतक कक्षा नवम में रामलखन सिंह यादव उच्च विद्यालय शंकरपुर में पढ़ता था। मां की दस साल पहले मृत हो चुकी थी। छोटा भाई छोटू ने बताया बुधवार की रात दस बजे घर से दो लोगों के साथ निकला था। भाई ने कहा कुछ देर में आते हैं। कुछ देर बाद 8 से दस राउंड गोली चलने की आवाज आई। सुबह सूचना मिली की भाई को किसी ने गोली मार दी है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि एक युवक तक पता नहीं चल पाया है।

# एक शूटर को राजस्थान से पुलिस ने किया गिरफ्तार मुख्य आरोपी अबतक है फरार

**मोतिहारी।** पुलिस ने लक्ष्य राज हत्या कांड में 7 माह बाद खुलास किया है। हत्या में शामिल एक शूटर की राजस्थान से गिरफ्तारी हुई है। जिसने लक्ष्य की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उस हत्या कांड में शामिल होने के लिए उसे 20 हजार रुपए मिले थे। हालांकि मुख्य शूटर अब भी पुलिस के पकड़ से दूर है। मुख्य शूटर की गिरफ्तारी के बाद ही खुलासा होगा कि लक्ष्य की हत्या की साजिश किसने रची थी और किसने पैसा दिया था। शूटर नीतीश सहनी की गिरफ्तारी के बाद यह साफ हो गया है कि लक्ष्य की हत्या किसी ने पैसा दे कर कराया था, पूछ्ताछ में



नीतीश सहनी ने बताया कि उसके एक साथी ने उससे कहा कि एक काम करना है। इसके लिए 20 हजार रुपए तुम्हें मिलेंगे, पैसे के लालच में हम चले गए। गलती का पछतावा है। पूछताछ के दौरान उसने कहा कि हम से गलती हो गई है। हमे माफ कर दें। जब हम अपने साथी से पूछे कि किस लिए हत्या करना है। तो मेरा साथी ने बताया कि लकड़ी का मामला है। हम लोगों को पैसा मिल रहा है। बस इतना से ही मतलब रखो। हत्या के बाद राजस्थान चले गए। नीतीश सहनी ने बताया कि लक्ष्य की हत्या करने के बाद छिपा रहा, राजस्थान चला गया। वहां एक टापू पर मछली पकड़ने का काम करते थे, हमें अंदाजा भी नहीं था कि पुलिस यहां तक पहुंच जाएगी। और हम पकड़े जाएंगे। पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल रहा था, लगातार पुलिस अंधेरे में तीर मार रही थी। इसी बीच पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार को उनके एक गुप्तचर ने सूचना दी कि गांव में एक झगड़ा हुआ है।नीतीश सहनी ने धमकी दी है कि मार के फेंक देंगे और लक्ष्य की तरह पता भी नहीं चलेगा। जिसके बाद एसडीपीओ ने नीतीश की तलाश शुरू की तो पता चला कि वह जयपुर में है। वहा एक टीम को भेजा गया तो पता चला कि वह राजस्थान चला गया है। जिसके बाद पुलिस ढूंढते हुए एक टापू पर पहुंची जहां नाटकीय तरीके से उठा कर पकड़ीदयाल लाई। पूछताछ की गई तो हत्या का पूरा राज उगल दिया। अपने साथी के नाम का भी खुलासा कर दिया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। मधुबन थाना क्षेत्र में कृष्ण नगर में अपने फुआ के घर रह कर पढ़ाई कर रहे 10वीं का छात्र लक्ष्य को कोचिंग जाने में दौरान हरदिया पूल पर 17 अगस्त 2023 की अहले सुबह एक बाइक पर सावर तीन अपराधियों ने गोली मार मौत के घाट उतार दिया था। लक्ष्य की हत्या के बाद परिजनों ने पुलिस पर कई तरह के आरोप भी लगाए, जिसके बाद कई नेता लक्ष्य के पिता फेनहारा थाना के मनकरवा गांव निवासी बसंत सिंह से मिलने पहुंचे। परिजनों ने मधुबन में सड़क जाम भी किया। पुलिस के समझाने के बाद परिजन शांत हुए। लक्ष्य की हत्या के एक माह बीत जाने के बाद जब पुलिस किसी को नहीं पकड़ सकी तो उसके भाई अंकित सिंह ने सोशल मीडिया से लोगों से अपील की थी कि मेरे भाई की हत्या करने वालों के बारे में जो भी बताएगा उसे एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उसके नाम को गुप्त रखा जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### कटिहार में 24 से ज्यादा बदमाशों ने की डकैत



**कटिहार।** में 8 मार्च की रात शेख जरदीश के घर में 24 से ज्यादा डकैत घुसे थे। परिवार को बंधक बनाकर डकैत कैश और ज्वेलरी ले गए थे। बुधवार को एसपी जितेंद्र कुमार ने इस मामले का खुलासा किया है। एसपी को आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि हमें पता चला कि जिन्न ने शेख के घर में सोने का घड़ा रखा है। इसके बाद सभी ने मिलकर डकैती की प्लानिंग की थी। हालांकि उन्होंने कहा कि ये एक अंधविश्वास है। आरोपियों ने बताया कि गांव में अफवाह फैली थी कि शेख के घर चिराग से जिन्न निकला है। जिन्न ने सोने-चांदी से भरा घड़ा घर में रखा है। ये अफवाह गांव में आग की तरह फैलती गई। जिसकी भनक गांव के ही शख्स मोहम्मद अकील को लगी। उसने डकैतों के साथ मिलकर डकैती की साजिश रच डाली। हथियार के बल पर डकैतों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। फायरिंग की और दहशत फैलाने के लिए बम भी फोड़े और नगद-जेवरात लूट लिए थे। मामला आजमनगर थाना क्षेत्र के जजला गांव का है। एसपी ने डकैती मामले का खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस ने इस घटना में शामिल चार डकैतों को गिरफ्तार कर लिया है। चारों में भुवनेश्वर केवट, जाकिर हुसैन, अरविंद घोष और मोहम्मद अकील शामिल हैं। इनके पास से देसी पिस्तौल, 3 कट्टा, 6 कारतूस, 2 बस, 2 मैगजीन और लूटे गए आभूषण के साथ 20,600 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। वारदात में 24 से ज्यादा डकैत शामिल थे। बाकी की गिरफ्तारी भी की जाएगी। गिरफ्तार डकैतों से पुलिस पूछताछ कर रही है। उनकी निशानदेही पर बाकी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हाजीपुर सीट लेकर पारस को पटखनी दी



**पटना।** आखिरकार तेजस्वी यादव, चिराग पासवान को अपनी तरफ लाने में सफल नहीं हो सके। इसे गठबंधन इंडिया की बड़ी पॉलिटिकल हार मानी जा रही है। जाहिर है चिराग का बीजेपी के साथ समझौते का फायदा बीजेपी को मिलेगा और नुकसान आरजेडी-कांग्रेस को। जानकारी है कि आरजेडी की तरफ से हाजीपुर समेत छह से अधिक सीटों का ऑफर चिराग पासवान के लिए था, लेकिन चिराग पासवान ने इंतजार किया। चिराग पासवान ने इसकी परवाह नहीं की कि नीतीश कुमार के साथ एनडीए गठबंधन में वे किस तरह से रहेंगे। पिछले विधान सभा चुनाव में चिराग पासवान अपनी झोपड़ी में चिराग नहीं जला पाए थे, लेकिन 20 से अधिक सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को नुकसान पहुंचाने में वे सफल रहे थे। इससे बीजेपी का नंबर विधान सभा में बढ़ा। हालांकि तब चिराग पर यह आरोप लगा था कि कुछ सीटों पर चिराग की वजह से बीजेपी को भी नुकसान पहुंचा। लेकिन जो भी हो बीजेपी चिराग के जरिए खेल करने में कामयाब रही थी! बीजेपी के कई नेताओं को चिराग की पार्टी से लड़ाया गया था। हार के बाद ऐसे नेता बीजेपी में लौट भी गए। दिनारा, महुआ, मटिहानी, महिषी, जहानाबाद,कुर्था, नोखा, सासाराम की सीट पर तो दिलचस्प मुकाबला हुआ था। दिनारा में तो नीतीश कुमार के मंत्री जय कुमार सिंह को हराने में राजेंद्र सिंह ने बड़ी भूमिका निभाई। आरजेडी के विजय कुमार मंडल को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले जबकि जय कुमार सिंह को 21 हजार वोट। यहां एलजेपी उम्मीदवार राजेंद्र सिंह को 46 हजार से ज्यादा वोट मिले थे।

### पहले मुंह से झाग निकला फिर बिगड़ी तबियत गंभीर हालत में जीएमसीएच में एडमिट



**पूर्णिया।** में खेल-खेल में 2 मासूम बच्चों ने जहरीला कीटनाशक पी लिया। जहरीला कीटनाशक पीते ही दोनों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने बच्चों को जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया। जहां बच्चों की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। घटना मरंगा थाना क्षेत्र की है। बच्चों की पहचान मरंगा थाना क्षेत्र के बादलपुर निवासी मो निहाल के बेटे अनस (3) और मो असफाक के बेटे शोएब (3) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि बच्चे रोजाना की तरह पड़ोस में बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान खेल -खेल में बच्चों ने घर में रखा घास जलाने वाला जहरीला कीटनाशक पी लिया। इतने में ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और फिर बच्चों के मुंह से झाग निकलता देखा। जिसके बाद उन्हें बच्चों के कीटनाशक पीए जाने का शक हुआ। बाहर जाकर देखने पर कीटनाशक का बोतल खाली फेंका गया था। वहीं बच्चों का तबीयत बिगड़ता देख आनन-फानन में जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां बच्चों की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। वहीं, घटना की जानकारी देते हुए ऋटउल्ठ के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों ने काफी मात्रा में अनजाने में कीटनाशक का सेवन कर लिया है। जिसके कारण बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# उम्मीदवारों को ऑनलाइन मिलेगी रैली/जुलूस निकालने की अनुमति : DM



**बरेली ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी के संबंध में व निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में उम्मीदवारों द्वारा रैली/जुलूस निकालने व गाड़ियों आदि की परमिशन लेने की प्रक्रिया अब ऑनलाइन हो गयी है, जिसके लिये विभागवार नोडल अधिकारियों तैनात है जो अनुमति प्रदान करेंगे। उम्मीदवारों के अनुमति सम्बन्धी प्रकरणों को ऑनलाइन आवेदन करवाना और ससमय से अनुमति प्रदान करना उनका दायित्व है। जो सरकारी अधिकारी/कर्मचारी उम्मीदवारों के साथ ड्यूटी करते हैं वह अपनी ड्यूटी ही करें, उम्मीदवार के प्रचार-प्रसार में सहयोग ना करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही यथाशीघ्र पार्टियों के प्रचार-प्रसार को हटा दिया जाये और सरकारी प्रापर्टी पर कोई प्रचार-प्रसार नहीं होना चाहिए। प्राइवेट प्रापर्टी पर परमिशन लेकर प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। सीजर के सोर्स के बारे में भारत निर्वाचन आयोग बहुत संवेदनशील है, चाहे कैशे हो, शराब हो या ड्रंग्स हो। अतः इस कार्य हेतु नामित नोडल अधिकारी सभी जानकारी अपने समस्त नीचे वाले अधिकारियों/कर्मचारियों मीटिंग कर बता दें और टीम के सभी सदस्य आपस में एक-दूसरे का नम्बर ले लें। निर्वाचन के समय किसी प्रकार की इमरजेंसी, मेडिकल और मैटरनिटी को छोड़कर लीव नहीं दी जायेगी और उक्त के सत्यापन के लिये भी मेडिकल बोर्ड बनेगा। पहले दिन जो कार्मिक प्रशिक्षण में नहीं आये तो नोटिस दी जायेगी तथा दूसरे दिन नहीं आये तो दोपहर तक एफआईआर करायी जायेगी। समस्त पीठासीन अधिकारी प्रमाणपत्र देगें कि ईवीएम के प्रोसीजर को समझ गये हैं।

जिलाधिकारी ने बूथ मैनेजमेंट के सम्बन्ध में बात करते हुये कहा कि कोई ऐसा बूथ तो नहीं है जहां बड़ी गाड़ी ना जा पाये एक बार पुनः देख कर रिपोर्ट दें, जिससे वहां के लिये छोटे वाहन की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर बूथ का नम्बर, बीएलओ का नाम, मोबाइल नम्बर, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस का नाम अनिवार्य रुप से लिखवाया जाये। समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार/क्षेत्राधिकारी पुलिस आदि क्रिटिकल/वनरेबल बूथों को अनिवार्य रुप से देख लें और दिनांकवार निरीक्षण की सूची भी बनाकर रख लें। मॉडल बूथ, पिंक बूथ पर समस्त व्यवस्थाएं अनिवार्य रुप से सुनिश्चित की जायें। जिन बूथों पर दिव्यांग मतदाता नहीं है उनको आवंटित व्हील चेयर जहां दिव्यांग वोटर ज्यादा हैं वहां भेज दी जायें।

# उद्योग व्यापार मंडल ने किया संगठन का विस्तार




**बरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आज बैक्मा हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि आज अत्यंत हर्ष का विषय है कि संगठन परिवार से जुझारू व्यापारी साथी जुड़ रहे हैं। जिसमे मुख्य रूप से अभय अग्रवाल,हर्ष अग्रवाल,पवन निहलानी,प्रशांत सक्सेना,विनीत मेहरा,अनिल अग्रवाल,वंशीधर अग्रवाल,उमेश अग्रवाल, बादल अग्रवाल,गीता शर्मा, लाखन सिंह,हरित अग्रवाल, शिवेंद्र सिंह,अनिल गर्ग,सुनील अग्रवाल, शिवेंद शर्मा,मयंक खंडेलवाल,कमल चौहान,राजेश खुराना,सचिन मककर आदि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल छोड़ कर घर बापसी करते हुए संगठन से जुड़ गए हैं। इसमें पवन निहलानी को जिला प्रभारी,अभय अग्रवाल को जिला सयुक्त महामंत्री,हर्ष अग्रवाल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महानगर अध्यक्ष सुधीर गोयल ने कहा कि संगठन में जुझारू साथियो के जुडने से व्यापारी समाज की ताकत बढेगी। संगठन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में सम्मिलित हुए सभी साथियों का हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन करता है। प्रेस वार्ता में सुरेंद्र रस्तोगी,सुधीर गोयल,मुकेश सिंघल,अंकुर सक्सेना, डॉ.रजनीश सक्सेना,राज गोपाल खट्टर,मनीष रस्तोगी, राशिद अली,दीपक रस्तोगी,हरीश सूरी,अरुण भसीन,राजन गुप्ता,विजय अग्रवाल,राजीव मदान, जितेंद्र अग्रवाल,संजय गर्ग, कवलजीत प्रिंस सोडी, विक्की मित्तल,राज कपूर,सतनाम सिंह,अश्विनी खेरा, सनी भाटिया,वीरेंद्र देवल,योगेश सक्सेना,सागर रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### बीडीए ने जनता को दी,होली से पूर्व नाथधाम टाउनशिप की सौगात

**बरेली।** बदायूं रोड पर गंगा एक्सप्रेसवे के पास बरेली विकास प्राधिकरण 110 हेक्टेयर जमीन पर नाथधाम औद्योगिक विकास के लिए डिमांड सर्वे शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए 14 मार्च से पंजीकरण शुरू होकर 13 अप्रैल तक चलेंगे। आवंटियों की सुविधा केलिए इच्छुक प्राधिकरण की वेबसाइड पर आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रामगंगानगर और ग्रेटर बरेली की कामयाबी के बाद बीडीए ने बदायूं रोड पर गंगा एक्सप्रेसवे केसमीप 110 हेक्टेयर जमीन पर छह गांवों की जमीन पर सैतालीस ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहण करने केलिए सहमति बनाई जारही है। नाथधाम औद्योगिक विकास केलिए भूखंडों का आवंटन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। औद्योगिक विकास के लिए 800 वर्ग मीटर,1000 वर्गमीटर,1800 और 5000 वर्ग मीटर भूखंड उपलब्ध कराए जा सकेंगे। जिसकी कीमत 15250 रूपए प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। बीडीए वीसी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि कामगारों की सुविधा के लिए टाउनशिप आवासीय कालोनी का भी निर्माण कराया जाएगा।

### भाजपा ने की विकसित भारत की परिकल्पना', मथुरा में बोलीं हेमा मालिनी

**विजय नागपाल।**

**मथुरा।** भाजपा महानगर द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प पत्र संकलन अभियान के तहत गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद हेमा मालिनी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। हम विकसित मथुरा के लक्ष्य पर काम करें। सांसद ने कहा कि जिले से उनका आध्यात्मिक जुड़ाव है। देश में भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है। इसे पूरा करने का वादा भी किया है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया है। यह बातें बुधवार को सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा में कहीं। भाजपा महानगर द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प पत्र संकलन अभियान के तहत गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद हेमा मालिनी शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग को आमंत्रित कर उनसे 2047 के विकसित भारत और विकसित मथुरा के लिए लिखित रूप में सुझाव मांगे। कार्यक्रम में सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। हम विकसित मथुरा के लक्ष्य पर काम करें। सांसद ने कहा कि जिले से उनका आध्यात्मिक जुड़ाव है और बृजवासियों के सुझाव के आधार पर ही भाजपा का संकल्प पत्र बनेगा और उनकी मंशा के अनुरूप ही बृज का विकास होगा

### यमुना एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने जांच के लिए ट्रक रोका। 20 लाख की शराब बरामद हुई है।

**विजय नागपाल**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बृहस्पतिवार की देर रात पुलिस ने शराब लदा ट्रक पकड़ा। इसमें करीब 20 लाख रुपये का माल बरामद हुआ है। एक तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। यह माल लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए राजधानी लखनऊ ले जाया जा रहा था। मांट थाना पुलिस देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दैरान जाबरा टोल प्लाजा के पास एक ट्रक आया। पुलिस ने जांच के लिए रोका। अंदर देखा तो उनकी आंखें खुली रह गईं। इसमें शराब की पेटियां लदी थीं। जांच करने पर 550 पेटियां बरामद हुईं। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि करीब 20 लाख की शराब बरामद हुई है। शराब तस्कर भी पकड़ा गया है। यह हरियाणा से लखनऊ ले जाई जा रही थी। लोकसभा चुनाव के दौरान खपाने का प्लान था। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### महिला सशक्तिकरण के उपलक्ष्य में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया




**बरेली।** रचनात्मक लेखन मंच न्यास वाराणसी उप शाखा बरेली द्वारा प्रभात नगर स्थित श्री कृष्ण मंदिर में नारी सशक्तिकरण के उपलक्ष्य में क्रिथिक्स स्कूल की अध्यापिका दीपिका एवं अन्य सेवाओं में कार्यरत सनकृष्ण प्रिया, राधा, माननी, कृष्णासंगिनी को सम्मानित किया एवं छोटे बच्चों के मध्य भी पुरस्कार वितरण किया । संस्था सचिव डॉक्टर विनीता सिंह ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए नारी अस्मिता पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संयोजिका गीता श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रकृति और जीवन से जुड़े रहने की अपील करते हुए सभी को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

### सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बरेली।** लंबे समय से नगर निगम के कर्मचारी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसको लेकर कुछ दिन पहले नगर निगम में प्रदर्शन भी किया गया था। उसके बाद आज तक उनकी कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अपनी समस्या को समाधान को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाअधिकारी को प्रेषित किया है। ज्ञापन देने आए स्थानीय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी ने बताया कि स्थाई संविदा ठेका कर्मचारियों की लंबे समय से कई समस्याएं हैं। जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है। संघ के पदाधिकारी से मौखिक वार्ता कर वह समस्या के निदान की मांग करते है। इस दौरान अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कहा कि वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। वर्षों से कार्य कर रहे ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तित किया जाए। साथ ही समान कार्य का समान वेतन 18000 रुपए प्रतिमाह दिया जाए। अगर जल्दी उनकी समस्या का निस्तारण नहीं होता है।

# अधिकारियों के नेतृत्व में स्टैंडर्ड क्लब की छात्र छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के बारे में दी जानकारी



**अमरोहा।** अमरोहा शहर के जे एस हिंदू इंटर कॉलेज अमरोहा में भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा से आए अधिकारियों के नेतृत्व में स्टैंडर्ड क्लब की छात्र छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।

तथा प्रतिभागियों को विभिन्न वस्तुओं के लिए मानक बनाने की प्रक्रिया समझायी गई । दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं जैसे विद्युत प्रेस, प्रेशर कुकर , पंखा, फ्रिज ,हेल्मेट, पानी की बोतल तथा सोने के विभिन्न आभूषणों की गुणवत्ता किस प्रकार सुनिश्चित की जा सकती है


इसके विषय में विस्तार से समझाया गया । उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए एक प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न ग्रुपों में बांट कर मानक लिखवाने की प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें आकांक्षा तथा गौरी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर 1000 द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने पर जितेन्द्र तथा रूपेन्द्र मंडल को 750 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर संध्या तथा सलोनी को 500 नकद देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन प्रियांशु आर्य एवं राहुल जी विद्यालय के प्रधानाचार्य डा जी पी सिंह जी ,डा राजवीर सिंह यादव, शैलेष कुमार पंकज,डा नरेश कुमार, डा शिव शंकर यादव,डा वी के शुक्ल , अवधेश कुमार, अनिल कुमार, पुष्पेन्द्र यादव, राधेश्याम, करतार सिंह यादव उपस्थित रहे ।

# जाल साजों ने तोड़ दिया हदों का बांध यू पी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर किया कब्जा











**बरेली।** फर्जी आधार कार्ड ब ड्राइविंग लाइसेंस के सहारे बरकत नवी ब बरकत की पत्नी अथवा बरकत का भतीजा अमान जो पेसे से वकील है बक्फ की करोड़ों की संपति पर किया अवैध कब्जा जिसकी वसियत मुसर्रत नवी खां ने रूमाना को की थी बरेली सिविल लाइन 109 रूमाना के नाम का अधार कार्ड ब ड्राइविंग लाइसेंस का दुरपयोग कर रहे बरकत नवी ब इनकी पत्नी और बरकत का भतीजा अमान ने एक बहुत ही बड़ा सडियंत्र रच कर रूमाना की संपत्ति जो मुसर्रत नवी खां ने अपनी मृत्यु होने से पहले रूमाना के नाम रजिस्टर्ड वसियत की थी। पीड़ित रूमाना ने एक पत्र मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को भी भेजा है और जिलाधिकारी बरेली ब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से न्याय की गुहार लगाई है दोनों अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं जांच कर रहे उङ्ग निङ्ग थाना कोतवाली प्रवीण कुमार द्वारा की गई जांच में बताया गया की मैके पर जाकर सारा विवरण लिखा गया है परंतु रूमाना ने बताया की मेरे पास कोई भी जांच करने नही आया यदि आया होता तो मैं उसको अपने सभी दस्तावेज की छाया प्रति उपलब्ध करा देती लेकिन जांच करता ने बरकत नवी से साठ गांठ करके इकतरफा रिपोर्ट लगा कर मुझे दोशी ठहराया है जांचकर्ता द्वारा मेरी छवि को धूमिल किया गया है मैं इस रूमाना ने बताया अभी हाल ही में विसरत गंज थाने के निकट बाजार लगता है बाजार की कुछ संपत्ति लगभग 120 गज के आस पास बरकत नवी ब बरकत की पत्नी अथवा अमान इन तीनों ने मिलकर किसी डॉक्टर रेहान को फर्जी तरीके बेच दी है



जब की इन तीनों का न तो बक्फ नामे ब वसीयत ब खतौनी में कोई नाम दर्ज नहीं है रूमाना ने यह भी बताया बरकत नवी ने अपना नाम रूमाना के 109 सिविल लाइन वाले मकान पर भी लिखवा रखा है जबकि यह गैर कानूनी है जांचकर्ता प्रवीण कुमार द्वारा पूरे मामले की कोई भी जांच नही की गई बरकत नवी ब बरकत की पत्नी अथवा बरकत का भतीजा अमान ने बक्फ सम्पत्ति पर नाजायज कब्जा कर रखा है यह मकान जर्जर हालत में है रूमाना ने बताया कि यह एक बहुत बडी साजिश है पीड़िता रूमाना को इंसाफ नही मिला पूर्व जांच से संतुष्ट न होकर एस एस पी बरेली से आज फिर इंसाफ की गुहार लगाई।

# श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में धडल्ले से शराब बिक रही है।

**विजय नागपाल।**

**मथुरा।** वैसे तो नियम रात 10 बजे तक ही शराब बेचने के हैं लेकिन मथुरा में इन नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। कान्हा की नगरी में पूरी रात अवैध तरीके से शराब और बीयर परोसी जा रही हैं। इसके लिए बस 100 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। पुलिस और अधिकारियों को इसकी जानकारी है। यूं तो आबकारी नियमों में रात 10 बजे के बाद शराब बिक्री पूरी तरह से बंद है, लेकिन कान्हा की नगरी में पूरी रात अवैध तरीके से शराब और बीयर परोसी जा रही हैं। इसके लिए बस 100 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। फिर चाहे नेशनल हाईवे हो या फिर सौंख रोड। कहीं भी जाओ, अधिक रुपये देकर बोतल, पव्वा या हाफ आसानी से ले आओ। पियक्कड़ों को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग अनजान बने हुए हैं। जिले में शराब और बीयर के पियक्कड़ों की मौज चल रही है। रात में कितने भी बजे हो, शराब और बीयर उन्हें आसानी से मिल रही है। आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे-19 पर न्याति अस्पताल के सामने शराब और बीयर की दुकान हैं, जो आबकारी नियमों के अनुसार रात 10 बजे बंद हो जाती हैं। लेकिन दुकान के शटर गिरने के बाद बगल में स्थित एक गेस्ट हाउस और परचून की दुकान से रात भर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। दिलचस्प बात है कि 112 पीआरवी को भी जानकारी है, लेकिन वह एक पव्वा लेकर आंख बंद कर लेती है। वहीं आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर कार्रवाई करने नहीं आते हैं। ऐसे में हाईवे पर कभी भी हादसे की संभावना बनी रहती है अवैध तरीके से शराब की बिक्री करने वालों ने तरह-तरह के तरीके इजात कर रखे हैं। सौंख रोड स्थित बीयर की दुकान पर शटर के ठीक नीचे एक गड्ढा बना रखा है। रात 10 बजे के बाद इसमें रुपये डालो तो अंदर से बीयर की बोतल दी जाती है। आबकारी इंस्पेक्टर रात में कभी भी इन दुकानों की जांच करने नहीं पहुंचते हैं। शराब-बीयर के सेवन को आबकारी विभाग बार का लाइसेंस देती है। लेकिन छाता तहसील में आबकारी विभाग के नियमों को कुछ दुकानदारों ने ताक पर रख दिए हैं। जगह-जगह पर खुलकर पियक्कड़ों को शराब और बीयर पीने की अनुमति दी जा रही है। इससे महिलाओं और युवतियों को मार्ग के निकलने में संकोच करना पड़ता है। वहीं पुलिस के सिपाही भी पूरी तरह से अनजान बने हुए हैं। कार्रवाई नहीं होने से दुकानों के बाहर पियक्कड़ों का जमावड़ा लग रहा है। रात 10 बजे के बाद शराब-बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध है। हाईवे स्थित शराब बिक्री की आबकारी इंस्पेक्टर को भेजकर जांच कराई है। इसमें दुकानदार द्वारा शराब बिक्री सामने नहीं आया है। फिर भी इंस्पेक्टर को कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। अन्य दुकानों पर रात को टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। -कुमार प्रभात चंद्र, आबकारी अधिकारी।

# एमबीबीएस के दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत , दो गंभीर रूप से घायल



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण हादसे में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के दो छात्रों की मौत हो गई ।और घटना में दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ मृत छात्रों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही जिले के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाडर को पार करती हुई दूसरी तरफ चली गई , इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दो छात्रों की मौत हो गई , साथ ही दो छात्राओं का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि छात्र एग्जाम देकर ज्योति कॉलेज से लौट रहे थे , हालांकि चर्चा इस बात की है छात्र एग्जाम समाप्त होने के बाद पार्टी के लिए बरेली गए थे और वापसी में हादसा हो गया। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि बीती रात देररात को हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई जबकि दो का अस्पताल में इलाज चल रहा रहा है। मीरगंज तहसीलदार आशीष कुमार ने बताया कि देर रात हुई घटना में दीपक भाटी व राहुल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही घटना में गभीर रूप से घायल कृष्णा यादव और आयूष पोरवाल दिल्ली रेफर कर दिया गया है। जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# एनजीटी सख्त, डीएम को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश

**अमरोहा ।** अमरोहा नगर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर रशीदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय, मेस्को पब्लिक स्कूल और मेस्को इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी, मेस्को इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की इमारत खड़ी करने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए मान्यता लेने के मामले में अब राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी ) प्रधान पीठ ने जांच बैठा दी है। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेक्रेटरी और अमरोहा डीएम को नामित किया है। इतना ही नहीं पीठ ने एक सप्ताह के भीतर मामले की संपूर्ण रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद से अवैध कब्जा कर इमारत खड़ी करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अमरोहा निवासी डॉ. सैयद तौसीफ ने एनजीटी ने दायर की थी याचिका

आपको बता दें कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी ) प्रधान पीठ ने यह निर्देश अमरोहा निवासी डॉ. सैयद तौसीफ की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए है। दरअसल, उनका आरोप है कि तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर चार शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए हैं। इतना ही नहीं तालाब की जमीन पर इमारत खड़ी करके गलत तरीके से मान्यता ली है। जबकि तालाब की प्रवृत्ति को किसी भी कीमत पर बदला नहीं जा सकता है। पहले नक्शा खारिज हो




चुका है, लेकिन बाद में फर्जी दस्तावेज तैयार करके दोबारा अनुमति ले ली गई है। आपको बता दें कि अमरोहा के मोहल्ला गस्तियान निवासी डॉ. सैयद तौसीफ ने मुख्यमंत्री एवं एमजेपी रुहेलखंड विद्यालय के रजिस्ट्रार को शिकायत करते हुए राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय के अध्यक्ष कमाल फारूकी पर मेस्को स्कूल और फामेर्सी कॉलेज की इमारत तालाब की भूमि में बनाने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत के बाद हरकत में आए प्रशासन ने तहसीलदार से मामले की जांच कराई थी। साथ ही तालाब की भूमि को खाली करने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में धवस्तीकरण की कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। उधर इस मामले में नियत प्राधिकारी एवं एसडीएम विनियमित क्षेत्र सुधीर कुमार ने बताया कि निजामपुर गर्मी में गाटा संख्या 311 अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। चकबंदी के बाद ये गाटा संख्या 403 और 404 बन गए हैं। तालाब की जमीन होने के बावजूद मेस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी, मेस्को पब्लिक स्कूल और रशीदा बेगम महाविद्यालय की इमारतें खड़ी कर दी गईं। इस मामले में रशीदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय समेत सभी संस्थाओं से जुड़े दस्तावेज तलब किए थे। जिसके बाद मामले में कार्रवाई करते हुए नक्शा निरस्त कर दिया गया था। इससे पहले फामेर्सी कॉलेज की इमारत का नक्शा निरस्त किया जा चुका था। उधर मामले में लापरवाही सामने आने पर डॉ. सैयद तौसीफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी ) और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में याचिका दायर करते हुए तालाब की भूमि पर कब्जा करने आई इमारत खड़ी करने का आरोप लगाया था। जिस पर एनजीटी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अमरोहा जिलाधिकारी को नामित किया है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है।

# कांग्रेस की गारंटी

सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद नारी न्याय गारंटी को देखा जाना चाहिए। इसके तहत कांग्रेस सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। जाहिर है, ऐसी कोई योजना अभी किसी पार्टी के पास नहीं है, तो इसकी चर्चा जरूर होगी। आधी आबादी पूरा हक के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार की आधी भर्तियों पर महिलाओं का हक सुनिश्चित करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक स्वाभाविक उत्साह के साथ यह बताया है कि शक्ति का सम्मान के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना कर दिया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हरेक पंचायत में एक न्याय मित्र या पैरा-लीगल पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा। पहली नजर में यह भी सामाजिक रूप से एक उपयोगी योजना नजर आती है। पांचवीं गारंटी के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाने की बात कही गई है। महिला केंद्रित इन पांच गारंटी की सामाजिक चर्चा सुनिश्चित है, किंतु चुनावी रूप से इसका कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश से पहले कांग्रेस युवाओं के लिए भी पांच बड़ी घोषणाएं कर चुकी है। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 लाख रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का भी वादा कांग्रेस ने किया है, जिसमें परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति तक की स्पष्ट समय-सीमा होगी। वाकई देश में कई कारणों से अनेक बड़ी भर्तियों में जरूरत से ज्यादा समय लग रहा है और इसका चुनावी लाभ कांग्रेस उठाना चाहती है, तो आश्चर्य नहीं। पार्टी ने पेपर लीक से मुक्ति का कानून बनाने का भी वादा किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आने पर रोजगार क्रांति का वादा कर रही है, तो यह नौजवान वोटरों की नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश ही है। दूसरी पार्टियों के घोषणापत्र में भी रोजगार का मुद्दा खास रहने वाला है। कांग्रेस की घोषणाओं का अपना महत्व है, लेकिन यही घोषणाएं अगर मजबूत विपक्षी इंडिया ब्लॉक के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती? गठबंधन की मुश्किल राह पर क्या कांग्रेस की इन घोषणाओं का सकारात्मक फायदा होने वाला है? क्या कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें? यह बात छिपी नहीं है कि जन-धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या स्वच्छता या आवास संबंधी योजनाएं, ऐसी तमाम योजनाओं ने भाजपा की बुनियाद को मजबूत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इन तमाम योजनाओं से सीधे महिलाओं को लाभ हुआ है और भाजपा की जीत में महिलाओं के योगदान से कौन इनकार कर सकता है?

# दो दलों की कहानी

अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने के लक्ष्य का एलान करके आगामी आम चुनाव के लिए अपना दांव ऊंचा रखने के बाद, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को पुनर्जीवित करने के वास्ते देश भर में राजनीतिक साझेदारों को जुटा रही है। जिस तत्परता के साथ भाजपा सहयोगियों को अपने साथ जोड़ रही है, उसी तरह 2023 के मध्य में क्षितिज पर उभरने वाले विपक्षी दलों के काल्पनिक गठबंधन, अगर उसने वाकई कभी कोई ठोस शक्ल ली हो तो, की गुत्थियां भी सुलझ रही हैं। भाजपा ने चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने का एलान किया है। तेलुगू देशम पार्टी आंध्र प्रदेश के लिए किये गये वादों के अधूरे रहने के मुद्दे पर 2018 में भाजपा से अलग हो गई थी। श्री नायडू ने आहिस्ता-आहिस्ता खुद को विपक्ष से दूर कर एनडीए में वापसी की राह बना ली है। भाजपा ओडिशा में बीजू जनता दल के साथ 1998-2009 के दौरान बने अपने गठबंधन को पुनर्जीवित करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। अकाली दल को किसानों के आंदोलन के खत्म होने का इंतजार है ताकि वह संभावित रूप से एनडीए खेमे में वापस लौटने का अपना अगला कदम उठा सके। तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को वापस एनडीए के पाले में लाने की कोशिशें जारी हैं। हाल के तमाम उलट-पलटों में सबसे उल्लेखनीय बदलाव जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है, जो बीते महीनों में अपनी हार के लिए भाजपा को कसूरवार ठहराने के बाद अब केंद्र की सत्ता में उसे लगातार तीसरी बार बिठाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उधर तुलनात्मक रूप से, विपक्षी खेमे में कायम अव्यवस्था पूरी तरह साफ है क्योंकि पार्टियां और मुख्तलिफ नेता उछलकर भाजपा की गाड़ी में सवार हो रहे हैं। कमजोर इंडिया ब्लॉक को तृणमूल कांग्रेस जैसे सहयोगियों के साथ पटरी बिठाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कांग्रेस के साथ हफ्तों की बातचीत के बाद, तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया और प्रमुख विपक्षी दल के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा। जले पर नमक छिड़कते हुए, ममता बनर्जी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ बहरामपुर से क्रिकेटर यूसुफ पठान को मैदान में उतार दिया है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



सिख नव वर्ष की शुरूआत पर हार्दिक शुभकामनाएं। वाहेगुरु की असीम कृपा सभी प्राणियों को कल्याण और प्रचुरता प्रदान करे। गुरु साहिबों का ज्ञान हमारे समाज को अपने उज्ज्वल मार्गदर्शन से आलोकित करता रहे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



देश भर के सिख बहनों-भाइयों को सिख नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सभ्यता की जड़ों से जोड़ने का दिन है। सिख गुरुओं के उपदेश, शिक्षाएं और मानवता की सेवा के प्रति उनका संकल्प हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। मैं वाहे गुरु जी से सभी के जीवन में खुशियां व उमंग के संचार की प्रार्थना करता हूं।

**(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)**



अगर आपके बच्चों में शिक्षा की लगन है और अंग्रेजी माध्यम (उइरए) से शिक्षा आपका सपना है तो परिवार की आर्थिक स्थिति उसमें बाधा नहीं बनेगी। डिजिटल स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन करें।

**(सीएम चम्पाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

**ANALYSIS**



विकास सक्सेना

कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी निजी सम्पत्ति की तरह इस्तेमाल कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार हमारा है।

अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी निजी सम्पत्ति की तरह इस्तेमाल कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर



अधिकार हमारा है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपी शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था। शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल -ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल के एक छोटे सुदूर गांव संदेशखाली जहां पहुंचने के लिए धामाखाली से नाव में सवार होकर इच्छामती नदी को पार करना पड़ता है। वहां की पीड़िताओं ने पूरे पश्चिम बंगाल के वातावरण का बदल कर रख दिया है। मां, माटी और मानुष की बात करने का दावा करने वाली ममता बनर्जी पर आरोप लग रहे हैं कि पीड़िताएं अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की होने के कारण इनके लिए उनकी संवेदनाएं नहीं जगीं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की राजनीतिक हैसियत का अंदाजा विधानसभा चुनाव 2021 के परिणामों से आसानी से लगाया जा सकता है। यहां की 292 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में से 213 पर टीएमसी, 77 पर भाजपा और दो सीटों पर अन्य दलों के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। चुनाव नतीजे आने के बाद टीएमसी कार्यकताओं ने अराजकता की सारी सीमाएं पार कर दीं। टीएमसी के गुंडो पर भाजपा समर्थक महिलाओं के साथ बलात्कार के भी आरोप लगे। इसके बाद किसी ने सिर मुंडवाकर तो किसी ने नाक रगड़कर भाजपा को छोड़कर टीएमसी का दामन थाम लिया। अब कई सामाजिक और राजनीतिक चिंतकों का मानना है कि संदेशखाली ममता बनर्जी के लिए वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह हो सकता है। विधानसभा चुनाव 2006 में 233 सीटें जीतकर सीपीएम नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य ने सत्ता में वापसी की थी। तब ममता बनर्जी की पार्टी महज 30 सीटों पर सिमट कर रह गई थी। लगातार तीन दशक के शासन के बावजूद प्रचंड जीत से उत्साहित बुद्धदेव भट्टाचार्य ने हल्दिया बंदरगाह के निकट एक छोटे गांव नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने की जिद ठान ली। इसके लिए इंडोनेशिया के सलीम ग्रुप को 10 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना था। लेकिन नंदीग्राम के किसानों ने अपनी जमीन देने से इनकार कर दिया। उनका नेतृत्व वहां के स्थानीय नेता और कांथी के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने किया। ममता बनर्जी भी आंदोलनकारियों के साथ हो गईं। इन आंदोलनकारियों ने इस इलाके की नाकेबंदी करके सरकारी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इससे बलपूर्वक निपटने के लिए आज से 17 साल पहले 14 मार्च को 2500 पुलिसकर्मियों का एक जत्था नंदीग्राम भेजा गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच हुई गोलीबारी में 14 लोगों की मौत हो गई। आरोप तो यहां तक है कि पुलिस दस्ते में करीब 400 सीपीएम के कार्यकर्ता शामिल थे। और गोलीबारी के बाद 100 से अधिक लोग लापता थे। इस घटना और इसके बाद सिंगूर में टाटा के प्लांट को लेकर हुए संघर्ष ने पश्चिम बंगाल का माहौल बदल दिया। यहां लगभग 34 साल के वामपंथी शासन को उखाड़ कर 2011 में ममता बनर्जी सत्ता पर काबिज हुईं। अब माना जा रहा है कि संदेशखाली में जिस तरह शेख शाहजहां को बचाने के प्रयास किए गए उससे ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ आम लोगों में आक्रोश है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# पाकिस्तान की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनाव में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें ₹मिस्टर टेन परसेंट₹ का लेबल दिया। उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया, जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया। पर, आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी। अगर जरदारी की भारत को लेकर रही सोच की बात करें तो वे कम से कम अपने ससुर जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह भारत विरोधी कभी नहीं लगे। वे कभी भारत नहीं आए हैं। उनकी अजमेर में गरीब नवाज की चौखट पर हाजिरी देने की ख्वाहिश थी। सन 2008 में पूरी होते-होते रह गई थी। तब जरदारी भारत आने वाले थे। पर वे चाहकर भी भारत नहीं आ पाए। उनका इरादा यही था कि दिल्ली आएंगे तो अजमेर में ख्वाजा मुईनउद्दीन चिश्ती की मजार पर चादर तो चढ़ा ही लेंगे। दरअसल तब उन्हें राजधानी में एक अंग्रेजी अखबार की तरफ से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए दावत दी गई थी। पर अफसोस कि तब भारत-पाकिस्तान के संबंधों में मौजूदा गर्मजोशी नहीं थी। तनाव को साफतौर पर महसूस किया जा सकता था। जाहिर है, जरदारी भारत नहीं आ पाए थे। जरदारी को इस बात जानकारी होगी ही कि उनके ससुराल का भारत के दो शहरों क्रमशः जूनागढ़ और मुम्बई से बहुत गहरा रिश्ता रहा है। जब जरदारी की पत्नी बेनजीर भुट्टो की निर्मम हत्या हुई थी तब जूनागढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई थी। यहां के बाशिंदे बेनजीर भुट्टो को कहीं न कहीं अपना ही मानते थे। जूनागढ़ शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद फारूक की अगुवाई में उनकी आत्मा की शांति के लिए नमाज भी अदा की गई थी। उनके ससुर का मुंबई से गहरा नाता रहा। हालांकि जरदारी उस अखबार के कार्यक्रम में शिरकत तो नहीं कर पाए थे पर सेटेलाइट लिंक के माध्यम से उन्होंने सम्मेलन को संबोधित किया था। उन्होंने सात-आठ सवालों के उत्तर भी दिए थे।

# क्लिरनेट के हैशटैग 'शी विनर कैंसर' को महिलाओं ने किया पसंद

इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्लिरनेट के हैशटैग 'शी विनर कैंसर' ने लाखों महिलाओं को जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्तन, सर्वाइकल, गर्भाशय और अंडाशय के कैंसर के बारे में आवश्यक जानकारी देना था। इस अभियान में देशभर के प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों के 1000 से अधिक वीडियो स्थानीय भाषाओं में क्लिरनेट के आभासी मंच डॉक ट्यूब पर हर 15 मिनट में जारी किए गए। इस अभियान में 10 लाख से अधिक दर्शक जुड़े। एक मार्च से शुरू यह अभियान 10 मार्च तक चला। इस अभियान से जुड़ने वाले भारत के 500 से अधिक स्त्री रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञ इस सफलता से गदगद हैं। इस अभियान के दौरान यह सामने आया है कि दर्शकों का सर्वाधिक फोकस गर्भाशय कैंसर से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने पर अधिक रहा। कैंसर से संबंधित मिथक और जोखिम कारकों के बारे में जानकारी देने वाले वीडियो सबसे ज्यादा देखे गए। मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे महानगरों के डॉक्टरों ने इस अभियान में सक्रिय सहयोग किया। क्लिरनेट के सह संस्थापक सौरव कसेरा का कहना है कि सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान की परिकल्पना कैंसर के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखकर की गई। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर के 20 मिलियन से अधिक नए मरीज सामने आये। इनमें सिर्फ भारत में 1.4 मिलियन से अधिक मरीज शामिल थे। इन 1.4 मिलियन लोगों में 50 फीसद से अधिक महिलाएं प्रभावित हुई थीं। इसीलिए हैशटैग शी विनर कैंसर शुरू किया है। क्लिरनेट की कोशिश है कि भारतीय महिलाओं और उनके परिवारों को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। खुशी की बात यह रही कि इस अभियान से पूरे भारत के सम्मानित एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी जुड़े। इस पहल का नेतृत्व करने वाले प्रमुख डॉक्टर्स में कोलकाता की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नाबली चक्रवर्ती शामिल रहीं। हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कॉलेज में प्रसूति व स्त्री रोग विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर और पूर्व अध्यक्ष डॉ. अंबुजा चोरानूर और मैक्स अस्पताल में कैंसर देखभाल और ऑन्कोलॉजी विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार जुल्का ने अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. दुरु शाह के अलावा सम्मानित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण कोहेलो का सहयोग भी अहम रहा। अभियान में अहम मार्गदर्शन के रूप में हैदराबाद की पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मंजुला अनागानी और मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग व आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. नंदिता पलशेतकर की सलाह बहुत काम आई। वह कहते हैं कि इस अभियान को आईसीआईसीआई बैंक जैसे उद्योग जगत के दिग्गजों और पद्म भूषण गायिका उषा उथुप जैसी हस्तियों का भी समर्थन मिला। शी विनर कैंसर अभियान ने महिलाओं को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सशक्त बनाने की दिशा में अमिट छाप छोड़ी है। यहां यह जानना जरूरी है कि क्लिरनेट और डॉक ट्यूब क्या हैं? क्लिरनेट मुंबई स्थित एक हेल्थ टेक स्टार्टअप है। यह डॉक्टर्स और जनता को विश्वसनीय स्वास्थ्य ज्ञान उपलब्ध कराता है। क्लिरनेट का लक्ष्य स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करना है। क्लिरनेट में 700,000 से अधिक डॉक्टर्स अपना सहयोग करते हैं। डॉक ट्यूब देश का सबसे बड़ा वीडियो आधारित हेल्थ प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म में व्यक्ति देश के प्रसिद्ध एवं सम्मानित डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मुफ्त प्राप्त कर सकता है। डॉक ट्यूब में 10,000 से ज्यादा डॉक्टर्स के 30,000 से अधिक स्वास्थ्य वीडियो की विशाल लाइब्रेरी मौजूद है।

# सीमित और संकुचित

बीते 1970 के दशक में बहुदलीय लोकतंत्र को अपनाने के बाद से पुर्तगाल को यूरोप के सबसे स्थिर उदार लोकतंत्रों में से एक के रूप में देखा जाता है। लेकिन रविवार के संसदीय चुनाव नतीजों से यह पता चलता है कि जब यूरोप में अन्य जगहों पर धुर दक्षिणपंथी लोकलुभावन पार्टियों का उभार हो रहा हो, तो पुर्तगाल भी इससे अछूता नहीं रह सकता। कुल 99 फीसदी मतपत्रों के गिने जाने तक, मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी को 29-29 फीसदी मत मिले हैं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को 2,058 मतों की मामूली बढ़त हासिल हुई है। जहां सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वहीं धुर-दक्षिणपंथी चेगा पार्टी का तेज उभार हैरतअंगेज रहा। चेगा पार्टी ने पुर्तगाल की सफाई करने, आप्रवासन पर रोक लगाने और कुछ यौन अपराधियों का रासायनिक बधियाकरण करने जैसे उपायों को लागू करने का वादा करते हुए अपना चुनाव अभियान चलाया था। वर्ष 2019 में स्थापित हुई चेगा (जिसका अर्थ है पर्याप्त) ने 2022 के चुनावों में सात फीसदी मत हासिल करके एक राजनीतिक ताकत के रूप में अपने आमद का एलान किया था। और रविवार के चुनाव में वह 18 फीसदी मतों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। चेगा पार्टी के मुखिया आंद्रे वेंचुरा ने कहा है कि यह मत दक्षिणपंथियों की जीत है (मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी, धुर-दक्षिणपंथी और रूढ़िवादी पार्टियों ने आपस में मिलकर 52 फीसदी मत हासिल किए हैं) और उन्होंने गठबंधन के लिए होने वाली वार्ता में शामिल होने के प्रति रुचि दर्शायी है। लेकिन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता लुइस मोंटेनेग्रो ने चेगा के साथ किसी भी किस्म के गठबंधन से इनकार किया है। चूंकि सोशलिस्टों ने पहले ही इस चुनाव के नतीजों को स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनके द्वारा अल्पमत सरकार बनाने की संभावना है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पैसे देगी सरकार

## - चार महीने में खर्च होंगे 500 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।**

देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक चार महीने के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का खर्च होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 की घोषणा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. योजना के तहत प्रति दोपहिया वाहन के लिए 10,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य लगभग 3.3 लाख दोपहिया वाहनों को सहायता प्रदान करना है। छोटे तिपहिया वाहनों की खरीद के लिए 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी। ऐसे 41,000 से अधिक वाहनों को शामिल किया जाएगा। बड़ा तिपहिया वाहन खरीदने पर 50,000 रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी। फेम-2 के तहत सब्सिडी 31 मार्च, 2024 तक या धन उपलब्ध होने तक बेचे जाने वाले ई-वाहनों के लिए पात्र होगी। इससे पहले भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- रुड़की ने नवाचार को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मिलकर काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए कुल 19.87 करोड़ रुपये के अनुदान और उद्योग भागीदारों के अतिरिक्त 4.78 करोड़ रुपये के योगदान के साथ कुल परियोजना लागत 24.66 करोड़ रुपये है।



# ओला इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा लाने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

इस महीने के अंत तक ओला इलेक्ट्रिक एक इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इसे भी ग्राहक सीधे कंपनी से खरीद सकेंगे। इस वाहन का नाम राही हो सकता है। इस महीने के अंत तक इसके लॉन्च हो जाने की उम्मीद है। राही बाजार में मौजूद अन्य इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर जैसे महिंद्रा ट्रेओ, पियाजियो एप ई-सिटी और बजाज आरई को टक्कर दे सकता है। ओला इलेक्ट्रिक इस प्रोजेक्ट पर कई सालों से काम कर रही है जो कमर्शियल व्हीकल मार्केट में उतरने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। ई-ऑटोरिक्शा की शुरुआत ओला इलेक्ट्रिक की विस्तार योजनाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है जो उसके आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले है। कंपनी ने दिसंबर 2022 में ही आईपीओ के लिए आवेदन किया और उसका लक्ष्य 5,500 करोड़ रुपये तक जुटाना है। आईपीओ से पहले, ओला इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां वर्तमान में उसका नेतृत्व का स्थान है। अपनी पेशकश को बेहतर बनाने के लिए, कंपनी ने हाल ही में अपने स्कूटर की बैटरी वारंटी को आठ साल तक बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, उसकी योजना और अधिक फास्ट-चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने और अपने सर्विस नेटवर्क का विस्तार करने की है। आईपीओ के माध्यम से जुटाए गए फंड का उपयोग गीगाफैक्ट्री की स्थापना का समर्थन करने के लिए किया जाएगा। साल 2023 में ओला इलेक्ट्रिक का इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में 41त्न बाजार हिस्सा है। मार्च 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, कंपनी ने 2,631 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया, लेकिन 1,472 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा भी हुआ। ओला इलेक्ट्रिक कमर्शियल व्हीकल मार्केट में अपनी विस्तार योजनाओं के हिस्से के रूप में राही नामक एक इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा पेश करने के लिए तैयार है।

# देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल सस्ता

## ब्रेंट क्रूड 0.21 फीसदी बढ़कर 84.20 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।**



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव जारी है। गुरुवार को डब्ल्यूटीआई 0.21 फीसदी बढ़कर 79.88 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.21 फीसदी बढ़कर 84.20 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं भारत में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 14 मार्च को पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के ताजा भाव जारी किए जाते हैं। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत में 42 पैसे और डीजल में 40 पैसे की गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल और डीजल 21 पैसे सस्ता हो गया है। राजस्थान में पेट्रोल और डीजल 17 पैसे सस्ता हो गया है।

बिहार में पेट्रोल और डीजल की कीमत में क्रमशः 19 पैसे और 18 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को पेट्रोल 11 पैसे, वहीं डीजल 10 पैसे महंगा हो गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 50 पैसे और डीजल 49 पैसे सस्ता हो गया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल के भाव हम हुए हैं। वहीं आंध्र प्रदेश में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में पेट्रोल 96.76 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 102.86 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपये और डीजल 89.94 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# वनप्लस नोर्ड सीई 4 की लॉन्चिंग के लिए टीजर जारी

## - तीन कैमरों के साथ मिलेगा पावरफुल प्रोसेसर



**नई दिल्ली ।** चीनी कंपनी ने वनप्लस नोर्ड सीई 4 की लॉन्चिंग के लिए टीजर जारी किया है। वनप्लस नोर्ड सीई 3 5जी को स्नैपड्रेगन 782जी प्रोसेसर के साथ पिछले साल जून में पेश किया गया था। वनप्लस नोर्ड सीई 4 की बिक्री अगले महीने से शुरू होगी। पिछले मॉडल की ही तरह नया फोन भी क्वालकॉम स्नैपड्रेगन प्रोसेसर पर ही चलेगा। कंपनी ने नए फोन के आने की जानकारी सोशल मीडिया चैनल्स और ई-कॉमर्स साइट अमेजन के जरिए दी है। जारी टीजर के मुताबिक ये फोन दो कलर ऑप्शन में आएगा। वनप्लस नोर्ड सीई 4 को 1 अप्रैल को भारत में लॉन्च किया जाएगा। फोन की लॉन्चिंग 6ञ्30पीएम आईएसटी को की जाएगी। वनप्स इंडिया वेबसाइट में जारी एक माइक्रोसाइट और अमेजन पर जारी टीजर में फोन के डिजाइन और मेजर स्पेसिफिकेशन्स को देखा जा सकता है।

इच्छुक ग्राहक वेबसाइट पर जाकर नॉटिफाय मी बटन पर क्लिक कर सकते हैं। इससे लॉन्च के बारे में अपडेट यूजर्स को मिल जाएंगे।जारी टीजर के मुताबिक ये पोन ब्लैक और ग्रीन कलर ऑप्शन में आएगा। लीक्स के हवाले से बात करें तो वनप्लस नोर्ड सीई 4 में 6.7-इंच अमोलेड डिस्प्ले मिलेगा। वहीं, रियर में 50एमपी प्राइमरी कैमार और एक 8एमपी का कैमरा मिलेगा। वहीं, फोन के फ्रंट में 16एमपी का कैमरा सेल्फी के लिए मौजूद होगा। वनप्लस नोर्ड सीई 3 5जी अभी मार्केट में 24,999 रुपये में उपलब्ध है।

इस कीमत में ग्राहकों को फोन का 8जीबी + 128जीबी वेरिएंट मिलता है। ये फोन क्वालकॉम् स्नैपड्रेगन 782जी प्रोसेसर, 6.7-इंच फुल-एचडी+ (1,080 गुणा 2,412 पिक्सल) फ्लूईड अमोलेड डिस्प्ले और 50एमपी प्राइमरी कैमरा जैसे फीचर्स मिलते हैं।फोन को लेकर कंफर्म किया गया है कि ये फोन 4 एनएम क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7 जेन 3 प्रोसेसर के साथ आएगा। इस फोन के रियर में एलईडी फ्लैश के साथ डुअल कैमरा सेटअप मिलेगा। इसके टॉप फ्रेम में एक माइक्रोफोन और आईआर ब्लास्टर मिल सकता है।

# 20 मार्च को भारत में जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एमजी मोटर इंडिया के ज्वाइंट वेंचर की शुरूआत हो सकती

## इस वेंचर में करीब 5,000 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई ।**

अगले हफ्ते की 20 मार्च को भारत के जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एमजी मोटर इंडिया के ज्वाइंट वेंचर की शुरूआत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार दोनों कंपनियों के इस वेंचर में करीब 5,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। दोनों कंपनियां भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग और रिटेल फुटप्रिंट को बढ़ाने के लिए साथ आए हैं और एक ज्वाइंट वेंचर पर सहमति बनी है। बता दें, जेएसडब्ल्यू ग्रुप भारत की मल्टीनेशनल ग्रुप है, जबकि एमजी मोटर इंडिया चाइनीज ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरर एसएआईसी मोटर के स्वामित्व वाली कंपनी है। कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग और सेल्स को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ एक ज्वाइंट वेंचर के रुप में काम करेंगी। इसके अलावा वेंचर से जुड़ी एक और खबर ये है कि प्राइवेट इक्विटी निवेशक एवरस्टोन कैपिटल ने भी एमजी मोटर के इंडिया ऑपरेशन में भी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस मामले में कंपनी के सीईओ राजीव चाबा के अनुसार एमजी मोटर इंडिया को निवेशक के रूप में जेएसडब्ल्यू ग्रुप मिलने के बाद ज्यादा तेजी से ग्रोथ की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने भारत में अपने पहले दौर के व्यापार में टेक्नोलॉजी, कस्टमर एक्सपीरियंस, जेंडर डायवर्सिटी और कम्युनिटी सर्विस के आधार पर अपने पांव भारतीय बाजार में जमा लिए हैं। एमजी मोटर इंडिया अब इस डेवलपमेंट के नेक्स लेवल पर जाने का प्लान कर रही है। बता दें, बीते साल नवंबर में चीन की सबसे बड़ी वाहन निर्माता एसएआईसी मोटर ने भारत में एमजी मोटर के ट्रांसफॉर्मेशन और ग्रोथ में तेजी लाने के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ एक ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट किया था। जेएसडब्ल्यू ग्रुप की इंडियन जेवी ऑपरेशन में 35 फीसदी हिस्सेदारी होगी।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में जमीन खरीदी




**नई दिल्ली ।** रियल्टी फर्म गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने 1,300 करोड़ रुपये की अनुमानित राजस्व क्षमता के साथ एक आवास परियोजना के लिए हैदराबाद में लगभग तीन एकड़ जमीन खरीदी है। पिछले महीने गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 3,500 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 350 करोड़ रुपये में 12.5 एकड़ जमीन खरीदकर हैदराबाद संपत्ति बाजार में प्रवेश किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका हैदराबाद में दूसरा भूमि अधिग्रहण है। इस भूमि पर कुल विकास क्षमता लगभग 12 लाख वर्गफुट बिक्री योग्य क्षेत्र है जिसमें मुख्य रूप से प्रीमियम आवासीय अपार्टमेंट शामिल हैं। कंपनी को इस आगामी नई परियोजना से 1,300 करोड़ रुपये की बिक्री होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने विक्रेता का नाम और इस नए भूमि अधिग्रहण के सौदे का मूल्य नहीं बताया।




# आरबीआई ने दो बैंकों पर लगाया भारी जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1.4 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना जमा पर ब्याज दर, बैंकों में ग्राहक सेवा, कर्ज पर ब्याज दर और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। इस बीच रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर एनबीएफसी (रिजर्व बैंक) दिशा-निर्देश, 2016 में धोखाधड़ी की निगरानी और केवाईसी निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सभी मामलों में नियामक अनुपालन में कमियों के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

# म्यूचुअल फंड की केवायसी के लिए 31 मार्च तक है समय




**नई दिल्ली ।** म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए एक जरुरी खबर है। दरअसल, अगर आपने अभी तक अपने म्यूचुअल फंड की केवाईसी नहीं कराई है तो जल्द करा लें। इसकी केवासी अपडेट कराने की आखिरी तारीख 31 मार्च है। केवायसी कराने के लिए आपको जरूरी दस्तावेजों की जरुरत होगी। रजिस्ट्रार के फिनटेक और सीएएमएस द्वारा वितरकों को भेजे गए सूचना के मुताबिक जिन म्यूचुअल फंड निवेशकों ने केवायसी के लिए बिल या बैंक स्टेटमेंट का उपयोग किया है, उन्हें 31 मार्च तक आधिकारिक तौर पर जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने रिकॉर्ड को अपडेट करना होगा। आपको आधिकारिक जरूरी दस्तावेज में पासपोर्ट, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, नरेगा जॉब कार्ड और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर या एनपीआर पत्र से केवायसी करना होगा। अगर आपने केंद्र या राज्य सरकारों द्वारा जारी पहचान पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पत्र, उपयोगिता बिल, संपत्ति या नगरपालिका टैक्स रसीद, बैंक खाता/डाकघर खाता विवरण और पेंशन या पारिवारिक पेंशन भुगतान आदेश जैसे दस्तावेज से केवाईसी किया है तो ये मान्य नहीं होगा।

# अप्रैल से महंगा हो जाएगा टीवी खरीदना!

**नई दिल्ली ।** टेली विजन का पैनल बनाने में उपयोगी ओपन सेल के भाव बढ़ने के कारण कंपनियां टीवी के दाम 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं ताकि लागत का बोझ कुछ कम हो सके। महामारी के बाद से ही कंपनी को कीमतों में वृद्धि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और पिछले एक साल में ओपन सेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। यही देखकर टीवी पैनल बनाने वाली कंपनियां अप्रैल से दाम 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी में हैं। ओपन सेल टेलीविजन का प्रमुख हिस्सा होता है और उत्पादन पर होने वाले कुल खर्च में 60-65 फीसदी हिस्सेदारी इसी की होती है। इसका सबसे ज्यादा उत्पादन चीन की 4-5 कंपनियां करती हैं और ओपन सेल के दाम भी अपनी मर्जी से ही तय करती हैं। इसका दाम पिछले साल अगस्त में भी काफी बढ़ गया था लेकिन उत्पादक कंपनियों ने दाम घटाए तो इनमें कुछ नरमी आई थी।

# सोने के घटे दाम, चांदी की बढ़ी चमक

## - सोना 65,800 और चांदी लगभग 75,300 रुपए

**नई दिल्ली ।** सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत गुरुवार को कमजोरी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोना 65,800 हजार रुपये और चांदी 75,300 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। गुरुवार को सोने के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 97 रुपये की गिरावट के साथ 65,800 रुपये के भाव पर खुला जो 107 रुपये की गिरावट के साथ 65,790 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 179 रुपये की तेजी के साथ 75,349 रुपये के भाव पर खुला। जो 51 रुपये की तेजी के साथ 75,221 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट और चांदी वायदा भाव की तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,179.58 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 2,180.80 डॉलर था जो 5.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,175.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 25.22 डॉलर के भाव पर खुले, पिछ्ला बंद भाव 25.15 डॉलर था। जो 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 25.18 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

## सेंसेक्स 335 , निफ्टी 148 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी के कारण आई है। वहीं गत दिवस बाजार में भारी गिरावट आई थी। आज सुबह भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई पर कुछ समय बाद ही भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो और आई शेयरों में आई तेजी से बाजार ऊपर आ गया।

बीएसई सेंसेक्स के 72,497.19 के निचो स्तर तक पहुंचने के बाद बाजार में आज बढ़त आई। इंट्रा-डे ट्रेड कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 73,364.30 के उच्च स्तर तक पहुंचा। इसी के साथ ही तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 335.39 अंक की तेजी दर्ज करते हुए 73,097.28 पर बंद हुआ। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 148.95 अंक बढ़कर 22,146.65 पर बंद हुआ। यह इंट्रा डे कारोबार के दौरान 21,918 के निचले और 22,205 के शीर्ष स्तर पर पहुंचा था।

आज अदाणी एंटरप्राइजेज , अदाणी पोर्ट्स , हिंडाल्को , हीरो मोटोकॉर्प और ओएनजीसी के शेयर सबसे अधिक उछाल वाले शेयरों में शामिल रहे। इसके अलावा एचसीएल टेक, कोल इंडिया और भारती एयरटेल के शेयरों में भी उछाल आया। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक , बजाज फाइनेंस, जेएसडब्लू स्टील और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआईएन) के शेयरों में आज सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी। व्यापक सूचकांकों में देखा जाए तो बीएसई मिडकैप 2.3 फीसदी ऊपर आये जबकि




स्मॉलकैप 3.1 फीसदी बढ़े। इसी प्रकार , अन्य शेयरों के अलावा रेलवे के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गयी। बीएसई पीएसयू और सीपीएसई सूचकांकों में 3 फीसदी तक की तेजी रही। भारतीय रेल के शेयर भी 13 फीसदी से ज्यादा बढ़त पर बंद हुए। इसी प्रकार आईआरकोन 12 फीसदी से ज्यादा और टेक्समाकोल रेल 16 फीसदी से ज्यादा बढ़कर बंद हुए हैं।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 4,595.06 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एशियाई बाजारों में, सियोल और टोक्यो टोक्यो के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि शंघाई और हांगकांग के शेयर नीचे आये हैं। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार में मिश्रित रुख रहा।

# टाटा मोटर्स तमिलनाडु में भी लगाएगी नया कारखाना

## - नया कारखाना लगाने के लिए 9,000 करोड़ रुपए करेगी निवेश

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह तमिलनाडु के रानीपेट में वाहन बनाने का नया संयंत्र लगाने पर विचार कर रही है। इस संयंत्र पर टाटा समूह 9,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा। वाणिज्यिक एवं यात्री वाहन बनाने वाला टाटा समूह देश के दक्षिणी हिस्से में अपना कारोबार बढ़ाना चाहता है और इसी उददेश्य को पूरा करने के लिए वह यह रो शि लगाने जा रहा है। माना जा रहा है कि समूह के इस निवेश से अगले पांच साल में तमिलनाडु में रोजगार के 5,000 से अधिक अवसर आएंगे। तमिलनाडु सरकार अपने बयान में कहा कि टाटा समूह का कारखाना वेल्लूर के निकट रानीपेट जिले में स्थापित होगा। कारखाना तैयार करने पर 9,000 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे, जिससे अगले पांच साल में रोजगार के 5,000 से अधिक अवसर पैदा होंगे। दक्षिण भारत में तो टाटा समूह का कारखाना कर्नाटक के धारवाड़ जिले में पहले ही है। जमशेदपुर (झारखंड), पुणे (महाराष्ट्र), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), पंतनगर (उत्तराखंड) और साणंद (गुजरात) में भी कंपनी के कारखाने हैं। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने एक वाहन कारखाना लगाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ समझौते के एक मसौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टी आर बी राजा ने कहा कि पिछले दो साल में तमिलनाडु ने खासी प्रगति की है और इसे निवेश का अग्रणी ठिकाना माना जाने लगा है। राज्य में न केवल कारखाने लग रहे हैं बल्कि लोगों के सपने भी साकार हो रहे हैं। राज्य उज्ज्वल भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौते के मसौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद राज्य में निवेश को बढ़ावा देने वाली अधिकृत एजेंसी गाइडेंस की टीम और टाटा मोटर्स समूह कारखाना लगाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। इससे पहले वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी विनफास्ट तमिलनाडु के तूतुकुड़ी में 16,000 करोड़ रुपये में इलेक्ट्रिक वाहन कारखाना लगाने का ऐलान कर चुकी है। तूतुकुड़ी परियोजना में सालाना 1.50 लाख इलेक्ट्रिक वाहन तैयार किए जा सकेंगे।




# थोक मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 0.2 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली ।**



थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 0.2 प्रतिशत हो गई, जो उससे पिछले महीने में 0.27 प्रतिशत थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक थी और नवंबर में 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी, 2024 के महीने के लिए 0.20 प्रतिशत है, जो फरवरी, 2023 से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के 6.85 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.95 प्रतिशत हो गई। सब्जियों की महंगाई दर जनवरी के 19.71 से बढ़कर फरवरी में 19.78 फीसदी रही। दालों की थोक महंगाई दर फरवरी में 18.48 फीसदी रही, जो जनवरी में 16.06 फीसदी थी।

# 'चीज' नहीं बढ़ने देता कोलेस्ट्राल



घी और तेल के मुकाबले चीज खाने वालों का कोलेस्ट्राल कम बढ़ता है। कई लोगों को चीज पसंद है लेकिन वे कोलेस्ट्राल बढ़ने के कारण इसे नहीं खाते लेकिन एक अध्ययन में पता चला है कि अन्य वसा के मुकाबले चीज से कोलेस्ट्रल बहुत कम माला में बढ़ता है। यदि इसे सामान्य माला में खाया जाए तो आपके कोलेस्ट्रल स्तर पर कोई फर्क नहीं पड़ता। डॉक्टरों की एक टीम ने दो अलग अलग तरह के लोगों पर अध्ययन किया, एक वो जो नियमित तौर पर चीज खाते थे और दूसरा वो जो मख्खन या अन्य वसा खाते थे। छह सप्ताह तक रोज चीज खाने वालों में एलडीएल कोलेस्ट्राल की माला उसी माला में मक्खन खाने वालों के मुकाबले बहुत कम थी। सामान्य दिनों से ज्यादा मात्रा में वसा खाने के बावजूद चीज खाने वालों के शरीर में एलडीएल या अन्य कोलेस्ट्रल की मात्रा में बढ़ोतरी नहीं हुई। जबकि मक्खन खाने वालों में कोलेस्ट्राल की औसतन माला सात प्रतिशत ज्यादा रही। तो अब आप निश्चिंत होकर चीज खा सकते हैं।

# रेशेयुक्त भोजन टालता है आंत के कैंसर का खतरा

यूं तो रेशे युक्त भोजन को सेहत खासकर आंतों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है लेकिन यदि आप अपने आहार में रेशेदार भोजन की पर्याप्त माला लें तो आंत कैंसर के खतरे को भी काफी हद तक टाला जा सकता है। रेशे युक्त भोजन के फायदों को लेकर हुए अध्ययन में भी ये बात साबित हो गई है कि ये आंतों के कैसर को बीस फीसदी तक टाल देते हैं। रेशे युक्त भोजन को लेकर अलग-अलग दो दर्जन से ज्यादा अध्ययन किया गया जिसमें करीब बीस लाख लोगों को शामिल किया गया। विश्लेषण में पता चला कि रेशे युक्त भोजन की प्रति 20 ग्राम मात्रा लेने से आंत कैंसर का खतरा 20 प्रतिशत तक कम हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि वयस्कों को एक दिन में 18 से 24 ग्राम रेशे युक्त भोजन लेना चाहिए।अध्ययन के मुताबिक रेशे युक्त भोजन खास तौर पर साबुत अनाज लेने से आंत के कैंसर का जोखिम कम होता है। मालूम हो कि आंत के कैंसर से हर साल दुनिया भर में एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

# तो दूर ही रहेंगी बीमारियां



सर्दियों में गरमागरम खाने की बात ही कुछ और होती है। इसे 'हैल्दी सीजन' भी कहा जाता है, लेकिन ऐसे ही इसे हेल्दी सीजन नहीं कहा जाता। सर्दियों में सब्जियां खूब आती है, सीजनेबल फल भी अच्छे और सस्ते मिलते हैं। सर्दियों में रोज सेब खाना सहित ज्यादा फायदेमंद हैं। इसके अलावा सोने से पहले एक गिलास मीठे कुनकुने गर्म दूध में एक चम्मच शुद्ध घी डालकर पीने से, दूध में मलाई और पिसी मिश्री मिलाकर पीने, एक बादाम पत्थर घिस कर दूध में मिला कर उसमें पीसी हुई मिश्री मिलाकर पीने से भी सेहत अच्छी रहती है। सप्ताह में दो दिन अंजीर का दूध पीने, दूध में एक के ला और एक चम्मच शहद मिलाकर पीने, उड़द की दाल दूध पका कर बनाई हुई खीर खाने, कच्चे नारियल की गिरी खाने, एक चम्मच शहद रोजाना लेने से भी कई तरह की बीमारियां साल भर तक दूर रहती हैं।

# डायबीटीज के मरीजों में डिप्रेशन का अधिक खतरा



हार्ट अटैक और हदय संबंधित बीमारियों के कारण वाली मृत्यु की एक बड़ी वजह डायबीटीज है। ऐसा देखा गया है कि डिप्रेशन के चलते दिल की बीमारियों में मौत या मौत जैसी स्थिति का खतरा 3 से 4 गुना बढ़ जाता है। मुख्य रक्त नलिकाओं से संबंधित बीमारी में व्यक्ति को डिप्रेशन होने की आशांका 15 से 23 फीसदी होता है।

डिप्रेशन का इलाज कर इससे संबंधित मृत्यु के ख़तरे और मृत्युदर को कम किया जा सकता है। डिप्रेशन व डायबीटीज का संबंध बेहद करीब का है। टाइप-2 डायबीटीज विकसित करने में डिप्रेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 8 से 22 फीसदी डायबीटीज मरीजों में डिप्रेशन होता है। डायबीटीज का होना ही डिप्रेशन के खतरे की निशानी है। डायबीटीज में डिप्रेशन होने का संबंध खराब शुगर नियंत्रण, खान पान सही न होने, जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आने और डायबीटीज से होने वाली कई तरह की जटिलताओं से है।

डिप्रेशन के इलाज से डायबीटीज के मरीजों में इंसुलिन प्रतिरोधता और ग्लाइसेमिक नियंत्रण को भी सुधारा जा सकता है। पिछले दो हफ्ते के दौरान, आप इनमें से किसी भी समस्या से कितनी बार परेशान हुए हैं, इससे आपके डिप्रेशन के लेबल का पता चल जाएगा।

कोई भी काम करने में बेहद कम मन लगना या खुशी महसूस करना

निराश, डिप्रेस्ड और नाउम्मीद महसूस करना इन सवालों के जवाब अगर हां में होते हैं तो अगले चरण के तहत एक्सपर्ट को अन्य सवाल पूछने चाहिए जिससे डिप्रेशन का पता लगाया जा सके।

# संकेत बताते हैं आंखें कमजोर हैं



**दोस्तों की नजर बदल जाना खतरे का संकेत हो सकता है, लेकिन अगर खुद आपकी नजर में बदलाव आने लगे तो संभल जाएं यह निश्चित रूप से आंखों की किसी बीमारी की निशानी है। एक के दो और दो के बजाए चार दिखने लगें, कोई चीज अपने वास्तविक आकार से छोटी या बड़ी दिखे या देखने में कुछ असहज लगे तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें वर्ना यह चूक आपको आंखों को रौशनी से वंचित कर सकती है।**

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर आंखों का वह परदा अपनी जगह से सरक जाए जिस पर देखी जाने वाली वस्तु का प्रतिबिंब बनता है, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। हालांकि परदे के अपनी जगह से सरकने का लोगों को आभास नहीं होता। बाहर से सब कुछ सामान्य लगता है लेकिन अगर इसे लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाए तो धीरे-धीरे आंखों की रोशनी चली जाती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजवर्धन के मुताबिक जब परदा अपने स्थान से खिसकता है तो वह पहले लोगों को सचेत भी करता है। अगर पहले चरण में ही लोगों को इसका पता चल जाए तो इसका लेजर से उपचार हो सकता है। पहले चरण के उपचार में 90 फीसदी तक सफलता हासिल हो जाती है। अगर दूसरे चरण में आपको इस बीमारी के बारे में जानकारी मिलती है तो सफलता दर घट कर 10 से 20 फीसदी पर आ जाती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी का एकमात्र इलाज ऑपरेशन है। दवा से यह बीमारी ठीक नहीं हो सकती है।

लोगों में देखने की एक सामान्य प्रक्रिया होती है। कोई भी चीज देखने पर प्रतिबिंब बनने के लिए जो परावर्तन होता है वह पहले पुतली और फिर लैंस से होते हुए परदे तक पहुंचता है। परदा उसे मस्तिष्क के एक अहम भाग विजुअल कोटेक्स पर पहुंचाता है, जहां उसका प्रतिबिंब बनता है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की डॉक्टर पूनम कपूर ने बताया कि यह बीमारी 'सामान्य' बीमारी नहीं है। इसलिए इसके उपचार में सावधानी बरतने की जरूरत है। हर दिन इस बीमारी के औसतन दो मरीज तो आते ही हैं। लेकिन समस्या यह है कि लोग शुरू में इसे गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने बताया कि अगर ठीक तरीके से इस बीमारी का उपचार नहीं किया जाता है तो यह दोबारा हो सकती है और मरीज की परेशानी बनी रहती है। नतीजा रोशनी जाने के रूप में मिलता है।



अगर परदा हिल गया तो फिर इसका इलाज हर डॉक्टर नहीं कर सकता। इस बीमारी के इलाज के लिए खास प्रशिक्षण और अनुभव की जरूरत होती है। इस बीमारी के इलाज की सुविधा बड़े-बड़े शहरों और मेडिकल कॉलेजों में है। उन्होंने बताया कि बीमारी की जटिलता पर इसके ऑपरेशन और उस पर आने वाले खर्च का पता चलता है। शुरुआत में सरकारी अस्पतालों में जहां इस बीमारी का इलाज दो से ढाई हजार रुपये के खर्च में हो जाता है वहीं इसके जटिल होने पर इलाज का खर्च 12 से 15 हजार रुपये तक आ सकता है। उस स्थिति में इलाज के लिए सुराख को बंद करने वाला उपकरण प्रयुक्त किया जाता है। डॉक्टर कपूर ने बताया कि बीमारी की जटिलता बढ़ने पर आंख के अंदर, बाहर से बड़ा ऑपरेशन करना पड़ता है और अगर शुरुआती अवस्था हो तो लेजर तकनीक से भी इस बीमारी का उपचार किया जा सकता है। डॉ. कपूर के अनुसार, यह बीमारी किसी भी उम्र के मरीज को प्रभावित कर सकती है, लेकिन बच्चों पर खास ध्यान देना चाहिए क्योंकि अगर उन्हें देखने में कुछ असामान्य महसूस हो तो वह इसकी गंभीरता को नहीं समझेंगे और बता भी नहीं पाएंगे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा

अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9


**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची


आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

## काकुरो पहेली - 3122




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3121 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।


चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3122



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3121

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ह | रा | | आँ | धी | | आ | नं | द |
| ह | | म | | खें | | जो | र | दा | र |
| रा | जा | जा | नी | | ध | र | ती | | मि |
| म | | ने | | क | र्मा | | | सा | या |
| | रा | | आ | | त्मा | | सा | ज | न |
| रा | स्ते | प्या | र | के | | श | | औ | |
| | का | | जू | | मे | रा | ध | र | म |
| स | प | ने | | दु | ला | रा | | आ | ह |
| | त्थ | | प्या | | | | स | वा | ल |
| प्या | र | का | सा | या | | सू | र | ज | |

## सूडोकु -3122


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3122



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -3121 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | | ज | प | | त | न | | शा | न |
| प | त | न | | ल | त | | भ | ला | | शा |
| | वा | न | र | | म | ल | | ज | रा | |
| फि | | द | म | न | | क | द | | ज | न |
| दा | दा | | ल | क | वा | | म | स्त | | ख |
| | न | या | | ल | च | क | | र | थ | |
| रा | | क | ल | | क | ल | म | | ल | ब |
| ही | र | | हू | र | | ह | म | ल | | ल |
| | स | जा | | जा | ल | | ता | ड़ | ना | |
| य | | म | त | | व | ध | | ना | का | रा |
| म | य | | ल | क्ष्य | | न | ल | | म | जा |



## बीएनपी परीबस ओपन में नवारो ने सबालेंका को हराकर सबको हैरान किया

**इंडियन वेल्स ।** अमेरिका की एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के चौथे दौर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन रुस की एरिना सबालेंका को 6–3, 3–6, 6–2 से हराकर एक बड़ा उलटफेर किया है। इस जीत के साथ ही नवारो क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। ये नवारो के करियर की सबसे बड़ी जीत है। इसी के साथ ही वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने एलिसे मर्टेंस को 6–0, 6–2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। इससे पहले तीसरे दौर में मर्टेंस ने जापान की नाओमी ओसाका को हराया था। दूसरी ओर पुरूष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6–4, 6–4 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को 3–6, 7–6, 6–4 से हराया। इसके अलावा टॉमी पॉल ने इटली के लुका नारडी को 6–4, 6–3 से हराकर बाहर कर दिया।

# मुम्बई ने विदर्भ को हराकर 42 वीं बार रणजी खिताब जीता

### वाडकर का शतक बेकार गया




मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई ने यहां रणजी ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में विदर्भ को 169 रनों से हराकर 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता है। मुम्बई ने इस मैच में विदर्भ को 538 रनों का कठिन लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन ही बना पायी। इस हार के साथ ही विदर्भ की तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीदें भी टूट गयी हैं। वहीं मुंबई ने 8 साल बाद इस खिताब पर कब्जा किया है।

इस मैच की दूसरी पारी में भी विदर्भ की टीम टिक नहीं पायी। फाइनल मैच में 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ ने अपने चार विकेट 133 रनों पर ही गंवा दिये। इसके बाद करुण नायर और कप्तान अक्षय वाडकर ने पांचवें विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर पारी को संभालने का प्रयास किया। मुशीर खान ने करुण को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। करुण नायर के आउट होने के बाद अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे ने मिलकर छठे विकेट के लिए 130 रन बनाये। विदर्भ के लिए वाडकर ने शतकीय पारी खेली। वहीं, हर्ष दुबे ने 65 रन बनाए थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला सके. विदर्भ की बैटिंग इस मैच में थोड़ी निराशाजनक रही। पहली पारी में मुम्बई के 224 रनों के जवाब में विदर्भ 105 रन पर ही आउट हो गई थी। मुंबई ने दूसरी पारी में 418 रन बनाकर विदर्भ के सामने 538 रन की लक्ष्य रखा था। जिसे टीम हासिल नहीं कर पायी। मुंबई के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 11 रन जबकि भूपेन ललवानी 18 रन ही बना पाये। मुशीर खान ने 136 रन की शतकीय पारी खेली थी। वहीं अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर ने क्रमशः 73 और 95 रन बनाए थे।

### संक्षिप्त समाचार



## वाटसन को कोच के लिए 20 लाख डॉलर देने तैयार है पीसीबी

**कराची ।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन को कोच के तौर पर 20 लाख डॉलर देने को तैयार है। वाटसन ने इससे पहले पीसीबी से कहा था कि वह कोच बनने के लिए 20 लाख डॉलर की फीस लेंगे जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया है। वाटसन ने हालांकि अभी तक कोच बनने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी है। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार वाटसन ने सालाना 20 लाख डॉलर मांगे हैं जो प्रतिमाह करीब चार करोड़ रुपए होते हैं। यह पाकिस्तान में किसी विदेशी कोच की सबसे अधिक फीस होगी। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेशी कोच रिचर्ड पायबस, बॉब वूल्मर, ज्यौफ लॉसन, डेव वाटमोर, ग्रांट ब्राडबर्न और मिकी आर्थर को काफी कम रकम मिलती थी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार , 'ऑस्ट्रेलिया में वाटसन का परिवार है और अमेरिकी मेजर लीग से भी उसका समझौता है। । ऐसे में वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसका कारण ये है कि पीसीबी चाहता है कि वह ज्यादातर समय पाक में रहकर घरेलू स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करे। वाटसन ने इस कारण से भी अब तक कोच का अनुबंध नहीं किया है क्योंकि पाक में अभी पीसीबी के साथ ही कोचिंग स्टाफ में फेरबदल चल रहा है। वाटसन इस समय पीएसएल में क्वेटा ग्लेडिएटर्स के कोच हैं। उन्हें कोच के तौर पर लंबा अनुभव है। वह आईपीएल में भी कोच रहे हैं।

## आईपीएल के लिए अभ्यास कर रहे रिंकू के शॉट से चोटिल हुआ बच्चा

**नई दिल्ली ।**

आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह आजकल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों में लगे हैं। आईपीएल में रिंकू कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलेंगे। रिंकू अभ्यास सत्र के दौरान शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अभ्यास के दौरान एक जबरदस्त छक्का लगाया जिससे एक बच्चे को चोट लग गयी। इससे दुखी रिंकू उस बच्चे के पास पहुंच गये और उसका हाल जाना। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें रिंकू उस बच्चे के पास जाकर माफी भी मांगते हैं। इसके बाद चोटिल बच्चे से पूछते हैं, ' ज्यादा तो नहीं लगी. कहां लगी?' इसके बाद टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर भी उस बच्चे के पास आते हैं और हैट उतारक उस बच्चे को दे देते हैं।फिर रिंकू पूछते हैं और कुछ चाहिए छोटू। इसपर बच्चा कहता है ऑटोग्राफ। इसपर रिंकू उसके हैट पर अपने ऑटोग्राफ भी देते हैं। रिंकू के लिए आईपीएल 2023 का पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमे उन्होंने एक ही ओवर में पांच छक्के लगाकर सभी का ध्यान खींचा था। इसी के बाद रिंकू को भारतीय टीम में भी जगह मिली। रिंकू ने अबतक 15 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 356 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 176.23 का रहा है जबकि बल्लेबाजी औसत 89 का रहा है। रिंकू ने इस दौरान दो अर्धशतक भी लगाये हैं। अब वह आईपीएल सत्र में शतक लगा चुके हैं। टी20 विश्व कप 2024 के लिए रिंकू सिंह का टीम इंडिया में चयन तय माना जा रहा है।

# फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस



**नई दिल्ली,**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सत्र में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के रोमांचक मिश्रण को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन इसका परिणाम उस तरह से नहीं निकला, क्योंकि आरसीबी लगातार अपने पहले पांच मैच हार गई और नॉकआउट में नहीं पहुंच पायी, जबकि मुंबई इंडियंस ने खिताब जीता। लेकिन इस बार आरसीबी नॉकआउट में प्रवेश करने में कामयाब रही है, एक लक्ष्य जिसे वे बल्ले और गेंद दोनों के साथ बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से हासिल करने के लिए उत्सुक थे। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में, स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी रविवार को मजबूत दिल्ली कैपिटल के खिलाफ खिताबी भिड़ंत तय करने के उद्देश्य से हाई-स्टेक एलिमिनेटर में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। प्लेऑफ़ में प्रवेश करने के लिए, आरसीबी को दो काम करने थेः अपने आखिरी दो लीग मैचों में डीसी और एमआई को हराना। जबकि वे 23,453 दर्शकों के सामने एक रन से डीसी को हराने से चूक गए, यूपी वॉरियर्स की गुजरात जायंट्स से आठ रन से हार ने आरसीबी की नॉकआउट में प्रवेश की उम्मीदों को फिर से जगा दिया। अगले दौर में प्रवेश करने का उनका समीकरण, सीधे शब्दों में कहें तो, उनके अपने हाथों में थाः एमआई को हराना, कुछ ऐसा जो उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पहले कभी नहीं किया था। नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने के लिए आरसीबी का मार्ग एलिस पेरी के स्विंग और सीम के आश्चर्यजनक प्रदर्शन से प्रशस्त हुआ, जिसने एमआई की बल्लेबाजी को सनसनीखेज 6-15 प्रदर्शन से ध्वस्त किया, जो अब तक का सबसे अच्छा डब्ल्यूपीएल आंकड़ा है, जिसने गत चैंपियन को 113 रन पर आउट कर दिया। बाद में, उसने बल्ले से 38 गेंदों में 40 रन बनाए, ऋचा घोष के साथ 76 रनों की साझेदारी की, जो 28 गेंदों में 36 रन बनाकर नाबाद रहीं। टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी को स्मृति के रन (आठ मैचों में 259 रन) और एक लीडर के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। एलिस अपने हरफनमौला कौशल (246 रन और छह विकेट) के साथ शीर्ष स्तर पर रही हैं, जबकि ऋचा बल्ले और दस्तानों के साथ अच्छा समय बिता रही हैं (226 रन, दो कैच, चार रन-आउट और आठ स्टंपिंग के साथ)। गेंद के साथ, आशा शोभना लीग चरण में नौ विकेट लेकर उनकी अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज रही हैं, साथ ही सोफी मोलिनक्स, सब्बिनेनी मेघना, जॉर्जिया वेयरहैम, श्रेयंका पाटिल (जिन्होंने आखिरी गेम में अपने टखने को घायल कर लिया था) और रेनुका सिंह ठाकुर ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें इस बात से सावधान रहने की जरूरत है कि खेल में किसी भी समय विपक्षी टीम को हावी न होने दें, चाहे वह बल्ले से हो, गेंद से हो या मैदानी क्षेत्ररक्षण से हो।

उन्हें महत्वपूर्ण एलिमिनेटर में अधिक प्रभावशाली भूमिका के लिए स्मृति, एलिस और ऋचा की तिकड़ी से परे लोगों की भी आवश्यकता होगी। दूसरी ओर, मुंबई प्लेइंग इलेवन के संतुलन और मैच जीतने वाले प्रदर्शन के मामले में क्लिनिकल रहा है, हालांकि वे मंगलवार को गेंद के साथ एलिस के तूफान का सामना नहीं कर सके।

## ऋषभ की वापसी की चमत्कार मानते हैं उनके डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट



**नई दिल्ली ।**

भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 22 मार्च से शुरु रहे आईपीएल से एक बार फिर मैदान पर वापसी करने जा रहे हैं। ऋषभ दिसंबर 2022 में एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। इसके बाद भी जिस प्रकार उन्होंने तेजी से फिटनेस हासिल की है उससे सभी हैरान हैं। उनका इलाज करने वाले नामी आर्थोपीडिक सर्जन दिनेश पर्डीवाला को भी भरोसा नहीं था कि ऋषभ इस प्रकार फिट होंगे। इस बल्लेबाज ने सभी चिंताओं को दूर करते हुए दिखाया है कि उनका खेल के प्रति जुनून कैसा है। पर्डीवाला ने 14 महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने जा रहे ऋषभ के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा ,'तुम्हारा प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटना चमत्कार होगा। इतना बुरी तरह से घुटना जगह से खिसकने के बाद , इस तरह के हालात में आना एक चमत्कार की तरह है। इस पर उसने कहा था ,'मैं 'चमत्कार करने वाला हूं. मैने दो बार किया और तीसरी बार भी करूंगा। '' ऋषभ ने कहा कि वह सामान्य के बहुत करीब महसूस कर रहे हैं। पंत इंडियन प्रीमियर लीग के जरिये वापसी करेंगे। वहीं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के फिजियोथेरेपिस्ट धनंजय कौशिक ने बताया कि उनकी चोट बेहद गहरी थी। उन्होंने कहा ,'उनके दाहिने घुटने का हर एक लिगामेंट क्षतिग्रस्त था। एसीएल ( एंटेरियर क्रूसिएट लिगामेंट), पीसीएल ( पोस्टेरियर क्रूसिएट लिगामेंट) , लेटरल कोलेटरल लिगामेंट सब कुछ टूटा था। जांघ की मांसपेशियां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। मुझे लगता है कि ऐसे में कोई वापसी कर सकता था तो वह ऋषभ ही था।

## CSK में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ड्वेन ब्रावो

**(एजेंसी)**


इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी लगातार मिल रही कामयाबी का राज है। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में जगह बनाई है।



ब्रावो ने कहा ,'' टीम में कोई बाहरी दखल या मालिकों की ओर से दबाव नहीं है।

वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं । यही इस टीम की खूबसूरती है।''

आईपीएल से पहले टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा ,'' हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था । हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया।'' यहां अविरा डायमंड्स के स्टोर लांच के मौके पर उन्होंने कहा ,'' इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।''



## हार से निराश हैं गुजरात जायंट्स की कप्तान मूनी

**दिल्ली ।** गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मिली लगातार हार से निराश हैं। मूनी की टीम को इस सत्र में का यह सीजन अच्छा नहीं रहा। उनकी टीम 8 में से 6 मुकाबले हारकर मुकाबले से बाहर हो गयी है। मूनी ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों में पीछे रहे। साथ ही कहा कि हमारी टीम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत नहीं कर पाये। इसके बाद गेंदबाजी भी विरोधी टीम पर अंकुश नहीं लगा पाये। साथ ही कहा कि टीम के लिए कुछ सकारात्मक बातें भी रही हैं, कुछ खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे हमें टूर्नामेंट के दौरान कई बार प्रतिस्पर्धी होने का अवसर दिया। हमें एक गेंदबाज और एक ऑलराउंडर की कमी महसूस हुई है। हमने काशवी गौतम को खो दिया, मन्नत ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा लॉरा जैसी कुछ बल्लेबाजों ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। वहीं मूनी ने शबनम शकील की प्रशंसा करते हुए कहा कि सका भविष्य बहुत अच्छा है और मुझे भरोसा नहीं है कि मैं नेट्स में उसका सामना करना चाहूंगी। सत्र पर उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह निराशाजनक रहा। शायद उन्हें अगले कप्तान की तलाश करनी होगी, यह मेरे लिए कठिन रहा है। हमें एक महान कोच और शानदार प्रबंधन मिला है, हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं और अगले सत्र में उन्हें बेहतर ढंग से एक साथ लाने की जरुरत होगी। इस मुकाबले की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने शैफाली वर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक की बदौलत गुजरात जायंट्स को 13 ओवर में ही हरा दिया।

## शान्तो के शतक से बांग्लादेश ने पहले एकदिवसीय में श्रीलंका को हराया

**चटगांव ।**

नजमुल शान्तो के शतक की सहायता से बांग्लादेश ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में शान्तो ने 122 रन बनाये और वह आउट नहीं हुए। इसके अलावा मुशफिकुर रहीम ने भी नाबाद 73 रन बनाये। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम को इस सीरीज में 1-0 से बढ़त मिल गयी है। टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 255 रन बनाये। इसके बाद 256 रनों के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 44.4 ओवर में ही 4 विकेट पर 257 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन के स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। लिटन कुमार दास शून्य, सौम्य सरकार 3 रन, मो. तौहीद हृदोय 3 रन और उसके बाद चौथे विकेट रूप में महमुदउल्लाह 37 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद नजमुल शांतो और मुशफिकुर रहीम ने पारी को संभाला और 5वें विकेट के लिए 165 रनों की साझेदारी की। शांतो ने 129 गेंदों में 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 122 रन की पारी खेली।

वहीं, मुशफिकुर रहीम ने 84 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 73 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने दो विकेट लिए। प्रमोद मदुशन और लाहिरू कुमारा ने एक-एक बल्लेबाज को पेवेलियन भेजा। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और अविष्का फर्नान्डो ने मिलकर पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। इस बीच फर्नान्डो 33 रन बनाकर आउट हो गए। निसंका भी 36 रन बनाकर आउट हो गये।

समरविक्रमा 3 रन और चरित असलंका 18 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। कुसल मेंडिस और लियानगे ने अच्छी बल्लेबाजी की। मेंडिस ने 75 गेंदों में 59 रन बनाए। अपनी इस पारी के साथ ही उन्होंने एशियाई धरती पर अपने 2,500 रन भी पूरे किए। वहीं लियानगे ने 67 रन बनाये।



## रचिन को रिचर्ड हैडली और अमेलिया को डेबी हॉकले पुरस्कार मिला



**वेलिंग्टन ।** रचिन रवींद्र और अमलिया केर को पुरुष और महिला वर्ग में न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वोच्च पुरस्कार मिला है। रचिन सर रिचर्ड हैडली पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं जबकि अमेलिया ने लगातार दूसरे साल डेबी हॉकले पदक जीता हैं। रचिन ने पिछले साल भारत में हुए एकदिवसीय विश्वकप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं महिल वर्ग में अमेलिया का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। रचिन ने विश्वकप में 64 की औसत से 578 रन बनाए थे। वह वह सबसे अधिक रन बनाने वाले क्रिकेटरों में चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाये थे। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में नाबाद 123 रनों की पारी भी शामिल थी। रचिन ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भी कई अच्छी पारियां खेली थीं। दूसरी ओर महिला क्रिकेट की शीर्ष ऑलराउंरों में शामिल अमेलिया ने 67 की औसत से 541 रन बनाये हैं। वह एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं। इस क्रिकेटर ने 42 की औसत और 118 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाये हैं और वह टीम की ओर से संयुक्त रूप से सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं। इसके अलावा अमेलिया के नाम सबसे अधिक टी20 विकेट के साथ ही रन भी हैं। दूसरी ओर पुरुष टीम के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया जबकि डेरिल मिचेल को पुरुष एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। महिला वर्ग में अमेलिया को एकदिवसीय और टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा क्रिस ब्राउन को जीजे गाडर्नर होम्स न्यूजीलैंड अंपायर ऑफ द ईयर मिला है।

## डिविलियर्स ने धोनी को डीजल इंजन जैसा बताया



**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को किसी डीजल इंजन के समान बताया है। डिविलियर्स के अनुसार जिस प्रकार डीजल इंजन कभी काम बंद नहीं करना उसी प्रकार धोनी भी लगातार काम करते रहते हैं। यही कारण है कि घुटने की सर्जरी के बाद भी धोनी 42 साल की उम्र में आईपीएल खेलने जा रहे हैं। डिविलियर्स ने कहा कि धोनी के कुशल नेतृत्व और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के अच्छे मार्गदर्शन के कारण ही टीम आईपीएल में पांच खिताब जीत पायी है। टीम के पास रवींद्र जड़ेजा जैसा शानदार ऑलराउंडर भी है। डिविलियर्स ने धोनी को एक अविश्वसनीय खिलाड़ी और कप्तान करार दिया है। उन्होंने पिछले साल कुछ अविश्वसनीय क्रिकेट खेला। पिछले साल ही धोनी के नहीं खेलने की उम्मीदें थी पर वे गलत साबित हुईं। डिविलियर्स ने कहा कि वह किसी डीजल इंजन की तरह लगता है जो कभी काम समाप्त नहीं करता है। डिविलियर्स ने कहा कि मेरा मानना है कि टीम को इतनी सफलता धोनी के कारण ही मिली है। वह हमेशा विरोधी टीम को टक्कर देने के लिए तरीका ढूंढ ही लेते हैं। डिविलियर्स ने विरोधी आईपीएल टीमों को चेताया है कि पिछले सीज़न में खिताब जीतने के बाद सीएसके अब और मजबूती से खेलेगी। साथ ही कहा कि वे अपने खिताब का इस बार भी बचाव करना चाहेंगे। टीम पर कोई दबाव नहीं है जो उसकी एक बड़ी ताकत भी है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 15 March 2024

## रामलीला मैदान में जुटे किसानों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में आई

नई दिल्ली। ऐलान के मुताबिक एमएसपी समेत विभिन्न मांगों को लेकर अनेक किसान संगठनों ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचना शुरू किया है। इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है और चारों ओर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कर रखे हैं। किसान महापंचायत दिल्ली के रामलीला मैदान में आज होने जा रही है। किसान महापंचायत को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था कर रखी है और चारों ओर अलर्ट किया हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन का कहना था कि यह सुनिश्चित करने के लिए हमने विस्तृत व्यवस्था कर रखी है कि कानून एवं व्यवस्था हर स्थिति में बनी रहे। कानून व्यवस्था को लेकर महापंचायत आयोजक समूह ने भी एक लिखित आश्वासन दिया है। इसमें कानून और व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिंदु शामिल हैं। इस तरह से हम हर स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में बहुत ज्यादा तादाद में किसान आए हुए हैं और यह प्रक्रिया सतत जारी रहने वाली है। बावजूद इसके उम्मीद है कि एसकेएम नेता जो बता रहे थे, वो उस सीमा के तहत ही सब करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल उपलब्ध है। उम्मीद है कि बिना किसी गड़बड़ी के यहां पर सब हो जाएगा। वहीं किसान संगठनों ने आरोप लगाया है कि दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित महापंचायत और प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के दनकौर में रोक लिया है। इससे सीमा पर तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## उज्बेकिस्तान से आई महिला की बेंगुलरु के होटल में रहस्यमयी मौत

बेंगुलरु। बेंगुलरु से एक बड़ी खबर आई है। यहां के एक होटल में उज्बेकिस्तान की महिला की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बता दें कि चार दिन पहले उज्बेकिस्तान की रहने वाली 37 साल की जरीना चार दिन पहले टूरिस्ट वीजा पर बेंगुलरु आई थी। वहां होटल जगदीश के दूसरे फ्लोर में कमरा लेकर रह रही थी। पुलिस का कहना है कि 13 मार्च की शाम करीब 4.30 बजे होटल स्टाफ ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब काफी देर तक महिला ने दरवाजा नहीं खोला तब होटल स्टाफ द्वारा मास्टर की से दरवाजा खोला गया। अंदर देखा कमरे में जरीना का शव पड़ा था। होटल स्टाफ द्वारा तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने रहस्यमयी मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में छानबीन लगातार जारी है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस का मानना है कि जरीना की गला दबाकर हत्या की गई है। जरीना के शव को फॉरेंसिक जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है। होटल में मौजूद सीसीटीवी कैमरा की फुटेज चेक की जा रही हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सीएए को लेकर की बयानबाजी

सोनभद्र। राष्ट्रिय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ सोनभद्र जिले के मांची थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। स्वामी प्रसाद पर सीएए को लेकर नफरती बयानबाजी, धार्मिक भावनाएं भड़काने और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बिंदु खरवार की तहरीर पर पुलिस ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल, सीएए लागू होने के बाद स्वामी प्रसाद ने एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने सीएए लागू करने की घोर निंदा की थी। उन्होंने लिखा, नागरिकता संसोधन विधेयक (सीएए) कानून लागू करना केंद्र सरकार का जन विरोधी निर्णय है, जो आदिवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, अल्पसंख्यक विरोधी भी है। सैकड़ों वर्षों से जंगलों में रहने वाले आदिवासियों तथा घुमन्तु जनजातियों, ग्राम समाज की जमीन पर बसे दलितों, पिछड़ों, गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों के पास आज भी राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं है, इस कानून के माध्यम से इसतरह के करोड़ों लोगों को प्रताड़ित करने व कब्जे से बेदखल कर नागरिकता से वंचित करने का घिनौना साजिश है। इस जन विरोधी कानून की मैं घोर निंदा करता हूं। बाराडाड़ गांव निवासी खरवार ने अपने तहरीर में है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने सैकड़ों वर्षों से जंगलों में रहने वाले आदिवासियों और घुमंतू जनजातियों, ग्राम समाज की जमीन पर बसे दलितों, पिछड़ों, गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों को नागरिकता से वंचित करने की बात कही है। इस लेकर क्षेत्र के जनजातियों में तरह-तरह की अफवाहें फैल रही हैं।

## दानिश अली ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर, अमरोहा सीट से चुनाव लड़ने की बात कही

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित लोकसभा सदस्य दानिश अली ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। बताया जाता है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। अली ने कहा कि उन्होंने अमरोहा सीट से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए ''सोनिया गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात की तस्वीर साझा कर पोस्ट किया, त्याग की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी का आशीर्वाद पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका दिल भारत के गरीबों के लिए धड़कता है। उनकी अध्यक्षता वाली एनएसी (राष्ट्रीय सलाहकार परिषद) ने मनरेगा, आरटीआई, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा जैसे ऐतिहासिक, गरीब हितैषी और पारदर्शी कानूनों को बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। बताया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की जो 17 लोकसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आई हैं, उसमें अमरोहा भी शामिल है। दानिश अली पिछले महीने अमरोहा में राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल हुए थे। वह गत 14 जनवरी को मणिपुर में शुरू हुई इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर भी इसका हिस्सा बने थे। अली को पिछले साल नौ दिसंबर को बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया था।



## समाजसेवी सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली, सभापति धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई

नई दिल्ली। समाजसेवी सुधा मूर्ति ने गुरुवार को अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। कन्नड़ और अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिए प्रख्यात सुधा मूर्ति को साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, पद्म श्री (2006) और पद्म भूषण (2023) जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सुधा मूर्ति व्यावसायिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी लिमिटेड (टेल्को) के साथ काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर थीं। इंफोसिस शुरू करने के लिए उन्होंने अपने पति को अपनी आपातकालीन निधि से 10,000 रुपये दिए थे, जिसका अब बाजार पूंजीकरण 80 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक है। उनकी बेटी अक्षता की शादी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुई है।

## अभद्र टिप्पणी मामले में बयान दर्ज करने एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंची जया प्रदा

मुरादाबाद। अपने खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा मुरादाबाद एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुईं। जया प्रदा गुरुवार को मुरादाबाद कोर्ट में अपना बयान दर्ज करवाने पहुंची थीं। 2019 के अभद्र टिप्पणी मामले में सपा नेता आजम खान, सांसद एसटी हसन सहित अन्य आरोपी हैं। जया प्रदा काफी समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही थीं, इसकारण उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए गए थे। जिसके बाद गुरुवार को उन्होंने कोर्ट में पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए। मीडिया से बात कर जया प्रदा ने एसटी हसन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कहा यह लड़ाई बेटियों और बहनों की है, ताकि हसन जैसे लोग उनका शोषण ना कर सकें। मेरे ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी छोटी सोच रखने वाले नेताओं की मानसिकता को दिखाती है। मैं देश की अन्य महिलाओं के लिए हमेशा संघर्ष करती रहूंगी।

# सुप्रीम कोर्ट की अजितगुट पर सख्त टिप्पणी, चुनाव के लिए शरद पवार की तस्वीर की जरुरत क्यों



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनसीपी चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट से शरद पवार की तस्वीर और नाम का इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अजित गुट से कहा कि वह किसी भी भ्रम से बचने के लिए दूसरा चुनाव चिह्न लेने पर विचार करें।

शरद पवार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अजित गुट की एनसीपी घड़ी के निशान और शरद पवार के चेहरे का उपयोग करके लोगों को गुमराह कर रही है। सिंघवी ने कहा, आप घड़ी और शरद की तस्वीर का उपयोग कैसे कर सकते हैं? यह सरासर धोखा है। इतना ही नहीं अजित गुट के नेता कहते हैं कि इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में उनके लाभ के लिए किया जाएगा।

जस्टिस सूर्यकांत और के.वी. की पीठ विश्वनाथन ने मामले की सुनवाई कर अजित गुट की ओर से पेश वकील से कहा कि पार्टी को हलफनामा देना चाहिए कि वह अपने सदस्यों को शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल करने से रोकेगी। पीठ ने अजित गुट से कहा कि अब जब आप दो अलग-अलग संस्थाएं हैं, तब केवल अपनी पहचान के साथ ही जाएं। पीठ ने सख्त टिप्पणी कर कहा कि जब चुनाव आता है, तब आपको उनके चेहरे की जरूरत होती है और जब आप चुनाव जीत जाते हैं, तब आप पार्टी छोड़ देते हैं।

इसके पहले 19 फरवरी को शीर्ष अदालत ने एनसीपी संस्थापक शरद पवार और उनके गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के नाम से काम करने की अनुमति दी थी। ईसीआई ने राज्यसभा चुनाव में भाग लेने के लिए एक बार के उपाय के रूप में 7 फरवरी को एक आदेश में शरद पवार गुट को नया नाम आवंटित किया था। इसके अलावा सुनवाई के दौरान एक और अंतरिम राहत में पीठ ने शरद पवार गुट को पार्टी चिह्न के लिए आवेदन करने की अनुमति दे दी।

## अयोध्या से ब्राह्मण उम्मीदवार उतारेंगी मायावती!

लखनऊ। बीएसपी सुप्रीमो मायावती, सच्चिदानंद पांडे सचिन को अयोध्या में अपना उम्मीदवार बना सकती हैं। सचिन ने हाल ही में भाजपा से अपना इस्तीफा दिया है। 13 मार्च को उन्होंने बीजेपी की सदस्यता से इस्तीफा दिया। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि वो बीएसपी की टिकट पर अयोध्या लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। पांडे ने बीजेपी को जो इस्तीफा भेजा था, उसमें उन्होंने कहा था कि अब मुझे पार्टी में बने रहने पर घुटन महसूस हो रही है, जिसकी वजह से अब बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा भेज रहा हूं। अंबेडकरनगर जिला अध्यक्ष के भेजे अपने पत्र में पांडे ने लिखा, मैं एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सेवा करता चला आ रहा हूं, लेकिन पूर्व की और अब की भाजपा में सब कुछ बदल चुका है, जिसमें कार्यकर्ताओं को बढ़ाने, उन्हें सम्मान देने और आगे बढ़ाने की बजाय पार्टी आयातित और धनबल से परिपूर्ण लोगों को ही तवज्जो देती है। उन्होंने कहा, पार्टी जिस सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात करती है, असव में वह महज एक जुमला मात्र ही बनकर रह गया है, जबकि धरातल पर न तो इस नीति का कोई क्रियान्वयन है न ही विचारधारा में कहीं इसका असर है। जिसका प्रतिफल है कि जनपद के दलित-पिछड़े, अल्पसंख्यक और सामान्य समेत सभी वर्ग हतप्रभ और नाखुश हैं।



# सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं : अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम एक ऐसा कानून है जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देगा, किसी की नागरिकता छीनेगा नहीं। केंद्र सरकार ने सोमवार को सीएए, 2019 को लागू करने की घोषणा की। विवादास्पद कानून को पारित किये जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है।

सीएए के नियम जारी हो जाने के साथ ही अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इन तीन देशों के प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा,



''सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं।'' हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और उन्हें ''दुनिया का सबसे बड़ा झूठा'' करार दिया।

आप प्रमुख द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले सीएए के कार्यान्वयन को भाजपा की ''वोट बैंक की गंदी राजनीति'' बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकुर ने कहा, ''केजरीवाल इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे एक शिक्षित व्यक्ति भी भ्रंतियां फैलाने का काम करता है।'' केजरीवाल ने बुधवार को कहा था, ''इस कानून के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के द्वार खोल दिए हैं।''

ठाकुर ने कांग्रेस पर भी हमला बोला और कहा कि पार्टी के पास लोगों के लिए न तो कोई नीति है और न ही जनता के हितों के लिए कोई कार्यक्रम है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ''टुकड़े-टुकड़े गैंग'' का समर्थन करती है और देश को बांटना चाहती है, जबकि मोदी देश के हित की बात करते हैं। ठाकुर ने उन्हें लगातार पांचवीं बार हमीरपुर सीट से मैदान में उतारने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## केजरीवाल ने पहले कहा पेश होंगे, तारीख नजदीक आई तो कोर्ट पहुंच गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लंबे समय से ईडी की पूछताछ से बच रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कुछ शर्तों के साथ ईडी को भरोसा दिलाया था कि वे कोर्ट में 16 मार्च को पेश होंगे। पेशी की तारीख आती इससे पहले ही केजरीवाल ने अदालत का दरवाजा खटखटा दिया।

कथित शराब घोटाले में ईडी के समन को दरकिनार किए जाने की वजह से केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी ने शिकायत की थी। केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा गया था। अब उन्होंने अदालत के समन के खिलाफ सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की है। राउज ऐवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज राकेश स्याल के सामने मामले को सूचीबद्ध किया गया है। केजरीवाल को 4 मार्च, 26 फरवरी, 19 फरवरी, 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, पिछले साल 22 दिसंबर और 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। अडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की पहली शिकायत पर केजरीवाल को 17 फरवरी को बुलाया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री उस दिन वर्चुअल माध्यम से कोर्ट के सामने हाजिर हुए और बजट सत्र में व्यस्तता का हवाला देकर छूट की गुजारिश की। उन्होंने कोर्ट से अगली तारीख की मांग करते हुए कहा था कि वह खुद हाजिर होंगे। अदालत ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए 16 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने को कहा था।



ईडी ने समन को नजरअंदाज किए जाने की वजह से 3 फरवरी और 6 मार्च को मजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत केस चलाने की मांग की है। लोकसेवक के आदेश पर हाजिर नहीं होने पर इस धारा के तहत केस चलाया जाता है। इसमें दोषी करार दिए जाने वाले व्यक्ति को एक महीने तक जेल और 500 रुपए जुर्माने की सजा हो सकती है। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाते हुए ईडी ने केजरीवाल को अब तक कुल 8 समन भेजे हैं। इसके बाद ईडी ने अंतिम तीन समन को लेकर भी केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में शिकायत दायर की। मल्होत्रा ने इसका संज्ञान लेकर केजरीवाल को कोर्ट में 16 मार्च को खुद पेश होने को कहा। ईडी ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें (केजरीवाल) को यह जानने का कोई लीगल हक नहीं है कि उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है या फिर आरोपी के रूप में। जांच एजेंसी ने उन पर जानबूझकर समन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल को उनकी और कुछ अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहती है मांझी की पार्टी

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कर दिया कि वह गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना



चाहती है, जो अभी जद (यू) के पास है। नीतीश कुमार कैबिनेट में मंत्री और मांझी के बेटे संतोष सुमन ने यह बयान उन अटकलों के एक दिन बाद दिया है कि राजग में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार हो गया है और हम को राज्य की 40 सीटों में से केवल एक सीट मिलने की संभावना है। एक दिन पहले दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद लगायी जा रही अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सुमन ने पत्रकारों से कहा कि वे ऐसी अपुष्ट खबरों विश्वास नहीं करते। उन्होंने कहा कि हम सभी से बिहार में राजग सीट बंटवारे पर औपचारिक घोषणा की प्रतीक्षा करने का आग्रह करेंगे। मीडिया के एक वर्ग में आयी खबरों के अनुसार भाजपा और जदयू क्रमश: 17 और 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जबकि चिराग को पांच सीटें दी गई हैं जिसमें हाजीपुर लोकसभा सीट भी शामिल है, जो उनके दिवंगत पिता राम विलास पासवान का गढ़ माना जाता है। वर्तमान में यह सीट चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के पास है। मांझी की हम और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट दिए जाने की उम्मीद है। सुमन से गया सीट पर उनकी पार्टी के दावे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी ने कई जगहों पर अपना कैडर बनाया है, हालांकि गया का एक विशेष स्थान है और प्रबल इच्छा है कि ''हम'' कार्यकर्ता को इस सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए। बिहार विधान परिषद के लिये बृहस्पतिवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए सुमन के बारे में कहा जा रहा है कि वह स्वयं गया सीट से इस बार चुनाव लड़ सकते हैं।

## माफिया मुख्तार अंसारी जज के सामने रोया गिड़गिड़ाया, इतना दुखी कि इफ्तारी भी नहीं की

**कानपुर (एजेंसी)।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को 36 साल पुराने शस्त्र लाइसेंस मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी के विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी ने नौ महीने बाद ही मुख्तार अंसारी को दूसरी बार उम्रकैद की सजा सुनाई है। पहले अवधेश राय हत्याकांड में सजा सुनाई थी। अब गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुआ मुख्तार जज के सामने गिड़गिड़ाने लगा और सिर पकड़कर बैठ गया। दुखी होने के कारण बुधवार शाम को इफ्तार भी नहीं किया। सुरक्षा कारणों के चलते अंसारी को बांदा जेल से वाराणसी नहीं भेजा गया है। हालांकि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया। जेल सूत्र



बताते हैं कि दोपहर बाद जैसे ही कोर्ट ने मुख्तार को उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई गई वह सिर पकड़ कर बैठ गया। ब्लड प्रेशर की समस्या होने से अफसर घबरा गए और उसे तत्काल बैरक पर भेज दिया गया। दो बार डॉक्टर ने मुख्तार का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हालांकि डॉक्टरों ने ब्लड प्रेशर को सामान्य बताया। सीसीटीवी के जरिए मुख्तार पर कड़ी नजर रखी गई। बताया गया कि शाम को मुख्तार की इफ्तार की प्लेट तैयार की गई तो उसेने पानी पीकर रोजा खोला और कुछ भी नहीं खाया। मुख्तार की इस हालत पर अन्य बंदी भी काफी दुखी दिखे।

## मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने में नाकाम रही पुलिस

**-देर रात खाली हाथ लौटी, कोर्ट ने दिया 19 मार्च तक का समय**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** बरेली, (ईएमएस)। बरेली दंगा मामले में गिरफ्तारी से बचते फिर रहे मौलाना तौकीर पुलिस की जद से दूर ही है। पुलिस का कहना है कि मौलाना का मोबाइल फोन कभी ओपन होता है तो कभी क्लोज बता देता है। उनके मोबाइल की लोकेशन भी लगातार बदलती दिखी है। एक समय मौलाना की लोकेशन हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह रही तो कभी ओखला और कभी जामा मस्जिद मिली थी। पुलिस इन जगहों पर जब तक पहुंचती थी तब तक या तो मोबाइल फोन बंद हो जाता या फिर लोकेशन ही बदल जाती थी।

गौरतलब है कि पुलिस टीम दिल्ली में बरेली दंगा मामले में मौलाना तौकीर रजा की तलाश में जुटी हुई है। सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोबाईल लोकेशन पर अनेक क्षेत्रों में दबिश भी दी, लेकिन मौलाना हाथ नहीं लगा और रात के समय मौलाना का मोबाइल फोन भी बंद दिखाने लगा। पुलिस पर पहले ही मौलाना को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप लगे हैं और इसके चलते



प्रेमनगर इंस्पेक्टर पर एसएसपी जांच शुरू कराई जा चुकी है। इसके चलते ही कोर्ट ने सीओ प्रथम को मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी है। इसके बाद ही मंगलवार को पुलिस ने दिल्ली में मौलाना की तलाश शुरू की थी। मौलाना तौकीर के पुलिस से दूर होने और बचने की वजह उनके मोबाइल फोन की लगातार लोकेशन बदलने से लेकर बार-बार मोबाईल बंद होना बताया जा रहा है। पुलिस को शुरु में मौलाना की लोकेशन हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर मिली, लेकिन उसके बाद कभी ओखला तो कभी जामा मस्जिद की लोकेशन मिलने लगी। जब तक पुलिस लोकेशन वाली जगह पहुंचती तब तक मौलाना तौकीर का मोबाईल ही बंद हो जाता और कुछ देर बाद ही नई लोकेशन के साथ मोबाईल ऑन शो करने लगता। अब चूंकि अदालत के समक्ष पेश होकर टीम को जवाब भी देना था, सो देर पुलिस की टीम खाली हाथ वापस लौट आई।

वहीं दूसरी तरफ मौलाना तौकीर के गनर जरुर बरेली पुलिस की टीम को हजरत निजामुद्दीन दरगाह के समीप मिले, जिन्होंने बताया कि 7-8 मार्च को उन दोनों को घर में ही रहने का कहकर मौलाना तौकीर अपने आवास से हैदराबाद एक मीटिंग में जाने का कहकर निकले हैं। उसके बाद से उनका पता नहीं है। पुलिस टीम ने मौलाना के दोनों गनर्स को फिलहाल दिल्ली में ही रहकर सुरागरशी करने को कहा है।

इस पूरे मामले में सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह का कहना था कि कोर्ट ने अगली तारीख तक मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने का समय दे दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस अवधि में मौलाना तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा। दरअसल एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बुधवार को मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ एक और गैर जमानती वारंट जारी किया है। 19 मार्च तक मौलाना को गिरफ्तार कर पेश कराने की जिम्मेदारी एसएसपी को सौंपी गई है।

# भारत की मानव विकास सूचकांक रैंकिंग में सुधार, 134वें स्थान पर पहुंचा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में से 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में, भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में से 108वें स्थान पर है। GII-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में इसकी रैंक 122 थी।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह जीआईआई-2021 की तुलना में जीआईआई-2022 में 14 रैंक की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। हालाँकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लिंग अंतर भी है - महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत का अंतर। संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में से 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर थी।

लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में, भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में से 108वें स्थान पर है। GII-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में इसकी रैंक 122 थी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह जीआईआई-2021 की तुलना में जीआईआई-2022 में 14 रैंक की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। हालाँकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लिंग अंतर भी है - महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत का अंतर।

2021 में अपने एचडीआई मूल्य में गिरावट के बाद और पिछले कुछ वर्षों में एक सपाट प्रवृत्ति के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में बढ़कर 0.644 हो गया है, जिससे देश को हाल ही में जारी 2023/24 मानव विकास में 193 देशों और क्षेत्रों में से 134 वें स्थान पर रखा गया है। 2021 में 0.633 की तुलना में अपने एचडीआई मूल्य में 0.644 की मामूली वृद्धि के कारण भारत 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर रहा। डेटा को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक~ रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया था। यह 2021-2022 मानव विकास रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित है, जिसमें वैश्विक एचडीआई मूल्य में पहली बार लगातार दो वर्षों में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट से पता चला कि जहां अमीर देशों ने रिकॉर्ड मानव विकास हासिल किया, वहीं आधे गरीब देशों की प्रगति संकट-पूर्व स्तर से नीचे बनी हुई है। 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा - जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) और जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 12.6 तक पहुंच गए, स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष बढ़कर 6.57 हो गए। और प्रति व्यक्ति जीएनआई में 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई। इसके अलावा, भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में प्रगति प्रदर्शित की है। रिपोर्ट के अनुसार, देश का त्वद्धद्घ मान 0.437 वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 4.6 वर्ष बढ़ गए हैं और स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष 3.8 वर्ष बढ़ गए हैं। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 0.644 के एचडीआई मान के साथ, नवीनतम एचडीआर भारत को मध्यम मानव विकास श्रेणी में रखता है। 1990 और 2022 के बीच, देश में एचडीआई मूल्य में 48.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 1990 में 0.434 से बढ़कर 2022 में 0.644 हो गई। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति दिखाई है और जीआईआई-2022 में 166 देशों में से 108वें स्थान पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'जीआईआई तीन प्रमुख आयामों - प्रजनन स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और श्रम बाजार में लैंगिक असमानताओं को मापता है। देश का जीआईआई मूल्य 0.437 वैश्विक औसत 0.462 और दक्षिण एशियाई औसत 0.478 से बेहतर है। प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। 2022 में भारत की किशोर जन्म दर 16.3 (15-19 वर्ष की आयु की प्रति 1,000 महिलाओं पर जन्म) थी, जो 2021 में 17.1 से सुधार है।

## जापान का प्राइवेट स्पेस रॉकेट, उड़ान भरने के 5 सेकंड में फटा

टोक्यो । जापान के प्राइवेट स्पेस मिशन को भारी झटका लगा है। जापान की प्राइवेट फर्म स्पेस वन का यह पहला 59 फीट लंबा स्पेस रॉकेट तैयार किया गया था। रॉकेट के उड़ान भरने के 5 सेकंड के अंदर ही इसमें विस्फोट हुआ, और नष्ट हो गया. रॉकेट बनाने वाली कंपनी ने दावा किया था। यह एडवांस सिस्टम वाला स्पेस रॉकेट है। इस रॉकेट में जापान की सरकारी कंपनी के उपकरण भी लगाए गए थे। यह दावा किया जा रहा था, खुफिया जानकारी जुटाने में यह रॉकेट महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। लेकिन यह प्रयास उड़ान भरने के साथ ही कुछ ही सेकंड में विफल हो गया।

## फिलीपीन : राजधानी में आग लगने से महिला सहित दो की मौत

मनीला । मेट्रो मनीला के मांडलुयॉन्ग शहर में 50 से अधिक घरों में आग लगाने से दो लोगों की मौत हुई है। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने इसकी जानकारी दी। अग्निशमन कर्मी ने बताया कि रात करीब बारह बजे लगी आग में मृतक फंस गए थे। उन्होंने कहा कि मृतकों में से एक महिला है और दूसरे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। आग बुझाने में दमकलकर्मियों को लगभग दो घंटे का समय लग गया।

## मछली पकड़ने वाली नाव के डूबने से तीन नाविकों की मौत

सोल । दक्षिण कोरिया के दक्षिणी तट पर मछली पकड़ने वाली एक नाव डूबने से तीन नाविकों की मौत हो गई और एक अन्य लापता हो गया। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि चार दक्षिण कोरियाई, छह इंडोनेशियाई और एक वियतनामी सहित 11 चालक दल के सदस्यों के साथ 139 टन का ट्रॉलर, राजधानी सोल से लगभग 330 किमी दक्षिण में टोंगयोंग में एक द्वीप के पास पानी में डूब गया। इसके बाद तट रक्षक को एक संकट कॉल भेजी गई थी। तट रक्षक और आसपास की नौकाओं ने चालक दल के 10 सदस्यों को बचा लिया, लेकिन एक कप्तान सहित तीन दक्षिण कोरियाई लोगों को मृत होने की पुष्टि होने से पहले बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया। एक दक्षिण कोरियाई नाविक का पता नहीं चल सका। 16 गश्ती नौकाओं, दो नौसेना जहाजों और तीन विमानों को तैनात करते हुए तलाशी अभियान जारी है।

## रूस : हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 2 की मौत

व्लादिवोस्तोक। रूस के मगादान क्षेत्र में गुरुवार को एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं का हवाला देकर बताया, एमआई-8 हेलीकॉप्टर मगादान क्षेत्र की एक खदान से 20 श्रमिकों को ले जा रहा था। तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस समयय हुई जब हेलीकॉप्टर ने रूस के सुदूर पूर्व में मगादान ओब्लास्ट में स्थित शहर इवेंस्क से 75 किमी दूर 'हार्ड लैंडिंग' की। आपातकालीन सेवाओं ने कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, दुर्घटना क्षेत्र में शिफ्ट श्रमिकों को हटाने के दौरान कठिन मौसम की स्थिति थी, उपकरण इसका सामना नहीं कर सके और मानवीय कारक पर भी विचार किया जा रहा है।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में टिकटॉक को बैन करने की उठी मांग

वाशिंगटन । अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने एक विधेयक पारित किया, जिसके तहत लोकप्रिय वीडियो एप टिकटॉक का चीनी मालिक अगर टिकटॉक को नहीं बेचता है, तब एप पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाएगा। अमेरिकी सांसदों ने कंपनी की वर्तमान स्वामित्व संरचना को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक खतरा मानकर यह कदम उठाया है। प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक के पक्ष में 352 और विपक्ष में 65 वोट पड़े, जिससे यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। अब यह विधेयक सीनेट में जाएगा, जहां इसके पारित होने की संभावनाएं स्पष्ट नहीं हैं। अमेरिका में टिकटॉक के 15 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। टिकटॉक, चीनी प्रौद्योगिकी फर्म बाइटडांस लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। सांसदों का तर्क है कि बाइटडांस चीनी सरकार के समक्ष नतमस्तक है, जो जब चाहे अमेरिका में टिकटॉक के उपयोगकर्ताओं के डेटा तक पहुंच की मांग कर सकती है। चीन के कई सारे राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों से यह खतरा उपजा है, जो संगठनों को खुफिया जानकारी एकत्र करने में सहयोग के लिए मजबूर करता है। कैथी मैकमॉरिस रॉजर्स ने कहा, हमने टिकटॉक को साफ-साफ शब्दों में विकल्प चुनने का मौका दिया है।

## फ्लोरिडा में 27 वर्षीय भारतीय छात्र की मौत

वाशिंगटन । अमेरिका के फ्लोरिडा में 27 वर्षीय एक भारतीय छात्र की मौत हो गई। फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्यजीव संरक्षण आयोग (एफडब्ल्यूसी) के अनुसार, भारत के तेलंगाना राज्य का मूल निवासी वेंकटरमण पित्तला किराए की पर्सनल वॉटरक्राफ्ट' (पीडब्ल्यूसी) चला रहा था, जो दक्षिण फ्लोरिडा के रहने वाले 14 वर्षीय लड़के द्वारा संचालित एक अन्य पीडब्ल्यूसी से टकरा गई। हादसे में पित्तला की मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को तेलंगाना में उनके परिवार के पास वापस भेजने के लिए धन जुटाने हेतु गोफंडमी पेज बनाया गया है। इसमें दी गई जानकारी के अनुसार, पित्तला इंडियानापोलिस में इंडियाना यूनिवर्सिटी पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। उसकी स्नातक की पढ़ाई मई में पूरी होने वाली थी। एफडब्ल्यूसी ने रिपोर्ट जारी की है जिसमें पित्तला तथा दूसरे लड़के का नाम है लेकिन घटना का ब्यौरा नहीं दिया गया है।

## अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश में चार गिरफ्तार

वाशिंगटन । अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को कनाडा सीमा से सटे एक स्थान से गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे बफेलो शहर में अंतरराष्ट्रीय रेलमार्ग पुल पर चलती मालगाड़ी से कूदे थे। चौथा शख्स डोमिनिकन गणराज्य का नागरिक है। पुलिस के करीब आते ही पुरुषों ने उस महिला को छोड़ दिया जो घायल हो गई थी और वहां से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने पुरुषों का पीछा करके उन्हें पकड़ लिया गया। घायल महिला को एरी काउंटी शेरिफ के अधिकारियों और अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद महिला को एम्बुलेंस से स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। जांच से पता चला है कि इन चारों लोगों के पास कोई दस्तावेज़ नहीं थे। मीडिया को बताया गया है कि तीनों पुरुषों को बटाविया संघीय निरोध केंद्र में हिरासत में रखा गया है जहां वे निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

## कब्र के अंदर ढेर सारे सोने के साथ मिली 32 लाशें, जिसने भी देखा तो फटी रह गई आंखें

फ्लोरिडा (ईएमएस)। 1200 साल पुरानी कब्र खोदी गई है, जिसमें ऐसा कुछ मिला कि खोदने वाले लोगों की आंखे फटी की फटी रह गई। यह कब्र पनामा में खोदी गई है। कब्र के अंदर ढेर सारे सोने के साथ कम से कम 32 लाशें मिली है। रिपोर्ट के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि इन 32 लोगों की बली दी गई थी। यह कब्र पनामा सिटी से लगभग 110 मील दूर एल कैनो आर्कियोलॉजिकल पार्क मौजूद थी।खोदे गए कब्र से सोने की शॉल, बेल्ट, आभूषण और व्हेल के दांतों से सजी बालियां जैसी कीमती वस्तुएं मिली है। अधिकारियों के अनुसार ये सामान स्थानीय संस्कृति के एक उच्च पद पर बैठे शख्स के साथ दफनाई गई थीं। मान्यता है कि यहां समुदाय के प्रमुख को मौत के बाद जन्नत में आराम के जीवन के लिए 32 लोगों की बली दी गई। पनामा के संस्कृति मंत्रालय की लिनेट मोंटेनेग्रो के अनुसार 'खजाने की कीमत बहुत ज्यादा है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्कियोलॉजिस्ट का मानना है कि यह कब्र 750 ईस्वी में एक ऊंचे पद पर आसीन पुरुष नेता के लिए बनाई गई थी। उसे एक महिला के शव के ऊपर रखकर दफनाया गया था। यह उस समय उच्चे वर्ग के लोगों को दफनाए जाने की प्रथा थी। कब्र में पाई गई अन्य चीजें में कंगन, मानव आकृति वाले झुमके, मगरमच्छ के शव, घंटियां, कुत्ते के दांतों से बनी स्कर्ट, हड्डी की बांसुरी और चीनी मिट्टी की वस्तुएं भी मिली है। बता दें कि पहले के लोग, लोगों की मौत के बाद उनके कब्र में लाश के साथ-साथ कई सामान भी रख देते थे। हालांकि यह उस शख्स के परिवार की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती थी।



उत्तर कोरियाई सेना अपने शीर्ष नेता किम जोंग उन को टैंक व अन्य हथियारों की मारक क्षमता दिखाती हुई।

## फिर फिसली बाइडेन की जुबान... अमेरिका में दुनिया में सबसे कम मुद्रास्फीति दर



वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। जब उन्होंने देश में मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रशासन के प्रयासों के बारे में बोलकर एक और गलती कर दी है। उन्होंने अमेरिका में दुनिया में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है, बाइडेन ने कह दिया कि यूएस में अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। बाइडेन ने कहा कि मजदूरी कीमतों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है और अब हम अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दरों में से एक हैं।, दरअसल एक कार्यक्रम को संबोधित कर अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव करते हुए बाइडेन ने ये बातें कही हैं। ये टिप्पणियाँ राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की दावेदारी उनकी बढ़ती उम्र और मानसिक तीक्ष्णता पर चिंताओं से घिरे होने के बीच आई है। 81 वर्षीय बाइडेन के मानसिक स्वास्थ्य और बुढ़ापे की हाल ही में जांच की गई है। इससे चिंता पैदा हो गई कि राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आने के कारण वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

# भारत से दुश्मनी पड़ गई भारी, मालदीव पर मोदी सरकार की स्ट्राइक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया आउट का नारा देकर सत्ता में आई मालदीव की मुइज्जू सरकार के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। मालदीव ने पहले तो भारतीय सैनिकों को दिल्ली का रास्ता दिखाया फिर हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट रिन्यु करने की बात से पल्ला झाड़ा तो उसे लगा कि भारत खामोशी से सब सह लेगा। लेकिन भारत ने बड़ा खेल कर दिया। आर्थिक आंकड़े चीन के चेले मुइज्जू के सिर दर्द को बढ़ा रहे हैं। मालदीव के राष्ट्रपति जितनी बार इन आंकड़ों को देख रहे हैं। उतनी बार परेशान हो जा रहे हैं। भारत ने बिना एक्शन लिए चीन की गोद में बैठे मालदीव से अपना बदला ले लिया है। मालदीव की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।

भारत के साथ दुश्मनी मोल लेने के कारण पिछले तीन महीनों में मालदीव को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। नई दिल्ली के साथ राजनयिक विवाद के बीच, मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है, जो हाल तक द्वीप राष्ट्र में आगंतुकों की सूची में शीर्ष पर थे। आंकड़ों के अनुसार, मालदीव का दौरा करने वाले शीर्ष पर्यटक समूह से भारतीय पिछले तीन हफ्तों में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले तीन वर्षों में, 2 लाख से अधिक भारतीयों ने सालाना मालदीव का दौरा किया, जो कि कोविड के बाद किसी भी देश से सबसे अधिक है। हालाँकि, भारत का योगदान जो हाल तक सबसे अधिक था, फिसलकर पांचवें स्थान पर आ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 28 जनवरी तक मालदीव में



1.74 लाख से ज्यादा पर्यटक आए, जिनमें से सिर्फ 13,989 भारतीय थे। मालदीव का दौरा करने वाले देश के 18,561 पर्यटकों के साथ रूस चार्ट में शीर्ष पर है, इसके बाद इटली (18,111), चीन (16,529) और यूके (14,588) हैं। जर्मनी छठे स्थान पर है, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, पोलैंड और स्विट्जरलैंड हैं। 2023 में 17 लाख से अधिक पर्यटकों ने द्वीप राष्ट्र का दौरा किया, जिनमें से अधिकतम भारतीय (2,09,198) थे, उसके बाद रूसी (2,09,146) और चीनी (1,87,118) थे। मालदीव में भारतीय आगंतुकों की संख्या 2022 में 2.4 लाख से अधिक और 2021 में 2.11 लाख से अधिक थी। जानकार बता रहे हैं कि अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो बहुत जल्द ही मालदीव को 2 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम घाटा उठाना पड़ सकता है। इस घाटे को भरने के लिए मालदीव क्या करेगा ये पूरी दुनिया को अच्छे से पता है। मालदीव की तरफ से इस घाटे को भरने के लिए चीन के आगे हाथ पसारेगा। बदले में तरस खाकर चीन उसे अपने कर्ज तले दबा देगा।

## पाकिस्तानी संसद में प्रस्ताव पारित, पूर्व पीएम भुट्टो की मौत की सजा पलटने की मांग



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी संसद ने प्रस्ताव पारित कर पूर्व प्रधानमंत्री और पीपीपी संस्थापक जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई मौत की सजा को पलटने की मांग की गई। पूर्व पीएम भुट्टो को 1979 में जनरल मुहम्मद जिया-उल-हक के सैन्य शासन द्वारा फांसी दी गई थी। यह प्रस्ताव 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से राय देने के कुछ दिनों बाद पारित किया गया था कि हाई-प्रोफाइल मामले की बहुप्रतीक्षित समीक्षा में पूर्व प्रधानमंत्री को निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया नहीं मिली।

18 मार्च 1978 को लाहौर हाईकोर्ट ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक सदस्यों में से एक, अहमद रजा कसूरी की हत्या का आदेश देने के आरोप में भुट्टो को मौत की सजा सुनाई। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली (एनए) द्वारा अपनाए गए और पीपीपी की शाजिया मैरी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में भुट्टो के मुकदमे और उसके बाद दोषी ठहराए जाने को न्याय का घोर उल्लंघन माना गया। यह बेगम नुसरत भुट्टो साहिबा, शहीद मोहतरमा बेनज़ीर भुट्टो और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कार्यकर्ताओं के संघर्षों को सलाम करता है जिन्होंने इस सच्चाई को स्थापित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

शीर्ष अदालत की राय 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा अपने ससुर भुट्टो की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने और 4 अप्रैल, 1979 को उनकी फांसी की सजा पर फिर से विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए एक विशेष मामले पर आधारित थी।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 300 स्कूली बच्चों का अपहरण कर मांगे 1 बिलियन नायरा

**अबुजा,नाइजीरिया (एजेंसी)।** नाइजीरिया में कम से कम 300 बच्चों का अपहरण कुछ बंदूकधारियों ने कर लिया है। बदले में एक बिलियन नायरा की मांग की है।

स्थानीय समुदाय के एक सदस्य ने बुधवार को बताया कि पिछले गुरुवार को घटना की जानकारी मिली थी कि कुछ बंदूकधारियों ने बच्चों का अपहरण कर लिया है और अब वह 1 बिलियन नायरा (621,848) की फिरौती मांग रहे हैं और अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो उन्होंने सभी बच्चों को मारने की भी धमकी दी है।

कुरिगा समुदाय के सदस्य ने कहा कि उनका मानना है कि अपहरणकर्ताओं को उनका नंबर स्कूल के जूनियर सेकेंडरी सेक्शन के प्रमुख से मिला था, जिनका छात्रों के साथ अपहरण कर लिया गया था। राज्य के पुलिस प्रवक्ता मंसूर हसन ने बताया कि सुबह मोटरसाइकिलों पर सवार सशस्त्र डाकुओं ने कडुना के चिकुन जिले के कुरीगा गांव में एलईए प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूल पर धावा बोलकर 300 से अधिक छात्रों को उठा लिया। कुछ छात्रों को बचा लिया गया लेकिन उनमें से 300 अब भी अपहरणकर्ताओं के पास हैं। उनमें से लगभग 100 प्राथमिक विद्यालय से हैं और बाकी माध्यमिक विद्यालय से हैं। कडुना के गवर्नर उबा सानी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी सरकार विद्यार्थियों और छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सानी ने यह भी कहा कि हमले के दौरान अपहरणकर्ताओं का सामना करने वाले समुदाय का एक सदस्य मारा गया।

कडूना राज्य के कुरीगा गांव, जहां स्कूल स्थित है, के निवासी अमीनू जिब्रील ने कहा, उन्होंने मुझे दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर एक नंबर से फोन किया और फिरौती के रूप में 1 बिलियन नायरा (621,848) की मांग की। उन्होंने कहा कि अल्टीमेटम बच्चों के अपहरण की तारीख से केवल तीन सप्ताह या 20 दिनों तक रहेगा और अगर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उन सभी को मार डालेंगे। अपराधियों ने कहा कि अपहरण अपने गिरोह के सदस्यों की हत्या के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों पर हमला करने का एक तरीका था।

# बीजिंग रक्षा बजट को युद्ध की तैयारी में करेगा खर्च

**-चीन की सेना पीएलए के ऐलान से मची हड़कंप**

**-अमेरिका की आलोचना और ताईवान को चेताया**

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने फैसला लिया है कि वह अपनी सेना की ताकत बढ़ाने के लिए रक्षा बजट को युद्ध की तैयारी में खर्च करेगा। इसके लिए चीन ने रक्षा बजट में बढ़ोतरी भी की है। चीन के इस कदम से दुनिया में युद्ध को लेकर हड़कंप मंचा हुआ है।

जानकारी अनुसार चीनी सेना (पीएलए) के हवाले से बताया जा रहा है कि चीन के रक्षा बजट का ज्यादातर हिस्सा युद्ध में भेजे जाने वाली सेना को तैयार करने में लगाया जाएगा। इसके पीछे जो कारण बताया जा रहा है वह देश और विदेश की चुनौतियों को प्रमुखता प्रदान करने वाला है। दरअसल एनपीसी यानी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के वार्षिक सत्र में पीएलए प्रतिनिधिमंडल के प्रवक्ता वू कियान ने कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हित की रक्षा के लिए रणनीतिक क्षमता में व्यापक सुधार करना प्रमुख लक्ष्य है। वर्तमान में देश जिस स्थिति से गुजर रहा है, उसमें



अस्थिरता और अनिश्चितता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बढ़ा हुआ रक्षा बजट मुख्य रूप से युद्ध के लिए सेना को मजबूत करने के लिए पंचवर्षीय योजना के तहत प्रमुख रणनीतिक परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर खर्च किया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक तकनीक, विज्ञान, रसद, हथियार और उपकरणों पर पैसा लगाया जाएगा। इससे पहले एनपीसी सत्र का शुभारंभ कर रहे प्रधानमंत्री ली कियांग ने कहा था कि सैन्य खर्च 7.2 फीसदी से बढ़ाकर 1.69 ट्रिलियन युआन (यानी 235 अरब अमेरिकी डॉलर) के करीब कर दिया गया है।

यहां वू कियान ने कहा कि पीएलए सीमित बजट को ध्यान में रखकर उच्च दक्षता और कम खपत की अवधारणा को मजबूत करेगा। उन्होंने सब कुछ परिश्रमपूर्वक और मितव्ययिता के साथ करने पर भी जोर दिया है।

लोगों का कहना था कि चीन के रक्षा बजट को लेकर जो बातें की गईं हैं, वे आसामान्य स्थिति खासतौर पर युद्ध काल में की जाती हैं। यही कारण है कि चीन के पड़ोसी और अनबन वाले देशों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ वू कियान ने यह भी कहा कि सेना में बढ़े हुए खर्च का एक अन्य लाभार्थी वैश्विक शांति होगी, जिसमें चीनी कर्मी शांतिरक्षा, नौसैनिक अनुरक्षण और मानवीय बचाव जैसे अंतरराष्ट्रीय अभियानों में हिस्सा लेंगे।

खास बात यह है कि वू ने ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री किए जाने की कड़ी निंदा की है। वू ने इसे गलत हस्तक्षेप कहते हुए विरोध जताया है। इसी के साथ उन्होंने ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति विलियम लाई चिंग-ते को चेतावनी दी है। उन्होंने विलियम लाई से कहा है कि हम शांतिपूर्ण विलय की संभावना के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने और प्रयास करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम ताइवान की आजादी के अलगाववादी कृत्यों के लिए किंचितमात्र भी जगह नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि पीएलए युद्ध प्रशिक्षण और तैयारी को मजबूत करना जारी रखेगा और दृढ़ता से स्वतंत्रता के लिए लड़ेगा और एकीकरण को बढ़ावा देगा।

# नेपाल में एक बार फिर उठी राजशाही की मांग, कहां हैं आखिरी राजा

**काठमांडू (एजेंसी)।** साल 2001 के जून के महीने की पहली तारीख। राजमहल में परिवारिक डिनर का आयोजन किया गया था। शाम ढलते ही दीपेंद्र ने नशा करना आरंभ कर दिया था और रात होते-होते महल का माहौल एकदम से बदल गया जब दीपेंद्र ने हाथों में बंदूक लिए गुस्से में अपने परिवार के लोगों को गोलियों का निशाना बनाने लगा। एक-एक कर राजकुमार दीपेंद्र ने अपने पिता राजा बीरेंद्र, मां ऐश्वर्य समेत नौ लोगों की हत्या कर दी और फिर खुद को भी गोली मार ली। इस सनसीखेज हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। नेपाल की राजधानी काठमांडू के बादमती तट पर चंदन की लकड़ियों में राजा बीरेंद्र वीर विक्रम शाहदेव की चिता सजी थी। इसके साथ ही रानी ऐश्वर्य, राजकुमारी श्रुति, राजकुमार निरंजन और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के शव थे। पूरा नेपाल रो रहा था साथ ही नारे लग रहे थे 'हाम्रो राजा हाम्रो देख प्राण से भन्दा प्यारा छ' यानी की हमारे राजा और हमारा देश हमें जान से भी ज्यादा प्रिय है। फिर बदलते वक्त के साथ साल 2008 में मई के महीने में नेपाल में प्रजातंत्र की घोषणा हुई। जिसके साथ ही दो सौ सालों की राजशाही का भी अंत हो गया। लेकिन वर्तमान समय में काठमांडू में हजारों नेपाली विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, गणतंत्र को खत्म करने की मांग कर रहे हैं, जो स्थायी राजनीतिक अस्थिरता पर बढ़ती निराशा को दर्शाता है, जिसमें 16 वर्षों में 13 सरकारी परिवर्तन देखे गए हैं। नेपाल में राजशाही की वापसी की वकालत करने वाली आवाज़ों का फिर से उभरना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति भावनाओं में बदलाव का संकेत है। देश पर इस प्रवृत्ति के निहितार्थ को देखा जाना बाकी है, क्योंकि यह संभावित रूप से आबादी के कुछ हिस्सों के बीच मौजूदा लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास की कमी का संकेत देता है।





# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुईं दिव्या

दिव्या दत्ता बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। दर्शक उनके अभिनय के दीवाने हैं। लोग आज भी उन्हें फिल्म वीर-जारा और दिल्ली 6 में निभाए गए किरदारों के लिए याद करते हैं। हाल ही में दिव्या दत्ता एक इंटरव्यू के दौरान अपने शुरुआती दिनों को याद करती नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड के दिवंगत कलाकार इरफान खान के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे किए।

दिव्या दत्ता ने लगभग बॉलीवुड के सभी स्टार्स के साथ काम किया है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान इरफान खान के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, इरफान जितने बेहतरीन अभिनेता थे उतने ही बेहतरीन वे इंसान भी थे। उनके साथ मैंने पहली बार फिल्म दुबई रिर्टन में काम किया था। वे जब सेट पर होते थे तब उनके आस-पास का माहौल एकदम बढ़िया होता था। वे कभी सेट पर सीरियस नहीं होते थे। इरफान हमेशा हंसी-मजाक करते रहते थे। दिव्या अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे अच्छी तरह याद है फिल्म हिस्स में एक अंतरंग दृश्य को फिल्माना था। इरफान सेट पर पहले ही पहुंच चुके थे। जब मैं वहां पहुंची तब वे मुझे कहीं दिखाई नहीं दिए। मैंने निर्देशक से उनके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे छत पर हैं। बाद में मुझे पता चला कि वे उस दृश्य को फिल्माने के लिए शर्मा रहे थे। उनके साथ काम करना हमेशा मेरे लिए काफी रोमांचक रहता था। वे मेरे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक थे।

# पृथ्वीराज सुकुमारन की आदुजीविथम के ट्रेलर पर प्रभास ने दी प्रतिक्रिया



साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी अपकमिंग फिल्म आदुजीविथम-द गोट लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन की यह फिल्म आदुजीविथम-द गोट लाइफ बेन्यामिन के नॉवेल आदुजीविथम पर आधारित है, जो एक सच्ची कहानी है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर दर्शकों की भारी प्रतिक्रिया सामने आई हैं। वहीं, अब सुपरस्टार प्रभास ने भी इस ट्रेलर की प्रशंसा की है। दरअसल, फिल्म सलार में प्रभास और सुकुमारन साथ काम कर चुके हैं। शनिवार को पृथ्वीराज की फिल्म आदुजीविथम का ट्रेलर सामने आने के बाद प्रभास ने सलार को-स्टार की जमकर तारीफ की और रिलीज से पहले ही इसे ब्लॉकबस्टर घोषित कर दिया है। प्रभास ने कहा, यकीन नहीं हो रहा कि यह वही व्यक्ति है। सलार स्टार ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की और लिखा, मेरे भाई पृथ्वीराज मुझे यकीन ही नहीं हो रहा कि यह वही व्यक्ति है, जिसने वरदराज मन्नार की भूमिका निभाई है। बधाई हो मैं इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यकीनन एक ब्लॉकबस्टर आने वाले हैं।



# मां ने मुझे अकेले पाला, मैं एक मां का दर्द समझती हूं

पहले दमदार अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'सीरियस मेन' में और फिर उसके बाद बीते साल की नंबर वन हीरोइन आलिया भट्ट के साथ फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अपनी जबर्दस्त अभिनय क्षमता का प्रदर्शन कर चुकी अभिनेत्री इंदिरा तिवारी अपनी अगली फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' के सोमवार को रिलीज हुए गाने वंदे वीरम में बहुत ही मार्मिक चरित्र निभाते नजर आईं। ये पूछे जाने पर कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली में बिताया समय उन्हें फिल्मों में अभिनय करने में कितनी मदद कर रहा है? इंदिरा तिवारी ने कहा, 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में हमें अभिनय की प्रक्रिया को आत्मसात करना सिखाया जाता है। ये सिखाया जाता है कि किसी किरदार की रूह को कैसे अपने शरीर में उतारा जाए और फिर कैसे उसे दर्शकों के सामने जिया जाए। लेकिन, रंगमंच से मेरा नाता उससे पहले भी रहा है। मैं भोपाल के मंचों पर बचपन से अभिनय करती आई हूं और अभिनय अब मेरी जीवनशैली बन चुका है।'

इंदिरा तिवारी को फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' के निर्माता विपुल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन ने फिल्म के गाने वंदे वीरम की लॉन्चिंग पर पहली बार मुंबई मीडिया के सामने सार्वजनिक रूप से पेश किया। संयोगवश इंदिरा की ये मुंबई में पहली प्रेस कांफ्रेंस भी रही। उनकी पहली फिल्म 'सीरियस मेन' कोरोना संक्रमण काल के दौरान रिलीज हुई और दूसरी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में सारी लाइमलाइट आलिया भट्ट पर ही रही। हालांकि, इंदिरा तिवारी का कहना है कि उन्हें लाइमलाइट में रहने से ज्यादा अपने किरदारों के जरिये लोगों के सामने आना अच्छा लगता है।

इंदिरा तिवारी की परवरिश उनकी मां डॉली तिवारी ने अकेले अपने बूते की है। इंदिरा कहती हैं, 'मेरी मां ने एकल अभिभावक के तौर पर हमारी जिस तरह परवरिश की है, उसने मुझे एक मजबूत इंसान बनाने में बहुत मदद की है। मैं बचपन से उन्हें हालात से लड़ते और उन पर जीत हासिल करते देखती रही हूं। वह ऐसी महिला हैं जो किसी भी बेटी के लिए आदर्श हो सकती हैं। उनकी जिंदगी की चुनौतियों से जूझने की क्षमताओं ने मुझे भी जीवन में बहुत मदद की है।'

और, फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' में एक मां का किरदार निभाने में क्या उन्हें अपनी मां के इस जीवट से भी मदद मिली? ये पूछे जाने पर इंदिरा बताती हैं, 'फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की कहानी देश की उन तमाम मांओं की भी कहानी है जिनसे उनके बेटे उनसे छीन लिए गए। हर मां की कोख में जब बच्चा होता है तो वह सोचती है कि मेरा बेटा बड़ा होकर क्या बनेगा, कैसे वह अपने देश की सेवा करेगा, लेकिन उन मांओं की सोचिए, जिनके बेटे छीन लिए गए। वे तो ये भी नहीं समझ पातीं कि उनका बेटा किन हालात में होगा? ऐसी हर मां के जीवट ने मुझे इस फिल्म में रत्ना कश्यप का मेरा किरदार करने में मदद की है।'



# नेपोटिज्म को लेकर अरबाज ने दिया बड़ा बयान

अभिनेता अरबाज खान बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। अरबाज पटकथा लेखक सलीम खान के बेटे और सुपर स्टार सलमान खान के भाई हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे नेपोटिज्म पर खुलकर अपनी राय जाहिर करते दिखे।

## नेपोटिज्म नहीं देता काम की गारंटी

अरबाज खान बॉलीवुड के एक बड़े खानदान से ताल्लुक रखते हैं। उनसे जब ये पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि स्टार किड्स को नेपोटिज्म से फायदा मिलता है। इस सवाल के जवाब में अरबाज कहते हैं, देखिए अगर आपके पिता किसी प्रोफेशन में हैं तो आपके लिए उस क्षेत्र का दरवाजा जरूर खुल जाता है, लेकिन आपको वहां काम अपने टैलेंट से मिलेगा न कि पिता की वजह से। यह बात सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं बल्कि हर जगह लागू होती है।

# निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा की फिल्म में नजर आ सकते हैं अक्षय



अक्षय कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक हैं। 90 के दशक से अब तक वे अपनी अदाकारी से करोड़ों फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। एक्शन फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अक्षय को कॉमेडी में भी महारत हासिल है। हेरा फेरी से लेकर हाउसफुल फ्रेंचाइजी तक, अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने लोगों को खूब गुदगुदाया है। एक नवीनतम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अक्षय जल्द ही एक कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए उनकी फुकरे के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा के साथ बातचीत चल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय ने हाल ही में निर्देशक से मुलाकात की और उन्हें फिल्म का आइडिया काफी पसंद आया। कहा जा रहा है कि निर्देशक फुकरे फ्रेंचाइजी के बाद कुछ और हटके बनाना चाह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में शुरू होगी और इसके अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि फिल्म में और भी कई प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे, जो अपनी अदाकारी से लोगों को हंसाने की कोशिश करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। उनके साथ इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। इसे इस साल ईद के मौके पर रिलीज करने की तैयारी है। इसके अलावा उनके पास जॉली एलएलबी 3, स्काई फोर्स, वेलकम टू द जंगल और हाउसफुल 5 जैसी कई बड़े बजट की फिल्में भी हैं।

# शादी के अफवाहों से परेशान हुईं तापसी



तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। साथ ही साथ उनकी निजी जिंदगी भी इन दिनों चर्चा का सबब बनी हुई है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि जल्द ही तापसी शादी करने जा रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन के दौरान फिल्म के अलावा अपनी शादी के अफवाहों पर बातें करती दिखीं। तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी गोपनीयता बरतती हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि क्या वे शादी करने जा रही हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, देखिए फिलहाल मेरा सारा ध्यान मेरी फिल्मों पर है। जब मैं शादी करूंगी तब सबको बता दूंगी। मैं सच में इस सवाल से परेशान हो गई हूं।

## सही समय पर होगी शादी

तापसी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे समझ में नहीं आता है लोगों को मेरी निजी जिंदगी में इतनी दिलचस्पी क्यों है। मैं सही समय आने पर शादी करुंगी। मुझे इस पर बेवजह बातें करना पसंद नहीं है और एक चीज अभी इन अफवाहों का कोई मतलब नहीं है। अगर आपको यही करना था तो दस साल पहले आप मैथियास और मेरे रिश्तों के बारे में बात करते क्योंकि मैं दस साल से उन्हीं के साथ हूं।

## मैथियास से मिलकर सुरक्षित लगा

तापसी पन्नू मैथियास को पिछले दस वर्षों से जानती हैं। अभिनेत्री ने खुद इस बारे में बातें करते हुए कहा, मैथियास से मिलने के बाद मुझे पता चला कि वे कितने सुलझे और जहीन किस्म के इंसान हैं। मेरे लिए मैच्युरिटी काफी मायने रखती है और मैथियास काफी समझदार इंसान हैं। उनके साथ जब मैं रहती हूं तब मैं काफी शांत और सुरक्षित महसूस करती हूं।

# ओटीटी पर एंट्री की तैयारी में हैं सनी



अभिनेता सनी देओल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2023 की सबसे बड़ी हिट गदर 2 की सफलता के बाद अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। सनी राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लाहौर 1947 में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे। हाल ही में अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म के अलावा अपने ओटीटी डेब्यू पर भी मीडिया से खुलकर बातें करते नजर आए। अभिनेता ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं फिल्मों के अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम करने के लिए तैयार हूं। मुझे वेब सीरीज में काम करने से कोई परेशानी नहीं हैं। अगर मुझे अलग और नया विषय मिले तो मैं जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी आपको दिखूंगा। मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी के दर्शक भी मेरे काम को देखे और सराहे। मैं अब उन विषयों पर काम करना चाहता हूं जिन पर फिल्में नहीं बन सकती हैं। मैं वैसी वेब सीरीज में काम करना चाहता हूं जो मेरी फिल्मों से अलग हों। मेरा चाहता हूं जब दर्शक मुझे ओटीटी पर देखें तब उन्हें लगे कि मैंने कुछ बढ़िया और नया किया है।

# स्वातंत्र्य वीर सावरकर में अंकिता को कास्ट नहीं करना चाहते थे रणदीप



सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 से अंकिता लोखंडे ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। अंकिता बिग बॉस 17 की विजेता तो नहीं बन पाईं, लेकिन अब उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। इन ऑफर्स में टेलीविजन प्रोजेक्ट्स के अलावा फिल्में भी शामिल हैं। अंकिता रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर में नजर आने वाली हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि रणदीप नहीं चाहते थे कि अंकिता इस फिल्म का हिस्सा बने। आइए जानते हैं क्यों। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके सह-कलाकार रणदीप हुड्डा शुरू में नहीं चाहते थे कि वह उनकी आगामी फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर का हिस्सा बनें क्योंकि उन्हें लगता था कि वह पत्नी यमुनाबाई सावरकर की भूमिका निभाने के लिए बहुत यंग हैं। फिल्म में विनायक दामोदर सावरकर बायोपिक में रणदीप भारतीय राजनेता, कार्यकर्ता और लेखक विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अंकिता लोखंडे ने रणदीप हुड्डा की प्रशंसा की है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने कहा, रणदीप हुड्डा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं आपको फिल्म में चाहता हूं, जिस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया, क्यों?। इस पर उन्होंने ऐसा कहा, आप इस किरदार यमुनाबाई सावरकर के लिए बहुत सुंदर हैं। अंकिता ने आगे कहा, प्लीज ऐसा मत कहो। अंकिता ने खुलासा करते हुए बताया, रणदीप ने बहुत शोध किया था, वह इस बारे में इतना निश्चित थे कि वह फिल्म में क्या चाहते हैं। वह यमुनाबाई के बारे में सब कुछ जानते थे। वह एक सफल पुरुष वीर सावरकर के पीछे की सफल महिला थीं। बता दें कि सलमान खान के बिग बॉस 17 के बाद यह अंकिता लोखंडे का पहला प्रोजेक्ट है। बता दें कि सलमान खान के रिएलिटी शो में अभिनेत्री पति विक्की जैन के साथ नजर आई थीं। इस शो में उन्होंने टॉप 4 में अपनी जगह बनाई थी। बिग बॉस 17 में उनकी जर्नी को काफी सराहा गया था।

